दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
वर्ष : 10 अंक : 107 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 10 मई, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2
jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली मंत्रिपरिषद की बैठक

## आमजन की सुरक्षा और जरूरी व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन 24 घंटे रहे मुस्तैद: भजनलाल

### राजस्थानवासियों की बड़ी जिम्मेदारी, अफवाहों से बचें

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मुस्तैद है। उन्होंने न केवल स्थिति के मद्देनजर सरकारी कर्मचारियों की छुट्टी की है बल्कि आपदा राहत तैयारियों की भी समीक्षा की है ताकि जरूरत पड़ने पर उचित कदम उठाया जा सके। बता दें कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर उत्पन्न वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक लेकर प्रशासनिक और आपदा राहत तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रभारी मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों व प्रभारी सचिवों को अपने क्षेत्रों में निरन्तर सम्पर्क बनाए रखने और आवश्यकता के अनुरूप जरूरी संसाधनों की उपलब्धता एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि राजस्थान की लम्बी अन्तरराष्ट्रीय सीमा को देखते हुए प्रदेशवासियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। इसे देखते हुए आमजन सोशल मीडिया पर चलने वाले भ्रामक और अफवाह फैलाने वाली खबरों का प्रसार करने से बचें और सरकार की ओर से जारी अधिकृत सूचनाओं पर ही विश्वास करें। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मंत्रिपरिषद् की बैठक के बाद प्रेस वार्ता में बताया कि मंत्रिपरिषद् की बैठक में आपात



स्थिति के समय उठाए जाने वाले सभी आवश्यक कदमों और उनकी तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से जारी किए गए जरूरी दिशा-निर्देशों की स्थानीय प्रशासन की ओर से आवश्यक पालना करवाए जाने के संबंध में निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने सीमावर्ती जिलों में रिक्त पदों को तुरंत भरने का काम शुरू कर दिया है। बिजली, पेयजल, चिकित्सा व स्वास्थ्य विभागों के साथ उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों के इन जिलों में रिक्त पदों को भरे जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर व श्रीगंगानगर जिलों में 5-5 करोड़ और जोधपुर, हनुमानगढ़ व फलौदी जिलों में 2.5-2.5 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री सहायता कोष के नियमों में शिथिलता प्रदान कर स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि का उपयोग आवश्यकतानुसार राहत व सहायता कार्यों में किया जा सकेगा। साथ ही, आपदा प्रबंधन मद से सभी जिलों में आवश्यक उपकरण इत्यादि उपलब्ध करवाने के लिए 19 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। आरएसी, एसडीआरएफ, बॉर्डर होमगार्ड इत्यादि की अतिरिक्त नफरी सीमावर्ती क्षेत्रों में भेजी जा रही है। पुलिस व प्रशासन को 24 घंटे मुस्तैद रहने के लिए कहा गया है। इन जिलों में अतिरिक्त दमकल और एंबुलेंस की सेवाएं भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जा रहा है। पटेल ने कहा कि बैठक में मुख्यमंत्री ने खाद्यान्न, दवाईयों सहित अन्य जरूरी वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीमावर्ती जिलों में अधिक भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं करने का निर्णय भी किया गया। रात में आवश्यकतानुसार लाइट और सड़क और रेलमार्ग पर मूवमेंट को रोकने और आवश्यकतानुसार ब्लैकआउट को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। रक्तदान शिविर लगाने वाली संस्थाओं और रक्तदान करने वाले नियमित डोनरों को भी सक्रिय किया गया है। जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की गई है कि वे प्रशासनिक निर्देशों और केन्द्र व राज्य सरकार की एडवाइजरी की पालना के लिए आमजन को प्रेरित करें और छोटी से छोटी घटनाओं पर नजर रखते हुए अफवाहों को फैलने से रोकें।

कार्मिक विभाग की समीक्षा बैठक

## पारदर्शिता हमारी गुड गवर्नेंस का केन्द्र बिंदु, भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धः सीएम

### विभागीय जांचों के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को संवेदनशील, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है, अधिकारी- कर्मचारी सरकार के शासन तंत्र की मुख्य धुरी हैं जिनकी जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में अहम भूमिका होती है। ऐसे में कार्मिक पूरे समर्पण भाव व सत्यनिष्ठा से काम करते हुए राज्यहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें ताकि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं को पूरा लाभ मिल सके। शर्मा ने गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर कार्मिक विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए आमजन को गुड गवर्नेन्स देने का कार्य प्राथमिकता से कर रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय जांच के 16 सीसीए, 17 सीसीए सहित 17ए के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो जिससे राजकीय कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में लंबित प्रकरणों की संख्या अधिक है, उनके सचिव ऐसे प्रकरणों की स्वयं प्रति सप्ताह समीक्षा करें। लंबित प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित अवधि में पूरा हो

### कार्मिकों की दक्षता वृद्धि के लिए कराए प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों का अनुशासन व सेवा-भाव राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जाए जिससे उनकी क्षमता में संवर्धन और दक्षता में वृद्धि हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यकतानुसार नियमों में संशोधन कर सुसंगत बनाएं। शर्मा ने कहा कि काम में लापरवाही और अनुशासनात्मक कार्यवाही के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। लंबित प्रकरणों की अधिक संख्या वाले विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण इन प्रकरणों की समीक्षा करें और इनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग ऐसे प्रकरणों की रिपोर्ट नियमित भिजवाएं। साथ ही, मुख्य सचिव के स्तर पर ऐसे लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में कार्मिक विभाग के शासन सचिव ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागों में लंबित जांचों के प्रकरणों की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## पाकिस्तान ने नागरिकों को बनाया ढाल, भारत ने संयम दिखायाः कर्नल सोफिया कुरैशी

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।।** भारत-पाक तनाव के बीच विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने मिलकर पाकिस्तान की उकसावेभरी कार्रवाईयों का खुलासा किया। कर्नल सोफिया ने बताया कि 7 मई की रात 8.30 बजे पाकिस्तान ने भारत पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, लेकिन अपने एयरस्पेस को नागरिक विमानों के लिए बंद नहीं किया। इससे साफ है कि पाकिस्तान ने जानबूझकर नागरिकों को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। कर्नल कुरैशी के मुताबिक 300 से 400 तुर्किये में बने ड्रोन पाकिस्तान ने इस्तेमाल किए। इनका मकसद भारतीय सैन्य ठिकानों की जासूसी और एयर डिफेंस की जानकारी जुटाना था। भारतीय सेना ने अधिकतर ड्रोन मार गिराए, और एक यूएवी को निष्क्रिय कर दिया। पाकिस्तान ने एलओसी पर भारी गोलाबारी की, जिसमें भारतीय जवान घायल हुए। पाकिस्तान की एक यूएवी ने भटिंडा आर्मी स्टेशन को भी टारगेट किया था, जिसे भारतीय वायुसेना ने गिरा दिया। उन्होंने बताया



कि जब पाकिस्तान ने हमला किया, उस वक्त उसके एयरस्पेस में तीन नागरिक विमान उड़ान भर रहे थे। इनमें एक विमान दमम से लाहौर की ओर जा रहा था। इसके विपरीत भारत ने पंजाब सेक्टर में एयरस्पेस नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने पुंछ के एक गुरुद्वारे पर हुए हमले की तस्वीरें भी प्रेस के सामने रखीं। उन्होंने बताया कि हमले में गुरुद्वारे के रागी समेत कई सिख श्रद्धालुओं की मौत हुई, लेकिन पाकिस्तान इसके लिए जिम्मेदारी लेने से इनकार कर रहा है।

## हाई कोर्ट के आदेश की अवमानना से नाराज, सुप्रीम कोर्ट ने डिप्टी कलेक्टर को तहसीलदार बनाने का दिया आदेश

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।।** उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश सरकार के एक अधिकारी को पदावनत करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने वाले डिप्टी कलेक्टर को पदावनत कर तहसीलदार के पद पर नियुक्ति करें। दरअसल उच्च न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में झोपड़ियां न हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी नाराजगी जताई। पीठ ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी, चाहे वो कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो, वह अदालत द्वारा पारित आदेशों का सम्मान करने के लिए बाध्य हैं। पीठ ने कहा कि न्यायालय के आदेश की अवहेलना कानून के शासन की उस नींव पर हमला है, जिस पर हमारा लोकतंत्र आधारित है। पीठ ने कहा कि हालांकि हम नरम रुख अपनाते हैं, लेकिन सभी को यह संदेश दिया जाना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी ऊंचा क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उस



आदेश की पुष्टि की, जिसमें अधिकारी को उच्च न्यायालय के आदेश की जानबूझकर और पूरी तरह से अवज्ञा करने का दोषी पाया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारी को दो महीने जेल की सजा सुनाने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को संशोधित किया। पीठ ने कहा कि हम सजा को संशोधित कर रहे हैं और याचिकाकर्ता को उसकी सेवा के पदानुक्रम में एक स्तर की कमी करने की सजा सुनाई जाती है। गौरतलब है कि जिस अधिकारी को पदावनत करने का आदेश दिया गया है, उन्हें साल 2023 में तहसीलदार पद से ही डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति दी गई थी। पीठ ने अधिकारी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने का भी आदेश दिया है। न्यायमूर्ति गवई ने आदेश देते हुए कहा कि 'हम चाहते हैं कि पूरे देश में यह संदेश जाए कि अदालत के आदेश की अवमानना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## हाई अलर्ट पर बीकानेर, उड़ानें रद्द



जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।।** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की ओर से की गई एयर स्ट्राइक के बाद पश्चिमी सीमा पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान की ओर से टैंकों की मूवमेंट देखी गई है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर बढ़ रही है। सुरक्षा बल पूरी तरह से सतर्क हैं। प्रशासन ने सरहदी इलाकों के निवासियों से किसी भी परिस्थिति में लाइट ऑन न करने की अपील की है। बीकानेर के सीमावर्ती क्षेत्रों में पिछले कई घंटों से बिजली आपूर्ति बंद रखी गई है, जिससे अंधेरे में रहकर रणनीतिक तैयारी को गुप्त रखा जा सके। एयर स्ट्राइक के बाद केंद्र सरकार ने एहतियातन कदम उठाते हुए बॉर्डर से सटे 18 एयर पोर्ट्स पर उड़ानों का संचालन अस्थाई रूप से बंद कर दिया है। बीकानेर एयरपोर्ट भी इस सूची में शामिल है। बीकानेर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो और एलायंस एयर की सभी फ्लाइट्स 9 मई तक रद्द कर दी गई हैं। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार आम नागरिकों का एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। मंगलवार रात से ही एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। एयर लाइंस की ओर से यात्रियों को टिकट रद्द होने की सूचना भेजी जा रही है और रिफंड प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और स्थिति सामान्य होने के बाद ही उड़ानों का संचालन पुनः शुरू किया जाएगा।

## तबादलों से बैन हटाया, सीमावर्ती जिलों में खाली पदों पर तुरंत लगाए अफसर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/जोधपुर(कासं.)।।** पाकिस्तान से सटे राज्य होने की वजह से राजस्थान इस वक्त हाई अलर्ट पर है। गुरुवार देर शाम यहां जैसलमेर, गंगानगर पर पाकिस्तान ने मिसाइल और ड्रोन अटैक किया, जिसे हमारे डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। वहीं राज्य सरकार ने आपदा की स्थिति को देखते हुए सीमावर्ती जिले गंगानगर, जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर और जैसलमेर में विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने के लिए देर रात ट्रांसफर से बैन हटाकर तत्काल तबादला



सूची जारी कर दी। इसमें यहां स्थानीय प्रशासन चलाने के लिए नगर परिषदों में आयुक्त से लेकर अधिशासी अभियंता तथा जिला प्रशासन में आरएएस अफसरों की तैनाती की गई है। तबादला सूची जारी कर इन अफसरों को तुरंत ज्वाइनिंग कर पालना रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। इधर सीएम भजनलाल शर्मा भी लगातार सीमावर्ती जिलों की स्थिति पर निगरानी रखे हुए हैं। इसके लिए वे देर रात तक सीएमओ में रहे। यहां उनके साथ मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह-आनंद कुमार सहित पुलिस के तमाम बड़े अधिकारी भी मौजूद रहे। देर रात बैठक के बाद जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर के एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने एसडीआरफ की यूनिट्स को सीमावर्ती क्षेत्रों में भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही श्री गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर के लिए 5 करोड़ रुपए और फलौदी, जोधपुर एवं हनुमानगढ़ के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता जारी करने के निर्देश दिए हैं, जिससे ये जिले आपातकालीन स्थिति में आवश्यक उपकरण एवं सेवाएं नियोजित कर सकेंगे। वहीं सीमावर्ती जिलों में खाद्यान्न, चिकित्सा, पानी, बिजली, पुलिस एवं प्रशासनिक आदि सेवाओं से संबंधित रिक्त पदों को तुरंत भरने के लिए देर रात तबादला सूची जारी कर अफसरों को तुरंत ज्वाइनिंग करने के लिए कहा गया है।

भारत-पाक तनाव चरम पर पहुंचा

# देश में हाई अलर्ट, उरी-पुंछ में पाक ने की फायरिंग

### मोदी ने तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों से की बैठक

### तेल कंपनियों ने कहाः पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के उरी और पुंछ सेक्टरों में शुक्रवार शाम पाकिस्तान की ओर से भारी गोलीबारी की गई, जिससे सीमा पर हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। नियंत्रण रेखा पर



लगातार तीसरे दिन फायरिंग हो रही है। इन हमलों में अब तक 17 नागरिकों की मौत हो चुकी है, जिनमें 5 बच्चे शामिल हैं। कई मकान और वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। हालात युद्ध जैसे बनते जा रहे हैं, जिससे देशभर में सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है।

### चंडीगढ़ और अंबाला में हवाई हमले की चेतावनी

पाकिस्तान की हरकतों के बाद पंजाब, हरियाणा और जम्मू क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी किया गया है। चंडीगढ़, जहां सेना की वेस्टर्न कमांड और एनआईए का कार्यालय स्थित है, वहां हवाई हमले की चेतावनी दी गई है। इसी तरह अंबाला, जहां एयरफोर्स स्टेशन मौजूद है, वहां भी सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने वर्तमान हालात की समीक्षा की और पूर्व सैन्य अधिकारियों से रणनीतिक सुझाव लिए। यह बैठक इस बात का संकेत है कि सरकार हर विकल्प पर गंभीरता से विचार कर रही है। भारत-पाक तनाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने कुछ त्वरित निर्णय लिए हैं। एक सरकारी नोटिफिकेशन के तहत सेना प्रमुखों को यह अधिकार दिया गया है कि वे आवश्यकता पड़ने पर टेरिटोरियल आर्मी के जवानों और अफसरों को तैनात कर सकते हैं। टेरिटोरियल आर्मी एक अर्धसैनिक बल है, जो विशेष परिस्थितियों में सेना की सहायता करता है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 'इमरजेंसी पावर' का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। इसका उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और सीडीएस अनिल चौहान ने हालात की जानकारी दी। गृह मंत्री अमित शाह ने भी बीएसएफ और सीआईएसएफ के अधिकारियों के साथ बैठक कर बॉर्डर सिक्योरिटी और एयरपोर्ट्स की तैयारियों का जायजा लिया।

### नर्सेज सप्ताह का चतुर्थ दिवसः नर्सिंग स्टूडेंट्स को सीपीआर में किया दक्ष, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने को तैयार



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेज सप्ताह के चतुर्थ दिवस राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय तिजारा द्वारा सीपीआर पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य राजपाल सिंह यादव ने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की अलवर ब्रांच द्वारा डॉ. कुमुद गुप्ता व समन्यवक गिरीश गुप्ता के नेतृत्व में सीपीआर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी के गिरीश गुप्ता ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा स्टूडेंट्स को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात डॉ. कुमुद गुप्ता द्वारा नर्सिंग स्टूडेंट्स व फैकल्टी को सीपीआर की हैंड्स ऑन ट्रेनिग प्रदान की गई तथा नर्सिंग स्टूडेंट्स ने भी डमी पर रिडेमोन्सट्रशन किया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति डॉ. सुनील चौहान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए इस तरह की ट्रेनिग आवश्यक है तथा परिवार में अन्य सदस्यों को भी सीपीआर ट्रेनिग से अवगत कराने की अपील की। प्रतियोगिता कोर्डिनेटर मनोज सिंह ने आभार व्यक्त किया तथा संचालन मुकेश मीना ने किया। शनिवार को कार्यक्रम का समापन होगा। इस अवसर पर राजकुमार यादव, बनवारी लाल, प्रियंका साईवाल, रेणु यादव, प्रेमलता मीना, पूरण चन्द गुप्ता, उमेश कुमार, असमीना सहित स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

## धार्मिक आस्था और देश भक्ति का अद्भुत संगम

### श्री दुर्लभ नाथ महाराज आश्रम ने फौज के समर्थन में दिए 2 लाख



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** कतोपुर, तहसील कोटकासिम स्थित श्री श्री 1008 श्री दुर्लभ नाथ महाराज आश्रम ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए देश की सुरक्षा में तैनात हमारे वीर जवानों के लिए हौसला अफज़ाई स्वरूप अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट को चेक प्रदान कर 2,00,000 की राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान की है। यह योगदान न केवल आश्रम की सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रभक्ति की भावना को दर्शाता है, बल्कि समाज के अन्य संस्थानों और नागरिकों के लिए भी एक प्रेरणा है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने आश्रम के इस प्रयास की सराहना कि। श्री दुर्लभ नाथ महाराज ने बताया कि यह दान मातृभूमि की सेवा में जुटे सैनिकों के प्रति सम्मान और आभार की भावना से किया गया है। इस अवसर पर महाराज ने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रसेवा और समाज कल्याण में भागीदारी निभाएं। "धर्म केवल पूजा-पाठ नहीं, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाना भी है," - इस भावना को श्री दुर्लभ नाथ महाराज आश्रम ने अपनी उदारता से जीवंत कर दिखाया है।

## जनसुनवाई शिविर हुआ आयोजित



जयपुर टाइम्स

**उमरैण(निसं.)।** अटल जन सेवा शिविर मुख्यालय प.स. उमरैण में उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर की अध्यक्षता में जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। आमजन-जीवन से जुडी समस्याओं के निराकरण हेतु लगाये गये उक्त शिविर मे उपखण्ड स्तरीय समस्त अधिकारीगण / कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा विभिन्न विभागों से सम्बन्धित कुल 09 परिवेदनाएँ प्राप्त हुई। जिनमे से 07 परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष 02 प्रकरणों को सम्बन्धित विभागो हेतु आगामी जनसुनवाई से पूर्व निस्तारण हेतु अग्रेषित किया गया।

### राजस्व विभाग के अधिकारियों की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

# जिले के सभी कार्मिकों की छुट्टियां निरस्त एवं मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश - जिला कलेक्टर



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** शुक्रवार को जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में राजस्व विभाग के अधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने आगामी मानसून की तैयारी एवं आपात स्थिति में पुख्ता इंतजाम करने हेतु सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जिले में चलाए जा रहे रास्ता खोलो अभियान की प्रगति की जानकारी लेकर सभी अधिकारियों को जिले में अतिक्रमण के प्रकरण, अवरूद्ध रास्तों को खोलना, नामान्तरण के प्रकरण, सहमति बंटवारा एवं सीमाज्ञान के प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया ताकि फरियादियों को बार-बार जिला मुख्यालय न आना पड़े। उन्होंने कहा की स्थानीय समस्याओं जैसे खराब सड़क, पानी की समस्या सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को जिला स्तर पर अवगत करायें ताकि समय से आमजन को आ रही समस्याओं से निजात दिला सके। उन्होंने अधिकारियों को जमीन आवंटन से संबंधित प्रकरणों को अपने स्तर से निस्तारित करने के निर्देश ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। जिला कलेक्टर ने आगामी मानसून के लिए आवश्यक तैयारी हेतु सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बारिश के पानी को सड़कों पर ना बहने देने की व्यवस्था में अभी से ही प्राकृतिक स्रोत जैसे तालाब जोहड़ आदि कि साफ-सफाई एवं गाद निकाल के निर्देश दिए ताकि पानी को इन स्रोतों में इकट्ठा किया जा सके जिससे जिले का भूजल स्तर भी बढ़ेगा। भिवाड़ी की जल भराव समस्या को देखते हुए भी जिला कलेक्टर ने नगर परिषद भिवाड़ी तथा स्थानीय प्रशासन को इकट्ठा वर्षा जल को निकालने के लिए प्लान तैयार करने तथा तैयार किए प्लान के अनुसार भरे हुए पानी को जल्द से जल्द पंपसेट के माध्यम से निकाल रास्ते को सुचारु किया जाए ताकि भिवाड़ी में जल भराव ना हो। उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु में आमजन के डूबने जैसी अप्रिय घटनाओं की रोकथाम हेतु गांव में अच्छे गोताखोरों को चिन्हित कर लिस्ट तैयार की जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्यवाही की जा सके। उन्होंने मानसून के समय बिजली पोल पर झाड़/बेल आदि को हटाने के निर्देश दिए ताकि कोई दुर्घटना घटित ना हो। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जर्जर भवन चिन्हित कर उनकी रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए की समस्त अस्पतालों में सभी प्रकार की आवश्यक दवा उपलब्ध रहे, डाक्टर मय स्टाफ उपस्थित रहे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए की सोशल मीडिया पर पूर्ण निगरानी रखें तथा देश के विरुद्ध भड़काऊ पोस्ट अथवा सामग्री पर तुरन्त कानूनी कार्रवाई करें जिससे कि प्रदेश में माहौल खराब न हो। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग सुनिश्चित करेगा कि पेयजल की पूर्ण व्यवस्था आमजन के लिए उपलब्ध हो। उन्होंने निर्देश दिए की जिलों में अति संवेदनशील स्थलों की सूची को अपडेट कर उसमें अस्पताल, गैस के डिपो/पाइपलाइन, धार्मिक स्थल की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की जाए। जिलों में अग्निशमन सेवाओं को एक्टिव मोड पर रखा जाए। जिले में संचार सेवाओं को सुचारू रखा जावे तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर्याप्त संख्या में चालू स्थिति में उपलब्ध रहे। आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेशनल कैडेट कोर की भागीदारी सुनिश्चित की जावे। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों और कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अवकाश स्वीकृतियाँ तत्काल प्रभाव से रद्द करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, मुख्यालय छोड़ने पर भी पूर्णतः रोक लगाने के निर्देश देकर जो अधिकारी या कर्मचारी वर्तमान में अवकाश पर हैं, उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्रातिशीघ्र अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया गया है कि बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अवकाश नहीं ले और न ही मुख्यालय छोड़े। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर खैरथल शिवपाल जाट, उपखंड अधिकारी तिजारा संजीव वर्मा, उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, उपखंड अधिकारी कोटकासिम रेखा यादव जिले के सभी तहसीलदार सहित पुलिस एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जवानों के पराक्रम से देश महफूज- प्रेम सिंह बाजौर

### शहीद जितेन्द्र सिंह तंवर की प्रतिमा का हुआ अनावरण



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने शहीद स्मारक नवलपुरा मोरोडकलां में पहुंचकर शहीद जितेन्द्र सिंह तंवर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान भारत माता की जय एवं शहीद जितेन्द्र सिंह तंवर जिन्दाबाद रहे के गगनभेदी नारे आमजन ने लगाए। बाजौर ने शहीद जितेन्द्र सिंह तंवर को नमन करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जाबाज सैनिकों के पराक्रम के बल पर हम आज खुले आसमान में चेन की सांस ले पा रहे हैं। उन्होंनें शहीदों का दर्जा देवताओं से ऊपर बताते हुए कहा कि शहीद पूरे देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिस प्रकार सीमा पर तनाव है उसमें हमारे देश के जबाज सैनिक अपने पराक्रम के बल पर दुश्मन को नाको चने चबवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीद के परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि देश सेवा के लिए अनुशासित जीवन शैली अपनाए। उन्होंने कहा कि शहीद जितेन्द्र सिंह तंवर की प्रतिमा युवाओं को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देती रहेगी। राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगीलाल मीणा ने कहा कि शहीद जितेन्द्र सिंह तंवर का जीवन युवाओं को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। सरस डेयरी के पूर्व चैयरमेन बन्नाराम मीणा ने भी अपने विचार रखे ओर शहीद को नमन किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने शहीद जितेन्द्र सिंह तंवर की माता सरोज देवी एवं परिजनों तथा जिले के विभिन्न स्थानों से आए हुए शहीदों की वीरांगनाओं का शॉल ओढाकर सम्मान किया। इस दौरान पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर, करणी सेना अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना व श्रीकान्त सदावत ने शहीद के जीवन एवं वर्तमान परिस्थितियों पर प्रकाश डाला। मंच संचालन शिक्षाविद् रेणु मिश्रा ने किया। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन रणजीत सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ तेजपाल सिंह, गोरधन सिंह सिसोदिया, बिजेन्द्र सिंह बबेली सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम एवं पीएम जेवीके की समीक्षा बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम एवं पीएमजेवीके की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। एडीएम शहर महावर ने प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम एवं पीएमजेवीके की समीक्षा कर अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं अल्पसंख्यक अधिकारी को निर्देश दिये कि आपसी समन्वय स्थापित कर सभी पात्र मदरसों में मिड डे मील के तहत बच्चों को नियमित रूप से भोजन उपलब्ध करावे। साथ ही निर्देश दिये कि अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु संचालित सरकार की जनहितैषी योजनाओं से अल्पसंख्यकों को जागरूक कर पात्र व्यक्ति को लाभांवित करावे। उन्होंने अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में नवीन निर्माण कार्यों हेतु चिकित्सा विभाग द्वारा महिला शिशु चिकित्सालय रामगढ एवं गोविन्दगढ के भवन निर्माण एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समसा द्वारा 18 विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, साइंस लैब, शौचालय, आर्ट एवं क्राफ्ट रूप आदि के निर्माण हेतु प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने पीएमजेवीके योजना की समीक्षा कर निर्देश दिये कि योजना के तहत राजकीय महाविद्यालय लक्ष्मणगढ एवं मालाखेडा, राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय रामगढ के प्रगतिरत निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समयबद्ध रूप में पूर्ण करावे तथा स्वीकृत कार्यों की आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर प्रारम्भ करावे । बैठक में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीक्षण अभियंता भूरी सिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, एडीपीसी मनोज शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक डॉ. पूनम, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सीमा कुमारी, एलडीएम बाबूलाल पालरिया, आईसीडीएस के उपनिदेशक महेश चंद्र गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई शिविर हुआ आयोजित

जयपुर टाइम्स




**उमरैण(निसं.)।** अटल जन सेवा शिविर मुख्यालय प.स. उमरैण में उपखण्ड अधिकारी अलवर यषार्थ शेखर की अध्यक्षता में जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। आमजन-जीवन से जुडी समस्याओं के निराकरण हेतु लगाये गये उक्त शिविर मे उपखण्ड स्तरीय समस्त अधिकारीगण / कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा विभिन्न विभागों से सम्बन्धित कुल 09 परिवेदनाएँ प्राप्त हुई। जिनमे से 07 परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष 02 प्रकरणों को सम्बन्धित विभागो हेतु आगामी जनसुनवाई से पूर्व निस्तारण हेतु अग्रेषित किया गया।

### एडिप योजना के तहत 42 दिव्यांगजनों को किए गए निशुल्क सहायक उपकरण वितरित



**अलवर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा गुरुवार को केंद्र सरकार की एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरण हेतु राजगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत ढिगावडा में शिविर आयोजित किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि शिविर में 42 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड बैटरी ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग ऐड, स्मार्ट केन, ब्लाइंड स्टिक, बैसाखी इत्यादि उपकरण वितरित किए गए। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी हरकेश मीणा, तहसीलदार बी.पी सिंह नरूका, एलिको जयपुर से ललित कुमार, कमलेश मीणा, सीमा मीणा, कालूराम मीणा एवं राजेश मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने ली हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा बैठक

### अभियान के तहत जिले में 30 लाख से अधिक पौधे लगाने का दिया लक्ष्य

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने हरियालो राजस्थान अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी दिए गए लक्ष्य को जन सहभागिता से निर्धारित समयसीमा में अर्जित करें तथा पौधे लगाने के बाद उनकी नियमित देखभाल करना सुनिश्चित करावें। जिला कलक्टर ने जिले में वर्षा ऋतु के दौरान हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले में 30 लाख से अधिक पौधे लगाने का विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य देते हुए कहा कि पौधारोपण न केवल राजकीय दायित्व है बल्कि पर्यावरण एवं समाज के प्रति हम सबकी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने निर्देश दिये कि पौधारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु विभागीय अधिकारी जनसहभागिता से अभियान की क्रियान्वित करावे। उन्होंने पौधारोपण अभियान के तहत विभागवार लक्ष्य निर्धारित किए जिसके तहत शिक्षा विभाग को 13 लाख 60 हजार, पंचायती राज विभाग को 9 लाख 60 हजार, वन विभाग को करीब 4 लाख, यूआईटी को 2 लाख, रीको को 2 लाख कम्पनियों के माध्यम से एवं 65 हजार खुद के क्षेत्र में कराने, विद्युत विभाग को 1 लाख 80 हजार, नगर निगम व नगरीय निकायों एवं प्रदूषण नियंत्रण मंडल को 1.50-1.50 लाख, कृषि विभाग, पीडब्ल्यूडी, खनि विभाग को 1-1 लाख तथा अन्य विभागों को करीब एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया।

**अभियान के तहत बनेगा ऑक्सीजन पार्क**

जिला कलक्टर ने डीएफओ, यूआईटी एवं रीको के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के आसपास सीएसआर फण्ड से एक ऑक्सीजन पार्क विकसित करावे इसके लिए भूमि को चिन्हित करें। उन्होंने रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देश दिये कि औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहित कर उनके सीएसआर फण्ड से चिन्हित ऑक्सीजन पार्क में पौधारोपण कराकर विकसित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि संबंधित विभाग पौधारोपण कराने के साथ-साथ खुदवाए गए गड्ढे व लगाए गए पौधे की दो अलग-अलग फोटो की जियो टैगिंग कराकर हरियालो राजस्थान के एप पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही सुनिश्चित करें कि लगाए जाने वाले पौधे जीवित रहे इसके लिए उनकी सुरक्षा एवं सार-संभाल नियमित रूप से करे। बैठक में उप वन संरक्षक अलवर राजेन्द्र हुड्डा एवं उप वन संरक्षक सरिस्का अभिमन्यु सहारण, एडीएम शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ तेजपाल सिंह, आरटीओ सतीश चौधरी, सीडीईओ महेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परवेश सक्सेना, जीएम डीआईसी एम.आर मीना, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीना, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आमजन में जागरुकता एवं आपदा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण के हर संभव प्रयास हो सुनिश्चित

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

### नागरिक सुरक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ आपदा प्रबंधन के मुद्दों पर की चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शुक्रवार को नागरिक सुरक्षा विभाग के चीफ वार्डन, डिप्टी चीफ वार्डन, डिविजनल वार्डन, डिप्टी डिवीजनल वार्डन की बैठक ली। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को वर्तमान हालातों के मद्देनजर आमजन में जागरुकता एवं आपदा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण के हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।



जिला कलक्टर ने नागरिक सुरक्षा विभाग के पदाधिकारियों को सक्षम जयपुर अभियान के तहत जयपुर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों, संघ-संगठन के मुख्यालयों सहित अन्य स्थानों पर नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आपातकाल के समय आपदा प्रबंधन एवं बचाव की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की मुहिम चलाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने क्षेत्र के भामाशाहों को प्रेरित कर जन सहयोग से अधिक से अधिक संख्या में सायरन स्थापित करने की भी अपील की। बैठक में जिला कलक्टर ने नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा जनप्रतिनिधियों, संघों-संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक नागरिक को आपातकालीन सुरक्षा उपायों का बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान करने एवं ब्लैक आउट जैसी स्थिति में 'क्या करें, क्या ना करें' गाइडलाइन की जानकारी देने एवं गाइडलाइन की पालना के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। जिला कलक्टर ने पदाधिकारियों को अपने डिवीजन में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को क्षेत्र के अस्पतालों, ब्लड बैंकों, रक्तदाताओं, सुरक्षित स्थानों सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की सूची बनाने एवं उनकी उपलब्धता बनाने रखने के निर्देश दिये। उन्होंने एयर स्ट्राइक जैसी आपदा के दौरान सायरन की आवाज के अधिक से अधिक नागरिकों को सतर्क करने के लिए मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों सहित अन्य सभी भवनों जहां ध्वनि प्रसारण यंत्रों की उपलब्धता हो वहां से सायरन की ध्वनि का प्रसारण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार मीणा, नागरिक सुरक्षा विभाग के उप नियंत्रक अमित शर्मा, नागरिक सुरक्षा विशेषज्ञ फूलचंद चौधरी सहित चीफ वार्डन, डिप्टी चीफ वार्डन, डिविजनल वार्डन, डिप्टी डिवीजनल वार्डन मौजूद रहे।

## जयपुर मेट्रो को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस अलर्ट पर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर मेट्रो को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। शुक्रवार को जयपुर मेट्रो की मेल आईडी पर एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता के बाद मेट्रो स्टेशन और ट्रेन को उड़ाने की बात कही गई। ईमेल मिलते ही पुलिस और मेट्रो प्रशासन सतर्क हो गए। डीसीपी मेट्रो सुशील कुमार ने बताया कि दोपहर बाद ईमेल प्राप्त हुआ था, जिसमें मेट्रो स्टेशनों को निशाना बनाने की बात कही गई। इसके तुरंत बाद बड़ी चौपड़ से मानसरोवर तक मेट्रो स्टेशनों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। हर स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और संदिग्ध वस्तुओं की तलाश के लिए डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्तों को लगाया गया है। हालांकि इस धमकी का मेट्रो संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है। मेट्रो की सभी सेवाएं पूर्ववत जारी हैं। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैग्स की चेकिंग और यात्रियों की स्कैनिंग बढ़ा दी गई है। फिलहाल पुलिस साइबर टीम ईमेल की जांच कर रही है और पता लगाया जा रहा है कि यह मेल कहां से और किसने भेजा है। पुलिस का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और नागरिकों से अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग करें।

## राज्यपाल ने बालिकाओं को बताया राष्ट्र का गौरव, प्रेरणास्रोत बनें कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका जैसी

### माहेश्वरी पब्लिक स्कूल (इंटरनेशनल) के वार्षिक समारोह 'मुस्कान' में हुआ संबोधन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को माहेश्वरी पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक समारोह 'मुस्कान' में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बालिकाओं को राष्ट्र का गौरव बताया और उनसे आह्वान किया कि वे कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जैसे सैन्य अधिकारी बनकर देश का मान बढ़ाएं। राज्यपाल ने कहा कि देश की बेटियों में अपार सामर्थ्य है, उन्हें प्रारंभ से ही राष्ट्रभक्ति और संस्कारों की शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों को केवल शिक्षा देने का माध्यम नहीं बल्कि संस्कार निर्माण की पाठशाला बताया। बागडे ने अपने संबोधन में प्राचीन भारतीय वैज्ञानिकों आर्यभट्ट और भास्कराचार्य का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने विश्व को गुरुत्वाकर्षण और खगोलशास्त्र का वास्तविक ज्ञान दिया। उन्होंने नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि यह नीति भारतीयता से ओतप्रोत है और विद्यार्थियों की बौद्धिक व चारित्रिक क्षमता के विकास को ध्यान में रखकर बनाई गई है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद जिस प्रकार भारत का झंडा बदला गया, उसी प्रकार शिक्षा नीति को भी तभी बदला जाना चाहिए था ताकि औपनिवेशिक सोच से मुक्ति मिल सके। अब नई शिक्षा नीति इस दिशा में सार्थक कदम है। राज्यपाल ने मंच से बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और राष्ट्र के लिए समर्पित बनने की प्रेरणा दी। समारोह में उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित भी किया। समारोह में स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की विविधता और सांस्कृतिक गरिमा का प्रभावी प्रदर्शन किया।



## कांग्रेस नेता के घर के बाहर से स्कार्पियो चोरी

### वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुरलीपुरा प्रताप नगर विस्तार वैध जी चौराहा में उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर के निवास से बुधवार सुबह स्कार्पियो गाडी चोरी हो गयी वारदात पडोस मकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। डागर ने बताया कि मैं रात करीब 11 बजे घर के बाहर गाडी खड़ी कर सोने चला गया इस दौरान सुबह करीब 3 बजकर 38 मिनट पर गाडी देखी तो गाडी नहीं मिली इसके बाद मैंने तत्काल पुलिस कंट्रोल रुम 100 नम्बर पर काँल किया मगर काँल नही मिलने पर स्थानीय थाना मुरलीपुरा पुलिस को सुचना दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुँचकर घटना स्थल का मौका मुआयना किया इस घटना की थाने में लिखित में रिपोर्ट दर्ज करवा दी है। अभी तक गाडी का कोई सुराग नहीं लगा है।

## पोकरण में फिर पाकिस्तानी ड्रोन हमलाः एयर डिफेंस ने गिराए, जोधपुर समेत बॉर्डर जिलों में ब्लैकआउट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/जैसलमेर (निसं.)**जैसलमेर के पोकरण क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से एक बार फिर ड्रोन हमले किए गए। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए इन ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब 7 और 8 मई की रात को भी राजस्थान के पांच सैन्य ठिकानों पर पाकिस्तान ने मिसाइल और ड्रोन से हमले की कोशिश की थी, जिसे नाकाम किया गया था। ताजा हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। जैसलमेर, बाड़मेर, फलोदी, श्रीगंगानगर और जोधपुर जैसे बॉर्डर जिलों में रातभर ब्लैकआउट किया गया। ब्लैकआउट के दौरान नागरिकों को निर्देश दिए गए कि घरों में बाहर की लाइटें बंद रखें और मीटर को ढक दें। जैसलमेर में लोगों ने मीटर पर कपड़े और टेप लगाकर लाइट को पूरी तरह ढक दिया। हालात को देखते हुए राजस्थान हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी ने 15 मई से शुरू होने वाली MBBS और नर्सिंग परीक्षाएं अगली सूचना तक स्थगित कर दी हैं। वहीं जोधपुर एयरपोर्ट 14 मई तक और किशनगढ़ एयरपोर्ट 15 मई सुबह 5.29 बजे तक बंद रहेगा।

## नागरिक सुरक्षा एवं आपदा राहत नियंत्रण कक्ष के बेहतर संचालन के लिए तीन टीमों का किया गया गठन




### राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी किया गया नियुक्त

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आदेश किये जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वर्तमान परिप्रेक्ष्य के मध्यनजर जिला मुख्यालय पर नागरिक सुरक्षा एवं आपदा राहत नियंत्रण कक्ष के बेहतर संचालन के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने तीन पारियों में नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए आदेश जारी किये हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार मीणा ने बताया कि तीनों पारियों के लिए गठित टीमों का प्रभारी अधिकारी के रूप में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। प्रथम पारी (प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक) का प्रभारी अधिकारी उपखंड अधिकारी जयपुर दक्षिण अरुण शर्मा (मोबाइल नंबर-9928848960), द्वितीय पारी (दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक) का प्रभारी अधिकारी उपखंड अधिकारी जयपुर उत्तर दीपक खटाना (मोबाइल नंबर-9882255365), तृतीय पारी (रात 8 बजे तक से प्रातः 6 बजे तक) का प्रभारी अधिकारी सहायक कलक्टर, आमेर लक्ष्मीनारायण बुनकर (मोबाइल नंबर-8302775785)को नियुक्त किया गया है। मीणा ने बताया कि समस्त पारी प्रभारी अधिकारियों को नियंत्रण कक्ष में उपस्थित रहकर पर्यवेक्षण का कार्य करने एवं उच्चाधिकारियों के साथ प्राप्त सूचनाओं के आदान-प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## सुमेरपुर में चार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्धाटन, कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने किया संबोधित

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(पाली)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुमेरपुर क्षेत्र में चार नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर-हॉस्पिटल की स्थापना की गई है। इनका उद्धाटन आज एक भव्य समारोह में किया गया। यह मंदिर बाणमाता क्षेत्र, आदर्श कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड और जाखामाता मंदिर क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। उद्धाटन समारोह को संबोधित करते हुए राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मानव सेवा को परम धर्म माना गया है। उन्होंने कहा कि जब हमें किसी की सेवा का अवसर मिले, तो उसे सकारात्मक रूप से स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि यह हमें जीवन के परम सत्य की ओर ले जाता है। कुमावत ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से आग्रह किया कि वे सेवा को एक मिशन मानकर दुखी व जरूरतमंद लोगों के जीवन में मुस्कान लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ये आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ सामाजिक समर्पण का प्रतीक भी बनेंगे। साथ ही, उन्होंने उपस्थितजनों से प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करने की अपील भी की। समारोह के समापन पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चुंडावत ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का आभार जताते हुए कहा कि सभी की उपस्थिति से यह आयोजन सफल हुआ। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये नए केंद्र क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक होंगे। इस अवसर पर नगरीय कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र, ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद गिरी, नर्सिंग ऑफिसर अशोक माली, हरीश, हेमंत, पूजा, हिना, सलीम, लादेश, संदीप, तरुण, ललित, कविता, हितेश, छाया, सुमित्रा, आशा सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना को मिले सुगम परिवहन, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने राज्य के सीमावर्ती जिलों में उत्पन्न तनावपूर्ण हालातों को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन विभाग को सैन्य आवागमन में पूर्ण लॉजिस्टिक सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और ऐसे में भारतीय सेना एवं अर्द्ध सैनिक बलों के मूवमेंट में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। शुक्रवार को शासन सचिवालय में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री बैरवा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपदा प्रबंधन की दृष्टि से सभी आवश्यक संसाधनों की पूर्व तैयारी रखी जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार सीमावर्ती जिलों को लेकर सुरक्षा निर्देश जारी कर रहे हैं और उसी के तहत परिवहन विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैरवा ने कहा कि रोडवेज द्वारा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सेवा के लिए बसों को रिजर्व रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सेना और अर्द्ध सैनिक बलों के मूवमेंट हेतु वाहनों, ड्राइवरों और रूट प्लानिंग जैसे विषयों में प्रशासन को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया कि आपदा या संकट की स्थिति में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सीमावर्ती जिलों में रोडवेज से जुड़े रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति को प्राथमिकता दी जाए और संबंधित विभाग त्वरित कार्रवाई करें। बैठक के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन इकाइयों एवं सुरक्षा बलों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक लॉजिस्टिक सहयोग समय पर उपलब्ध हो, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई संभव हो सके।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कांग्रेस ने निकाली 'जय हिन्द यात्रा', सेना के शौर्य को दी सलामी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** देश में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या के विरुद्ध भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को राजधानी जयपुर में 'जय हिन्द यात्रा' का आयोजन किया। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को सम्मान देना और सशस्त्र बलों के मनोबल को प्रोत्साहित करना था। यह यात्रा कांग्रेस मुख्यालय, इंदिरा गांधी भवन से शुरू होकर शहीद स्मारक तक निकाली गई। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारी, निगम-बोर्डों के पूर्व अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी, सेवादल कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कांग्रेसजनों ने आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा की गई कार्रवाई को साहसिक, निर्णायक और राष्ट्रहित में उठाया गया कदम बताया। इस दौरान शहीद स्मारक पहुंचकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सेना को सम्मानपूर्वक सलामी दी और शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर कांग्रेस सेवादल ने गार्ड ऑफ ऑनर के माध्यम से विधिवत श्रद्धांजलि दी, जिससे माहौल देशभक्ति और गौरव से भर गया। कार्यक्रम के दौरान "जय हिन्द", "भारत माता की जय", "सेना अमर रहे" जैसे नारों से शहर गूंज उठा। कांग्रेस ने इस आयोजन के माध्यम से देशवासियों को यह संदेश देने का प्रयास किया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वे सेना के साथ खड़े हैं और भारत की एकता, अखंडता व संप्रभुता को चुनौती देने वाली किसी भी ताकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जय हिन्द यात्रा के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस ने यह भी स्पष्ट किया कि सेना के शौर्य को किसी दलगत राजनीति से नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह पूरे देश का गौरव है और हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सेना का मनोबल ऊंचा बनाए रखे।

# नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने शहर में देखी सफाई व्यवस्था

### गंदे जल की निकासी हेतु सीवरेज कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण करने के दिये निर्देश

जयपुर टाइम्स



**कोटपूतली(निसं.)** नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने शुक्रवार को शहर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया एवं संबंधितों को पाबंद करते हुये सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी छोटे-बड़े नाले-नालियों की सफाई, शौचालयों की नियमित सफाई, खुले नालों पर स्लैब से ढकना तथा विभिन्न चौक चौराहों पर अवस्थित महापुरुषों की मूर्तियों की सफाई करने को कहा। साथ ही बाजार शाखा की टीम को पूरे मार्ग में अवैध व अव्यवस्थित रूप से लगाये गये होर्डिंग्स या बैनर को चिन्हित करते हुये हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद कार्मिकों को निर्देश दिये कि वे प्रतिदिन कूड़े का उचित तरीके से उठाव सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिये। उन्होंने सख्ती दिखाते हुये और भी बेहतर तरीके से सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में अधिक मात्रा में कूड़ा जमा होता है, वहां सुबह और शाम दोनों समय कूड़ा उठाना सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उन्होंने शहर की सीवरेज व्यवस्था का जायजा लेकर समयबद्ध गुणवत्ता के साथ कार्य सुनिश्चित करने को कहा तथा शहर की सडक़ों में जल भराव होने पर कंक्रीट एवं अन्य माध्यमों से उसकी मरम्मत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार निगरानी प्रणाली के तहत संबंधित सफाई निरीक्षक व अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जाकर सफाई कार्य देखें एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने लोगों से घरों का कूड़ा सडक़ों पर ना फेंकने और उसे निर्धारित स्थानों पर ही फेंकने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विभाग लोगों की मदद के लिये हमेशा तैयार है और सफाई से जुड़ी किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जायेगा। इस दौरान एक्सईएन दीपक मीणा, एएफओ सत्यनारायण वर्मा, जेईएन भादर सिंह यादव समेत अन्य मौजूद रहे। कोटपूतली शहर की बहुप्रतिक्षित सीवरेज लाईन निर्माण का कार्य शहर में निरन्तर जारी है। सीवरेज लाईन निर्माण कार्य के धीमी गति से चलने व जगह-जगह किये जा रहे गड्डों को सही तरीके से नहीं भरने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बारिश के मौसम में इन गड्डों में पानी भर जाने से यह राहगीरों व वाहन चालकों के लिये दुर्घटना का सबब बन रहे है। इन गड्डों में गिर जाने से विगत दिनों कई बार चौपहिया वाहन धंस कर क्षतिग्रस्त हो चुके है, वहीं आमजन के भी गिरकर घायल होने के समाचार सामने आते रहे है। शहर में जारी सीवरेज लाईन निर्माण की धीमी गति को देखते हुये शुक्रवार को नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। आयुक्त ने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुये कार्य में तेजी लाने एवं आवश्यक सुधार के निर्देश दिये।

# सिंदूर,संवेदना, और सेना तबाह आंतकिस्तान, नेस्त नाबूद पाकिस्तान, पूरे देश मे हाहाकार

22 अप्रैल 25 को पहलगाम में जिन भारतीय महिलाओं के पतियों की आतंकवादी ने निर्मम हत्या कर उनको खून से रूलाया था भारत सरकार और भारतीय सेना ने पाकिस्तान को तबाह और 100 आतंकवादियों को मारकर उन मासूम वीर वधुओं के आंसुओं के एक-एक कतरे एक-एक बूंद का बदला ले लिया है। हमले में आतंकवादियों ने जिन मासूम भारतीय हिंदू महिलाओं के सिंदूर को उजाडा था तब आतंकवादियों और उनके अकाओं को यह अंदाज भी नहीं रहा होगा कि उनकी इस नापाक हरकत से पूरा पाकिस्तान और आतंकवादियों की पूरी काम को तबाह कर दिया जाएगा।

सिंदूर केवल सिंदूर ही नहीं है यह सनातन धर्म,संस्कृति और संस्कार में पवित्र सुहाग का प्रतीक भी है और हिंदू सनातन धर्म में विवाह के पश्चात स्त्रियों का सिंदूर बहुत बड़ा महत्व,अलंकार, स्वाभिमान और अभिमान है और आतंकवादियों ने हमारी देवी स्वरूप भारतीय महिलाओं के सिंदूर की इज्जत ना करके उनके ईस्ट पतियों को गोलियों से मारा है सनातन में यह जघन्य अपराध है और इस अपराध की सजा भारतीय सेना ने पूरी संवेदना, शक्ति, सामर्थ्य और ऊर्जा के साथ भारत सरकार के निर्देशन में आतंकवादियों को और पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों की पूरी कौम को मार कर बदला पूरा किया। भारतीय सेना के जवानों ने लगभग 100 आतंकवादियों को 6 मई को मार गिराया पहलगाम में 27 निर्दोष हिंदुओं की हत्या के बदले के रूप में सेनाओं ने 9 जगह पर लगभग 20 ठिकानों को बर्बाद कर दिया और 8 मई पाकिस्तान ने फिर जम्मू में गुरुद्वारे पर हमला कर कई निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी थी जवाब में भारतीय सेना और उनके जवानों ने लाहौर एयरबेस सिस्टम को पूरी तरह नष्ट कर दिया इसके बाद रावलपिंडी, लाहौर इस्लामाबाद, सियालकोट तथा अन्य शहरों में इतनी तबाही मचाई कि पाकिस्तान के वजीर शहबाज शरीफ और पाकिस्तान की फौज के सरगना मौलाना असीम मुनीर बंकर में छुपने के लिए मजबूर हो पड़ा है। वैसे भी पाकिस्तान फौजी



संजीव ठाकुर, लेखक,

चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़,

पिछले 10 वर्षों से लड़ाई और सिमा निगरानी का काम छोड़कर शराब डीजल और नशीले पदार्थों की तस्करी में लगे हुए थे और उसका सारा पैसा और धन सेना के अकाओं मे वितरित किया जाता रहा है सेना अपना का काम भूलकर पश्चिम तथा खाडी के देशों से डीजल, पेट्रोल और नशीला पदार्थ की तस्करी में पैसा कमाने में लगा हुआ था। इसके अलावा पाकिस्तानी फौज और और खुफिया संगठन आई एस आई आतंकवादियों को ट्रेनिंग देने भारत भेजने और भारत में आतंकवादी घटना को अंजाम देने में लगे हुए थे पाकिस्तानी फौज आतंकवादियों की तरह ही काम करते रहे हैं।

पाकिस्तान का दुर्भाग्य है कि स्वतंत्रता के बाद से जितने भी निर्वाचित 18 प्रधानमंत्री बने थे वे अपना कार्यकाल कभी पूरा नहीं कर सके और पूरे पाकिस्तान में फौजी और उनके फौजी प्रमुखों ने ही अपना शासन प्रशासन चलाया है उल्लेखनीय है कि सेना ने ही जुल्फिकार अली भुट्टो को देश-द्रोह का आरोप लगाकर फांसी दे दी थी और उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो की हत्या भी करवा दी इसी तरह असिम मुनीर ने इमरान खान को जेल की काल कोठरी में भिजवा दिया है, आतंकवाद की बुनियाद और बारूद पर बैठे पाकिस्तान अंदर से पूरा खोखला हो चुका है। भारतीय फौजी ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पीओके में सक्रिय दहशत कर दो के नौ ठिकानों का निशाना बनाया था और पलक झपकते ही उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया था विशेषज्ञ बताते हैं की सेवा की कार्रवाई इतनी सटीक और अनुशासित थी कि भारतीय विमान को पाकिस्तान में घुसने की जरूरत भी नहीं पड़ी। बहावलपुर और मुरीदके में इतनी तबाही मचाई की वहां एक भी बिल्डिंग बची नहीं है उल्लेखनीय है कि यहां पिछले कई दशकों से आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने जम्मू कश्मीर राजस्थान जैसलमेर में पाकिस्तानी लगभग 100 ड्रोन को असफल कर दिया है और इसी तरह द्व16 तथा आईएफ 17 को मार गिराया गया है इसी तरह पाकिस्तान के दो पायलट भी हिंदुस्तानी फौज के कब्जे में आ गए हैं अब उनसे पाकिस्तान सेना की महत्वपूर्ण जानकारी ली जाएगी। सेना की इस जवाबी कार्रवाई में पूरे पाकिस्तान को और उसके बड़े शहरों को लगभग तबाह कर दिया है अब पाकिस्तान की सेना उनकी सरकार और उनके यहां पल रहे आतंकवादियों को समझ में आ गया होगा की सिंदूर की क्या ताकत होती है और सनातन में कितनी शक्ति ऊर्जा और सामर्थ्य होता है। भारत पर पाकिस्तानी फौज ने हमास की स्टाइल में हमला किया है आतंकवादी संगठन जैस ए मोहम्मद,लश्कर ए तैयबा जैसे संगठनों के साथ हमास के आतंकवादियों ने जुगलबंदी कर उन्हें पूरी तरह ट्रेंड किया था ठीक उसी तर्ज पर पाकिस्तानी आतंकवादियों ने भारत पर हमला किया था। अब भारत की फौज ने पाकिस्तान और आतंकवादियों को आक्रमण कर ऐसा सबक सिखाया है कि वह अब सिंदूर और भारतीय नारियों को याद करके कांपने लगेंगे और भारत के सामने नतमस्तक हो अगले कई जन्मों तक आक्रमण करने की नहीं सोचेंगे।

जय हिंद जय भारत जय भारतीय सेना।

# "सरहद के साए में भारत के भीतर की लड़ाई"

> भारत आज बाहरी हमलों से ज़्यादा आंतरिक विघटन से जूझ रहा है। पंजाब-हरियाणा जल विवाद हो या पहलगाम आतंकी हमला–हर संकट के पीछे एक अदृश्य वैचारिक युद्ध छिपा है। जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र और विचारधारा के नाम पर देश के भीतर एक तीसरा मोर्चा खड़ा हो गया है। यह मोर्चा न गोलियों से लड़ता है, न बम से–यह चुपचाप देश की एकता और चेतना को तोड़ता है। जब तक यह मोर्चा नहीं पहचाना जाएगा, भारत बाहरी मोर्चों पर जीत कर भी आंतरिक रूप से हारता रहेगा।
>
> **डॉ. सत्यवान सौरभ**

जब देश की सुरक्षा की बात होती है, तो ज़्यादातर नज़रें सरहद की ओर उठती हैं–वो रेखा जो हमें पाकिस्तान या चीन से अलग करती है। लेकिन भारत आज जिस सबसे खतरनाक युद्ध का सामना कर रहा है, वह न सीमा पर है, न दुश्मनों की गोलियों में। वह युद्ध भारत के भीतर चल रहा है–हमारी आत्मा, एकता और विचारधारा के खिलाफ। हाल ही में हरियाणा और पंजाब के बीच पानी को लेकर उठा विवाद महज एक प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि भारत के संघीय ढांचे की अस्थिरता और क्षेत्रीय असंतुलन की गंभीर चेतावनी है। जब नंगल बांध का जलस्तर बढ़ा, हरियाणा में बाढ़ की स्थिति बनी, और पंजाब ने इसका जिम्मा लेने से इनकार कर दिया, तब यह सिर्फ एक राज्य का दुसरे से विरोध नहीं था। यह उस एकता का टूटना था, जिसकी नींव पर भारत खड़ा है। वहीं दूसरी ओर, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक हिंदू पर्यटक की आतंकी हत्या ने यह स्पष्ट कर दिया कि कुछ ताकतें आज भी भारत को धार्मिक आधार पर बांटने का प्रयास कर रही हैं, और यह प्रयास बंदूक की गोली से ही नहीं, वैचारिक ज़हर से भी किया जा रहा है।

भारत के सामने अब तीन युद्धभूमियाँ हैं–सीमाओं पर सैन्य मोर्चा, वैश्विक मंच पर कूटनीतिक मोर्चा, और देश के भीतर चल रहा वैचारिक युद्ध, जिसे मैं 'आधा मोर्चा' कहता हूँ। यह आधा मोर्चा अदृश्य है, लेकिन सबसे घातक है। यह हमारे विश्वविद्यालयों, मीडिया, सोशल मीडिया और कभी-कभी हमारी राजनीति में भी दिखाई देता है। यह मोर्चा देश को विचारों से विभाजित करता है, धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के नाम पर लड़वाता है, और एक सामान्य भारतीय के मन में राष्ट्र के प्रति अविश्वास भरता है।

इस मोर्चे पर लड़ने वाले बहुरूपिए हैं। ये वे लोग हैं जो भारत के टुकड़े होने की कल्पना को क्रांति कहते हैं, जो भारत माता की जय को साम्प्रदायिकता समझते हैं, और जो हर आतंकी घटना को 'प्रतिक्रिया' और 'पृष्ठभूमि' के चश्मे से देखते हैं। इनके लिए राष्ट्र कोई भावना नहीं, बल्कि आलोचना का विषय है। जब भारत की सेना शौर्य दिखाती है, तो इन्हें मानवाधिकार याद आते हैं। जब भारत वैज्ञानिक उपलब्धियाँ हासिल करता है, तो ये 'गरीबी और भुखमरी' की याद दिलाते हैं। जब भारत वैश्विक मंच पर सम्मान पाता है, तो ये इसकी तुलना 'तानाशाही' से करने लगते हैं।

यह 'विचारधारा' धीरे-धीरे युवाओं को अपने जाल में लपेट रही है। विश्वविद्यालय, जो चरित्र निर्माण के केंद्र होने चाहिए, अब राष्ट्रविरोधी नारों की प्रयोगशाला बनते जा रहे हैं। एक समय था जब शिक्षा का उद्देश्य था - "सा विद्या या विमुक्तये" यानी जो मुक्त करे वही विद्या है। लेकिन आज की शिक्षा युवाओं को उलझा रही है–इतिहास को विकृत कर, स्वतंत्रता सेनानियों को जातियों में बांट कर, और राष्ट्र की अवधारणा को 'सांस्कृतिक वर्चस्व' का नाम देकर।

सोशल मीडिया ने इस आधे मोर्चे को धारदार बना दिया है। ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब पर एक संगठित प्रयास दिखता है, जिसमें भारत को 'हिंदू राष्ट्र', 'मनुवादी शासन', 'अल्पसंख्यक विरोधी देश' जैसे टैग दिए जाते हैं। ये टैग न केवल अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित करते हैं, बल्कि एक आम भारतीय को भी भ्रमित कर देते हैं। एक आम मुसलमान डर में जीने लगता है, एक आम दलित अलग-थलग महसूस करने लगता है, और एक सामान्य हिंदू अपराधबोध में जीने लगता है।

लेकिन यह वैचारिक युद्ध सिर्फ अकादमिक बहस या सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित नहीं है। इसके वास्तविक और खतरनाक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। पहलगाम की घटना में एक हिंदू पर्यटक को इसलिए मारा गया क्योंकि वह धर्म से 'हिंदू' था। यह केवल आतंकवाद नहीं, धर्म आधारित वैचारिक नफरत का चरम रूप है। यह घटना संकेत देती है कि भारत की विविधता को एकता में बदलने की हमारी कोशिशें अभी भी अधूरी हैं, और नफरत की जड़ें बहुत गहरी हैं।

भारत के इस आधे मोर्चे पर राजनीति की भूमिका भी बेहद संदेहास्पद है। जहां सत्ता में आने के लिए नेताओं को राष्ट्रवाद का झंडा उठाना पड़ता है, वहीं वोट पाने के लिए वे समाज को बांटने वाले विमर्शों को बढ़ावा देते हैं। कभी अल्पसंख्यक तुष्टिकरण, कभी दलित आरक्षण की राजनीति, कभी क्षेत्रीय अस्मिता–इन सभी ने भारत की राष्ट्रीय पहचान को कमजोर किया है। राजनीतिक लाभ के लिए देश की एकता को दांव पर लगाना आत्मघाती है, लेकिन आज यही हो रहा है।

इस वैचारिक युद्ध का एक और चेहरा है–पानी, बिजली, संसाधनों और भाषाओं को लेकर क्षेत्रीय लड़ाइयाँ। क्या यह सोचने का विषय नहीं है कि एक ही देश के दो राज्य–हरियाणा और पंजाब–पानी के लिए एक-दूसरे को बाढ़ और सूखे में झोंकने लगे हैं? क्या यह भी वैचारिक युद्ध का ही हिस्सा नहीं है कि भारत के भीतर 'दूसरे राज्य से नफरत' की भावना पैदा की जाए? यही बात भाषाओं को लेकर भी है। हिंदी को थोपने के नाम पर दक्षिण में असंतोष, मराठी बनाम हिंदी, बंगाली बनाम असमिया–ये सब भारत की आत्मा के खिलाफ छेड़े गए 'आधे युद्ध' के उदाहरण हैं।

आज जरूरत इस बात की है कि भारत के इस आधे मोर्चे को उतनी ही गंभीरता से लिया जाए जितनी कि सीमा पर हो रहे सैन्य संघर्ष को। देश की सुरक्षा केवल टैंकों और मिसाइलों से नहीं होती, बल्कि विचारों की स्पष्टता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति आस्था से होती है। हमें यह समझना होगा कि 'देश की आलोचना' और 'देशविरोध' में फर्क है, लेकिन यह फर्क तब खत्म हो जाता है जब आलोचना का उद्देश्य सुधार नहीं, विनाश हो।

भारत को इस मोर्चे पर जीतने के लिए केवल सैनिकों की नहीं, बल्कि शिक्षकों, लेखकों, पत्रकारों, कवियों, एक्टिविस्टों और आम नागरिकों की जरूरत है। हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था को फिर से राष्ट्रनिर्माण की ओर मोड़ना होगा। हमें सोशल मीडिया पर राष्ट्र के पक्ष में भी एक वैचारिक मोर्चा खड़ा करना होगा। और सबसे महत्वपूर्ण, हमें राजनीति को मजबूर करना होगा कि वह देश की कीमत पर राजनीति न करे।

जो लोग इस आधे मोर्चे को 'स्वतंत्रता की आवाज' समझते हैं, उन्हें यह भी समझना होगा कि स्वतंत्रता की पहली शर्त है–एकता। एकता के बिना आज़ादी केवल एक भ्रम है। जो राष्ट्र अपने भीतर के दुश्मनों को नहीं पहचान पाता, वह बाहरी दुश्मनों से कब तक लड़ेगा?

भारत की असली परीक्षा युद्ध भूमि में नहीं, विश्वविद्यालयों की कक्षाओं, मीडिया के पन्नों, सोशल मीडिया के पोस्टों और संसद की बहसों में है। यह परीक्षा इस बात की है कि क्या हम भारत को सिर्फ एक भूखंड मानते हैं या एक जीवंत चेतना। यह चेतना केवल तब जीवित रह सकती है जब हर नागरिक, हर छात्र, हर राजनेता और हर लेखक यह समझे कि भारत की विविधता उसकी शक्ति है, कमजोरी नहीं।

इसलिए अब समय है इस 'आधे मोर्चे' को पूरी गंभीरता से लेने का। देश को टूटने से बचाने के लिए अब टैंकों से नहीं, विचारों से लड़ना होगा। और इस लड़ाई में हर भारतवासी एक सैनिक है–या तो राष्ट्र के पक्ष में, या राष्ट्र के खिलाफ।

# राजपूताने का शौर्य-महाराणा प्रताप

महाराणा प्रताप का जन्म विक्रम संवत 1597 ज्येठ सुदी(शुक्ला)3 (रविवार 9 मई 1540)को सूर्योदय से 47 घड़ी 13 पल बाद कुंभलगढ़ दुर्ग(राजसमंद)में"पगलापोल"के पास(झालिया का मालिया)झाली रानी का महल में महाराणा उदय सिंह और जयवंता बाई(जीवंत कवर)पाली के अखैराज सोनगरा की पुत्री की कोख से हुआ राणा प्रताप के बचपन का नाम"कीका" था।

महाराणा प्रताप का राज्याभिषेक पिता उदय सिंह की मृत्यु के बाद 28 फरवरी गुरुवार1572 ईस्वी होली के दिन कुंभलगढ़ दुर्ग में हुआ था।मुगल सम्राट अकबर को जब मेवाड़ की स्वतंत्रता खटकने लगी तो अकबर ने राणा प्रताप को अपने अधीन लाने के लिए 4 प्रतिनिधिमंडल समझाने के लिए भेजें सर्वप्रथम चतुर और वाकपटु जलाल खाँ कोंरची सितंबर1572 में भेजा उसके बाद अप्रैल1573 में आमेर के राजा मानसिंह को भेजा मगर सफलता नहीं मिली इसके बाद सितंबर-अक्टूबर1573 में भगवंत दास दिसंबर1573 में राजा टोडरमल मगर सुलह नहीं हो सकी और परिणाम स्वरूप विश्व प्रसिद्ध हल्दीघाटी का युद्ध हुआ।

अकबर ने युद्ध को टालने की कोई स्थिति ना देख कर आमेर के राजा मानसिंह को सेनापति बना कर अजमेर से 3 अप्रैल1576 को मेवाड़ पर आक्रमण के लिए भेजा मानसिंह मांडलगढ़,मोही मुकाम से गुजरता हुआ खमनोर के पास"मोलेला गांव"मैं अपना डेरा डाला महाराणा प्रताप ने अपना डेरा"लोशिंग" गांव के पास डाला दोनों दल आपस में एक दूसरे का बल का अनुमान लगाने लगे दोनों की सेनाएं 10 या12 मील की दूरी पर पड़ाव डाले हुए थी।

एक रोज आमेर के राजा मानसिंह शिकार खेलने गए तब महाराणा प्रताप के गुप्तचरो द्वारा यह सूचना प्रताप के पास पहुंचाई गई तब झाला बींदा ने धोखे से शत्रु पर प्रहार करना राजपूतों की गौरव परंपरा के विरुद्ध बता कर प्रताप को रोका इस कारण महाराणा प्रताप ने मानसिंह पर उस समय आक्रमण नहीं किया था।

दोनों की सैनिक संख्या के बारे में विभिन्न इतिहासकारों में मतभेद है ख्यातों के अनुसार मानसिंह के अधीन मुगल सेना में 80 हजार सैनिक और महाराणा प्रताप की सेना में 20 हजार सैनिक थे।इनमें घुड़सवार सैनिक भी सम्मिलित थे मुहणोत नैणसी ने सेना की संख्या के बारे में बताया है कि मुगल सेना में 40हजार और प्रताप की सेना में 10हजार सैनिक थे।युद्ध में उपस्थित रहा मुगल इतिहासकार अब्दुल कादिर बदाँयूनी मानसिंह की सेना में 5हजार सैनिक और राणा प्रताप की सेना में 3हजार घुड़सवार सैनिक बताता है। विभिन्न इतिहासकारों में संख्या के बारे में मतभेद है लेकिन इतना तय है की मुगल और प्रताप की सैनिक संख्या का अनुपात 31 निश्चित रहा होगा मुगलों के पास हल्की तोपे थी जबकि महाराणा प्रताप के पास तोपे नहीं थी तलवार के अतिरिक्त धनुष बाण तथा भले ही इस युद्ध के मुख्य अस्त्र थे।

हल्दीघाटी के युद्ध को दिए गए नाम- कर्नल जेम्स टॉड ने हल्दीघाटी के युद्ध को"मेवाड़ की थर्मोपोली"कहा है।अबुल फजल ने"खमनोर का युद्ध"बदाँयूनी ने इसे"गोगुंदा का युद्ध"कहा था। डॉक्टर गोपीनाथ शर्मा और ए एल श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तकों में बताया है कि दर्रे के मध्य एक छोटा सा मैदान"बादशाह बाग"के नाम से है वहां पर यह युद्ध लड़ा गया था।

गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने अपनी पुस्तक में मानसिंह के साथ गाजी खाँ वदख्शी, ख्वाजा मोहम्मद रफी वदख्शी,शियाबुद्दीन गुरोह,पायन्दा कज्जाक, अलीमुराद उजबक,काजी खा इब्राहिम चिश्ती,शेख मंसूर,ख्वाजा गयासुद्दीन,भाली आसिफ खाँ, सैयद अहमद खाँ,सैयद हाशिम खाँ, जगन्नाथ सैयद राजु,मेहत्तर खा, माधोसिंह, मुजाहिद बेग खंगार और लूणकर्ण आदि थे। वहीं महाराणा प्रताप की सेना में ग्वालियर का राम सिंह तंवर अपने पुत्रों शालिवाहन,भवानी सिंह तथा प्रताप सिंह सहित उपस्थित थे।भामाशाह उसके भाई ताराचंद,झाला



राजेश कुमार मीना करौली

मानसिंह (सज्जावत), झाला बींदा (सुलतानोत), सोनगरा मान सिंह (अक्षयाराजोत), डोडिया भीमसिंह,रावत कृष्णदास (चुंडावत),रावत नेतसिंह (सारंगदेव),रावत सांगा,राठौड़ रामदास (बदनोर के प्रसिद्ध जयमल का सातवां पुत्र),मेरपुर का राणा पूंजा,पुरोहित गोपीनाथ,पुरोहित जगन्नाथ, पंडित कल्याण,बच्छावत महता जयमल,मेहता रतन चंद खेतावत,महासहानी जगन्नाथ राठौड शंकर दास,चारण जेसा और केशव (सोढा बारहठ)आदि उपस्थित थे इनके अलावा हकीम खाँ सूर भी मौजूद था।

व्यू रचना-

राणा प्रताप ने अपनी सेना को चार भागों में बाँटा हरावल,चंदावल,वामपार्श्व,दक्षिण पार्श्व,हरावल का नेतृत्व हकीम खाँ सूर कर रहा था।और उसके सहयोगी मेवाड़ के प्रमुख सामंत जिनमें सलूंबर का रावत किशन दास,सरदारगढ़ का भीम सिंह,देवगढ़ का रावत सांगा और बदनौर का रामदास मुख्य थे। दक्षिणी पार्श्व पर रामशाह(ग्वालियर का) अपने तीनों पुत्रों के साथ उपस्थित था वामपार्श्व का नेतृत्व मानसिंह झाला,सादड़ी का झाला बींदा,जालौर का मान सिंह सोनगरा(अखैराज सोनगरा का पुत्र)कर रहे थे। चंदावल मैं पानरवा का पूंजा,पुरोहित गोपीनाथ,जगन्नाथ मेहता,रतन चंद महासहानी, जगन्नाथ सोनियाणे के चारण केशव व जेसा थे।राणा प्रताप स्वयं केंद्र में थे उनके साथ मंत्री भामाशाह उसका भाई ताराचंद था भील सैनिक अपने तीर कमान,छोटी तलवार और पत्थर लेकर पहाड़ों पर थे।

मानसिंह के अग्रिम पंक्ति में 80 नवयुवक योद्धा सैनिक सैयद हाशिम के नेतृत्व में रखें इन्हें"जुड़े हरावल"कहा जाता था इसके पीछे दो अग्रिम दल और थे एक का नेतृत्व जगन्नाथ कछवाह और सहयोगी आसफ खाँ था दक्षिणी पार्श्व में सैयद अहमद खां था वाम पार्श्व का नेतृत्व गॉजी खां बक्शी और लूणकर्ण कछवाह को सौंपा गया तीसरी पंक्ति में इलुमिश और माधोसिंह कछवाह थे मध्य भाग में स्वयं मानसिंह,ख्वाजा मोहम्मद रफी,शिहाबुद्दीन,अलीमुराद उजवेग,कछवाह सैनिक थे। चंदावल(सबसे पीछे की पंक्ति) का नेतृत्व मिहत्तर खां कर रहा था।

युद्ध का घटनाक्रम- 18 जून 1576(आषाढ़ बदी7,विक्रम सम्वत 1633)को हाकिम खां सूर के नेतृत्व में राणा प्रताप का हरावल प्रातः काल मेवाड़ ध्वज के साथ बाहर निकला उसके पीछे सेना का मुख्य भाग स्वयं राणा प्रताप के नेतृत्व में बाहर आया राणा का अग्रिम दल शत्रुओं पर टूट पड़ा मुगल सेना को पीछे धकेल दिया मुगल सैनिक10 किलोमीटर तक पिछे भाग गये इससे राणा की सेना का उत्साह बढ़ गया और मुगल सेना के केंद्रीय दल व दक्षिण पार्श्व पर राणा प्रताप के सैनिक टूट पड़े घमासान युद्ध आरंभ हो गया तलवारें बजने लगी आक्रमण इतना भयंकर था कि मुगल सेना का बाम पार्श्व लूणकर्ण के साथ भेड़ों के झुंड की तरह युद्ध मैदान से भाग खड़े हुये और प्रथम चरण में महाराणा प्रताप का पलड़ा भारी रहा।महाराणा प्रताप ने आरम्भ में89अग्रगामी दल को नष्ट करने के बाद हल्दीघाटी नाके से मैदान में चला गया।

महाराणा प्रताप ने घाटी से निकलकर गाजी खाँ की सेना पर धावा बोला वह घाटी के मुख्य द्वार पर नियुक्त था राणा प्रताप ने गाजी खाँ कि सेना का संहार करता हुआ उसके मध्य तक पहुंच गया इस आक्रमण के कारण सीकरी के सब शेखजादे भाग निकले और उनका नायक शेख मन्सूर घायल हुआ गाजी खां कुछ देर तक डाटा रहा परंतु दाहिने हाथ का अंगूठा तलवार से कट जाने पर वह भी अपने साथियों के साथ भाग गया

इसी समय मान सिंह झाला के नेतृत्व में राणा के बाम पार्श्व ने मुगल सेना के दाहिने पक्ष पर धावा बोल दिया और मुगल सेना पराजित हुई तभी मिहत्तर खां जो कि मुगलो के चंदावल का नेतृत्व कर रहा था भागता हुआ आया और ढोल बजाकर यह चिल्लाता हुआ"कहने लगा कि बादशाहा स्वयं एक बड़ी सेना लेकर आ रहे हैं"इससे भागते हुए मुगल सैनिक वापस लौटने लगे इस समय सैनिक लड़ते लड़ते"रक्त तलाई"नामक स्थान पर एकत्रित हो गए यह स्थान बनास नदी के तट पर खमनोर तथा भागल गांव के मध्य में है प्रताप की तरफ से हाथी"लूना"का मुकाबला मुगलों के हाथी"गजमुक्त"से हुआ गजमुक्त घायल होकर भागने वाला ही था कि लूना का महावत तीर लगने से घायल हो गया और लूना लौट पड़ा तब राणा प्रताप के प्रसिद्ध हाथी"रामप्रसाद"को मैदान में उतारा गया जिस का संचालन रामशाह का पुत्र प्रताप सिंह तंवर कर रहा था मुगल सेना का हाथी"गजराज"रामप्रसाद का सामना कर रहा था जब गजराज हारने लगा तो मुगल सेना ने एक और हाथी"रणमंदर" को मैदान में उतार दिया दोनों हाथियों को रामप्रसाद ने धूल चटा दी परंतु दुर्भाग्य से रामप्रसाद का महावत मारा गया तब हुसैन खां ने अपने हाथी से उछलकर रामप्रसाद को अपने बस में कर लिया।

मानसिंह"मरदाना" नामक हाथी पर सवार था प्रताप को जब मानसिंह नजर आया तो राणा का घोड़ा चेतक भूखे चीते की तरह मानसिंह के हाथी के मस्तक पर जा कूदा महाराणा प्रताप ने भाले से मानसिंह पर वार किया मगर मानसिंह हौदे मे झुक कर बच गया हाथी की सूंड पर बधे खंजरो से चेतक की अगली एक टांग जख्मी हो गई प्रताप को मुगल सैनिकों से घिरा देखकर बड़ी सादड़ी के झाला बींदा ने राणा प्रताप से राजकीय छत्र उतारकर स्वयं धारण कर लिए इससे मुगल सैनिकों का ध्यान प्रताप से हट गया और हकीम खां सूर प्रताप को युद्ध क्षेत्र से बाहर ले गया 2 मील दूर बलीचा गांव में चेतक घायल होने के कारण वीरगति को प्राप्त हुआ और रण क्षेत्र में झाला बींदा ने लड़ते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये।

इस भीषण युद्ध में मानसिंह ना तो प्रताप को पकड़ सका और ना ही पराजित कर सका जिसके बाद प्रताप ने अपने सैनिकों की महरम पट्टी के लिए"मायरा की गुफा"में शरण ली और कुछ दिनों के लिए अपनी राजधानी कमलनाथ पर्वत पर"अवारगढ" बनाई हल्दीघाटी का युद्ध इतना अनिर्णायक रहा की 4 महीने बाद स्वयं अकबर ने अक्टूबर 1576 में मेवाड़ पर चढ़ाई कर दी लेकिन महाराणा प्रताप को अकबर अब भी नहीं पकड़ पाया अकबर ने शहवाज खां के नेतृत्व में तीन बार शाही सेना राणा प्रताप को परास्त करने के लिए भेजी प्रथम बार 15 अक्टूबर 1577,द्वितीय बार 15 दिसंबर 1578,और तीसरी बार 9 नवंबर 1579 को शहबाज खां तीनों बार असफल रहा इसके बाद अकबर की सेना व राणा प्रताप की सेनाओं के मध्य कोई बड़ी मुठभेड़ नहीं हुई 6 दिसंबर 1584 को जगन्नाथ कछवाह के नेतृत्व में विशाल सेना मेवाड़ के विरुद्ध रवाना की लेकिन जगन्नाथ कछवाह भी कोई सफलता हासिल प्राप्त नहीं कर सका तब अकबर ने अघोषित शांति धारण कर ली थी।

# 10 मई 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की क्रान्ति और राजस्थान

यह अत्यंत विचारणीय प्रश्न है कि कोई मसाले बेचने वाली कम्पनी (ईस्ट इण्डिया कम्पनी) किस प्रकार एक अनजान राष्ट्र में जाकर उस समूचे राष्ट्र पर आधिपत्य कर सकती है। अंग्रेजों ने भारत में व्यापार के छद्म उद्देश्य से प्रवेश किया था. इस हेतु उन्होंने भारत में ''ईस्ट इण्डिया कम्पनी'' की स्थापना की। धीरे-धीरे अंग्रेजों ने अपनी कूटनीतिपूर्ण राजनीति एवं सैन्य शक्ति का उपयोग करके भारत के विभिन्न छोटे-बडे क्षेत्रों पर अधिकार करना प्रारम्भ कर दिया। आखिरकार, 1757 के प्लासी युद्ध में, सिराजुद्दौला को हराने के बाद भारत में ईस्ट इण्डिया कम्पनी का शासन प्रारंभ हो गया। इस समय अनेक रियासतें एवं राज्य मुगलों एवं स्थानीय राजाओं के अधीन थे। ईस्ट इण्डिया कम्पनी राजपूताना (तत्कालीन राजस्थान) पर भी अपना नियंत्रण करना चाहती थी क्योंकि राजस्थान का स्वर्णिम वैभव हमेशा ही अंग्रेजों को लालायित करता था. इस हेतु ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने गवर्नर जनरल सर चार्ल्स मेटकॉफ के नेतृत्व में राजपूताना के विभिन्न राज्यों के साथ सन्धियां की, जिसकी शर्तों में रियासतों की बाह्य सुरक्षा करने के बदले रियासतों से खिराज (कर) लेना, रियासतों के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना व रियासतों में अपने प्रतिनिधि (पॉलिटीकल एजेंट) की नियुक्ति करना आदि शामिल थे।

उक्त सन्धियों के परिणाम स्वरूप अंग्रेज राजाओं से खिराज और सैन्य साधन पाकर मजबूत होते चले गये, जबकि नियमित कर देने से शासकों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती गई। ब्रिटिश प्रतिनिधि धीरे-धीरे तानाशाह बन गये और राजाओं पर बलात् खिराज के अलावा भी अन्य कई कर थोप दिये गये। जो घूम फिर कर जनता को ही चुकाने होते थे। 1857 तक आते-आते राजपूताने में अपना वर्चस्व एवं नियंत्रण स्थापित करने के लिए ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने राजपूताने में 6 छावनियां नसीराबाद, ब्यावर, खैरवाड़ा, एरिनपुरा, नीमच व देवली में बना दी।

ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने कुटीर उद्योग समाप्त कर दिये, नमक एवं अफीम उत्पादन पर रोक लगा दी तथा मनमाने ढंग से जनता से कर वसूलने लगे। कर न देने पर राजाओं से राज्य व जनता से उनकी जमीन व सम्पत्ति हड़पने लगे। राजाओं का उत्तराधिकार समाप्त कर दिया। जब इतने से भी अंग्रेजों का मन नहीं भरा तो उन्होंने राजस्थान की संस्कृति और परम्पराओं को बदलना प्रारंभ किया। वे हमारे धर्मग्रन्थों की और रीति-रिवाजों की आलोचना करते थे, वरन् ईसाई न केवल पादरियों को जन-साधारण के बीच भेजकर ईसाई उन्हें बरगला कर या कर माफी का हवाला देकर धर्मान्तरण करने लगे। अंग्रेजों की सामाजिक एवं सामान्य जीवन में हस्तक्षेप नीति ने जनता में असंतोष उत्पन्न कर दिया। अतः उक्त गतिविधियों के चलते राजपूताने में क्रांति अवश्यम्भावी हो गई जिसका सूत्रपात नसीराबाद से हुआ।

28 मई 1857 को राजस्थान में क्रांति का आगाज़ हुआ। क्रांतिकारियों ने तोपखाने पर अधिकार कर लिया तथा मेजर स्पोटिस बुड व कर्नल न्यू बारी की हत्या कर दी। अन्य अधिकारी ब्यावर भाग गये। इस दौरान चर्च व अधिकारियों के बंगले के जला दिये गये व खजाने लूट लिये गये। सभी क्रांतिकारियों ने दिल्ली जाने की योजना बनाई ताकि वे मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर को क्रांति का नेतृत्व करने के लिये आग्रह कर सकें। नसीराबाद क्रांति की सूचना 1 जून को नीमच पहुंची। अतः विलम्ब न करते हुए कर्नल एबॉट ने हिन्दू सैनिकों से भगवद्?गीता तथा मुस्लिम सैनिकों से कुरान शरीफ को साक्षी मानकर अंग्रेजी हुकुमत के प्रति निष्ठा एवं वफादारी की शपथ दिलाने का प्रयास किया। इस पर अवध से आये सैनिक मोहम्मद अली बैग ने अंग्रेजों की निष्ठा पर प्रश्न खड़ा करते हुए पूछा "आपने अवध के साथ कौन सी निष्ठा और वफादारी निभाई है? आपको ऐसे शब्द शोभा नहीं देते। अगले ही दिन 3 जून को मुस्लिम सैनिकों ने मोहम्मद अली बेग तथा हिन्दू सैनिकों ने हीरा सिंह के नेतृत्व में विद्रोह कर दिया। क्रांतिकारियों ने नीमच छावनी व सरकारी बंगलों को लूटने के बाद उनमें आग लगा दी तथा शाहपुरा की ओर कूच किया। शाहपुरा के शासक ने क्रांतिकारियों की आवभगत की; उनके भोजन व ठहरने की व्यवस्था की। मेवाड़ की के पॉलिटिकल एजेन्ट कैप्टन शावर्स की सेना हेतु किले के द्वार बंद कर दिये। इसके बाद निम्बाहेड़ा पहुंचने पर जनता ने क्रांतिकारियों का भरपूर स्वागत किया। तत्पश्चात् देवली, टोंक व आगरा होते हुए क्रांतिकारी दिल्ली पहुंचे।

जब नसीराबाद में हुई क्रांति की सूचना एरिनपुरा छावनी पहुंची तो सिरोही में तैनात एरिनपुरा की जोधपुर लीजियन ने 21 अगस्त 1857 को क्रांति का बिगुल बजा दिया। क्रांतिकारियों ने एरिनपुरा पहुंचकर यहां के सैनिकों को अपने साथ मिला लिया। 23 अगस्त 1857 को एरिनपुरा में मोती खान, शीतल प्रसाद और तिलक राम ने "चलो दिल्ली मारो फिरंगी" का नारा दिया। रास्ते में क्रांतिकारी एरिनपुरा रेलवे स्टेशन को लूटते हुए पाली पहुंचे और पाली के आउवा गांव के ठाकुर कुशाल सिंह चंपावत से मिले। कुशाल सिंह के आग्रह पर आसोप के ठाकुर शिवनाथ सिंह, गूलर के ठाकुर बिशन सिंह, आलनियावास के अजीत सिंह तथा लांबिया और रूपवास के ठाकुर भी सैन्य सहायता देने के लिए तैयार हो गए, अकेले कुशाल सिंह चंपावत ने 6000 की सेना तैयार कर ली। 8 सितंबर को बिथौड़ा में हुए युद्ध में जोधपुर की राजकीय सेना कुशाल सिंह चंपावत से पराजित हो गई। जोधपुर का प्रमुख सेनापति ओनाड़ सिंह मारा गया और कैप्टन हीथकोट भाग गया। 18 सितंबर को चेलावास में हुए गोरे कालों के युद्ध में भी ब्रिटिश सेना पराजित हो गई। इस युद्ध के बाद क्रांतिकारियों ने ठाकुर शिवनाथ सिंह आसोप के नेतृत्व में 10 अक्टूबर को दिल्ली की ओर प्रस्थान किया। क्रांतिकारी नारनौल के युद्ध में पराजित हो गए, वे दिल्ली नहीं पहुंच पाए। 20 जनवरी 1858 को ब्रिगेडियर होम्स के नेतृत्व में एक विशाल सेना आउवा की ओर भेजी गई। इस अंग्रेज सेना पर पहला आक्रमण आउवा की ग्रामीण जनता ने किया। यह युद्ध तीन दिनों तक चलता रहा। 24 जनवरी को किलेदार के विश्वासघात के कारण अंग्रेज सेना का आउवा किले पर अधिकार हो गया। अंग्रेजों में बदले की भावना इतनी प्रबल थी कि उन्होंने पूरे गांव को बुरी तरह लूटा और आउवा के किले को बारूद से उड़ा दिया।

सारे देवालय नष्ट कर दिए और ग्रामीणों पर निर्मम अत्याचार किये। अंग्रेजों ने आउवा किले से क्रांति की देवी सुगाली माता की मूर्ति, 6 पीतल और 7 लोहे की तोपें व बहुत सारा बारूद लूट लिया।

राजस्थान में सर्वाधिक उग्र, सुनियोजित और सफल क्रांति कोटा में हुई। 15 अक्टूबर को लाला जयदयाल तथा रिसालदार मेहराब खान के नेतृत्व में कोटा में क्रांति का आगाज़ हुआ। क्रांतिकारियों ने कोटा रेजीडेंसी में आग लगा दी, मेजर बर्टन; उसके दो पुत्रों फ्रैंक, आर्थर व डॉक्टर सैडलर और काटम को मौत के घाट उतार दिया। बर्टन की हत्या करके उसका सिर भवानी और नारायण पलटन द्वारा पूरे कोटा शहर में घुमाया गया। शेरगढ़ सेना ने महाराव को किले में कैद कर लिया। महाराव द्वारा बर्टन के बचाव हेतु भेजे गए देवीलाल नमक दूत की क्रांतिकारियों ने हत्या कर दी। करौली के मदनपाल और 2000 राजपूत सैनिक भी क्रांति का दमन करने में असफल रहे। ए.जी.जी. लॉरेंस के आदेश पर जनरल रॉबर्ट्स के नेतृत्व में 5500 सैनिकों तथा करौली के शासक मदनपाल की सहायता से 30 मार्च 1858 को कोटा पर पुनः ब्रिटिश नियंत्रण स्थापित हो गया। अंग्रेजों ने जयदयाल की गिरफ्तारी के लिए ?12000 का इनाम रखा, किंतु एक देशद्रोही ने रूपयों के लालच में लालाजी को धोखे से गिरफ्तार करवा दिया। अंग्रेजों ने लालाजी जी को तोप से उड़ा दिया तथा मेहराब खान को उसी स्थान पर फांसी दी जहां मेजर बर्टन की हत्या की गई थी। धौलपुर के गुर्जर नेता देवी सिंह और भवानी शंकर ने क्रांति हेतु 3000 गुर्जर सैनिक एकत्रित किए। जल्द ही ग्वालियर व इंदौर से आए हुए 5000 सैनिक भी इसमें शामिल हो गए।

नोरा ने बिलबोर्ड फीचर के साथ

## रचा इतिहास



एक ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत नोरा फतेही ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह एक सच्ची ग्लोबल स्टार हैं। नोरा फतेही एक बार फिर सुर्खियों में हैं, इस बार टैलेंट मैनेजर और सीईओ अंजुला आचार्य और रैपर किंग जैसे इंडस्ट्री के पावर प्लेयर्स के साथ बिलबोर्ड फीचर की शोभा बढ़ा रही हैं! वार्नर ब्रदर्स के साथ तीनों की अभूतपूर्व साझेदारी ने उन्हें बिलबोर्ड फीचर में एक प्रमुख स्थान दिलाया है, जहाँ उनके संगीत और मनोरंजन के जरिए संस्कृतियों को जोड़ने के प्रयासों को सराहा गया है। यह कवर फीचर नोरा की पॉप म्यूजिक की दुनिया में क्रॉसओवर को सुदृढ़ करता है, और अंजुला आचार्य ने इसे संभव बनाने के लिए 5 जंक्शन रिकॉर्ड्स और वार्नर रिकॉर्ड्स के साथ मिलकर इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। स्नेक के साथ बाधाओं को तोड़ने से लेकर एक ग्लोबल पॉप कलाकार के रूप में अपनी जगह बनाने तक, नोरा की यात्रा वही है जिसका इंडस्ट्री को इंतजार था। इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी साझा करते हुए नोरा ने लिखा- एक और मील का पत्थर! बिलबोर्ड कवर पर मेरी पहली उपस्थिति! यह बहुत बड़ी बात है, मेरे वैश्विक म्यूजिक करियर के विज़न की दिशा में एक और कदम! अभी बहुत कुछ होने वाला है, और मैं तब तक इंतजार नहीं कर सकती जब तक दुनिया देख न ले कि आगे क्या होने वाला है! अपनी टीम की आभारी हूँ–यह हमारा समय है. जेसन डेरुलो के साथ उनके धमाकेदार कोलाब स्नेक से लेकर रेवनी के साथ उनके हिट अफ्रोपॉप सिंगल पेपेटा और जैक नाइट के साथ प्रशंसकों के पसंदीदा डर्टी लिटिल सीक्रेट तक, नोरा एक जीवंत और बहुमुखी वैश्विक संगीत सूची बनाना जारी रखती हैं। उनके सोलो ड्रॉप आई एम बॉसी ने एक उभरती हुई ग्लोबल पॉप ताकत के रूप में उनकी उपस्थिति को और मजबूत किया। संगीत के अलावा, नोरा फिल्म और फैशन में भी धूम मचा रही हैं। उन्होंने बी हैप्पी में अपनी मुख्य भूमिका से दर्शकों को प्रभावित किया और अब वे बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट द रॉयल्स में नजर आने वाली हैं। फैशन के मोर्चे पर, उन्होंने लुई वुइटन की म्यूज के रूप में पेरिस फैशन वीक में अपनी चमक बिखेरी और ऑस्कर आफ्टर-पार्टी में सब का ध्यान अपनी ओर खींचा। उनकी यात्रा का एक गौरवपूर्ण क्षण वह था जब वह फीफा वर्ल्ड कप के मुख्य कार्यक्रम में परफॉर्म करने वाली पहली भारतीय कलाकार बनीं थी, जिसे लाखों लोगों ने देखा। नोरा फतेही सिर्फ सीमाएँ पार नहीं कर रही हैं - एक-एक दमदार कदम के साथ, वह वैश्विक पॉप की कहानी में अपना नाम खुद लिख रही हैं।

वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी के घर

## जल्द गूंजेगी किलकारी



टॉलीवुड स्टार वरुण तेज और उनकी पत्नी लावण्या त्रिपाठी जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसके बाद कई सेलेब्स लगातार उन्हें बधाई दे रहे हैं। टॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। वह अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की, जिसमें वे हाथ में छोटे बेबी शूज लिए हुए हैं। वरुण तेज ने आज इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वरुण और लावण्या के सिर्फ हाथ दिखाई दे रहे हैं। दोनों के एक-दूजे के हाथ को कस के पकड़ रखा है और साथ ही उन्होंने छोटे बेबी के क्यूट शूज भी दो उंगलियों की मदद से पकड़ रखे हैं। इसके प्यारी तस्वीर के साथ वरुण ने कैप्शन में लिखा, जीवन की अब तक की सबसे खूबसूरत भूमिका- जल्द ही आ रही है। वरुण की इस खास पोस्ट के बाद कई सेलेब्स उन्हें लगातार बधाई दे रहे हैं।

अल्लू से लेकर राम चरण की पत्नी ने दी वरुण और लावण्या को माता-पिता बनने की बधाई

साउथ अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने लिखा, बहुत-बहुत बधाई, आप तीनों को ढेर सारा प्यार!, प्रज्ञा जायसवाल ने लिखा, वाह बधाई हो, अदिति राव हैदरी ने लिखा, बधाई हो, आप दोनों को ढेर सारा प्यार, रकुल प्रीत सिंह ने लिखा, हस्स बधाई हो, राम चरण की पत्नी उपासना कामिनेनी ने लिखा, सबसे अच्छी खबर, सबसे प्यारे माता-पिता बनने वाले, अल्लू अर्जुन की पत्नी स्नेहा ने लिखा, बधाई हो, सामंथा रुथ प्रभु ने लिखा, बधाई हो।

## रजनीकांत को पसंद आई सूर्या की 'रेट्रो', बताया सुपर

1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई अभिनेता सूर्या स्टारर एक्शन फिल्म 'रेट्रो' को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। इस बीच 'थलाइवा' रजनीकांत ने भी 'रेट्रो' देखी और अभिनेता की



एक्टिंग को 'सुपर' बताया। निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर कर बताया कि सुपरस्टार रजनीकांत को उनकी फिल्म बेहद पसंद आई और उन्होंने इसमें सूर्या के अभिनय को सुपर बताया है। कार्तिक सुब्बाराज ने लिखा, थलाइवा ने रेट्रो देखी और उन्हें यह बहुत पसंद आई। फिल्म में शानदार काम करने के लिए थलाइवा ने टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पूरी टीम ने शानदार प्रयास किया और सूर्या की एक्टिंग सुपर है। फिल्म के आखिरी 40 मिनट आपको बांधे रखते हैं। निर्देशक ने पोस्ट में बताया कि फिल्म को लेकर थलाइवा की तारीफ मिलने पर वह खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा, मैं बहुत खुश हूं, लव यू थलाइवा। रजनीकांत से पहले अभिनेता वरुण धवन ने रेट्रो देखी और इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट शेयर कर अपने विचार रखे थे। फिल्म की कहानी और कलाकारों की तारीफ करते हुए वरुण ने लिखा, कल रात रेट्रो देखी। रुक्मणी के किरदार में पूजा हेगड़े बहुत पसंद आई। पूजा, आप फिल्म में बहुत प्यारी लगीं और सूर्या हमेशा की तरह फिर से आपका काम शानदार लगा।

टाइगर श्रॉफ

## 'जहान-द लास्ट गिफ्ट' में एनवायरनमेंट कहानीकार बने



वेव्स समिट 2025 में इसकी आधिकारिक स्क्रीनिंग के बाद, टाइगर श्रॉफ ने इसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस विचारोत्तेजक शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी किया। बॉलीवुड के सबसे युवा एक्शन सुपरस्टार और पर्यावरण के प्रति समर्पित टाइगर श्रॉफ एक बार फिर सुर्खियों में हैं – लेकिन इस बार एक बेहद भावनात्मक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण विषय को लेकर चर्चा में हैं। टाइगर द्वारा अभिनीत शॉर्ट फिक्शन फिल्म जहान-द लास्ट गिफ्ट को वेव्स समिट 2025 में प्रदर्शित किया गया, जिसने पर्यावरण चेतना और मानवीय जिम्मेदारी के बारे में बातचीत को बढ़ावा दिया। टाइगर श्रॉफ, जो इस शॉर्ट फिल्म में मुख्य भूमिका में भी शामिल हैं, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा-कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। इस शक्तिशाली संदेश वाली शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बनकर खुशी हुई, जिसे मेरे भाई राहुल शेट्टी ने निर्देशित किया है। इस समय इसकी ही जरूरत है राहुल शेट्टी द्वारा निर्देशित जहान जलवायु परिवर्तन और मानवीय उदासीनता की कठोर वास्तविकताओं को दर्शाती है, जो मार्मिक कहानी और प्रभावशाली दृश्यों के माध्यम से दर्शकों को जोड़ती है। इस फिल्म का निर्माण आर.डी. एंटरटेनमेंट प्रा. लि. और आरएस स्टूडियोज द्वारा किया गया है। यह एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों से प्रकृति से दोबारा जुड़ने और यह सोचने की अपील करती है कि हम अपने पीछे कैसी विरासत छोड़ रहे हैं। एक ऐसा प्रोजेक्ट जो टाइगर के दिल के बेहद करीब है, जहान टाइगर की प्रकृति प्रेम के प्रति लंबे समय से चली आ रही वकालत और एक युवा आइकन के रूप में उनकी भूमिका को दर्शाता है जो अपने मंच का उपयोग सार्थक कारणों के लिए करता है। अपने अनुशासन और समर्पण के लिए जाने जाने वाले टाइगर इस दिल को छू लेने वाली भूमिका में भी वही गहराई लाते हैं, जो इस बात की पुष्टि करता है कि असली ताकत उन चीजों की रक्षा करने में है जो वास्तव में मायने रखती हैं। फिल्म का हिस्सा बनने के बारे में अपने अनुभव को साझा करते हुए, टाइगर श्रॉफ ने कहा, जहान का हिस्सा बनना एक बहुत ही सार्थक अनुभव था।

## हाउस अरेस्ट शो: रेप केस के बाद से गायब हैं एजाज खान, फोन भी स्विच ऑफ



मुंबई के चारकोप पुलिस स्टेशन में दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद हाउस अरेस्ट शो के होस्ट और अभिनेता एजाज खान गायब हैं। मुंबई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उनका फोन भी बंद है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई की चारकोप पुलिस ने एजाज खान से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह संपर्क में नहीं हैं, एजाज खान का फोन भी स्विच ऑफ है। एजाज खान के घर पुलिस पहुंची थी। लेकिन, वह अपने घर पर नहीं मिले। एजाज खान पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एक अभिनेत्री ने मामला दर्ज करवाया है। वहीं, सोमवार को 'अश्लील' शो 'हाउस अरेस्ट' के प्रसारण को लेकर अभिनेता एजाज खान और उल्लू ऐप के मालिक को समन भेजकर जांच अधिकारी के समक्ष बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। मुंबई की अंबोली पुलिस ने सोमवार को समन भेजा है। एजाज खान पर शो हाउस अरेस्ट में अश्लील कंटेंट प्रसारित करने का आरोप है, जिसके बाद सोशल मीडिया के साथ आम लोगों में भी आक्रोश देखने को मिला। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता की शिकायत पर अंबोली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। इस मामले में पुलिस ने उल्लू ऐप के मैनेजर का बयान दर्ज कर लिया है। इससे पहले 2 मई को एजाज खान को समन जारी हुआ था। उल्लू ऐप ने हाउस अरेस्ट के सारे विवादित एपिसोड अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिए हैं। इस विषय में महाराष्ट्र साइबर सेल के प्रमुख यशस्वी यादव ने जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि निर्देश पर ऐप ने शो को बंद कर दिया है। यदि कोई शिकायत मिलती है तो वह एक्शन लेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी एजाज खान के साथ ही उल्लू ऐप के सीईओ विभु अग्रवाल को समन भेजकर 9 मई को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा है।

## अजय देवगन बॉलीवुड का सबसे भरोसेमंद फ्रैंचाइज़ी हीरो



बॉलीवुड के सबसे विश्वसनीय सितारों में से एक, अजय देवगन, आज न केवल एक अभिनेता हैं, बल्कि एक चलती-फिरती फ्रैंचाइज़ी मशीन बन चुके हैं। उनकी हालिया फिल्म 'रेड 2', 1 मई को रिलीज़ होने के कुछ ही दिनों में अपनी लागत निकालकर ?79 करोड़ से ज्यादा कमा चुकी है, और अब यह ?100 करोड़ क्लब की ओर तेज़ी से बढ़ रही है। लेकिन यह फिल्म केवल शुरुआत है–आने वाले दो वर्षों में अजय कई हिट फिल्मों की अगली कड़ियों में नजर आएंगे, जिनमें 'दे दे प्यार दे 2', 'गोलमाल 5', 'धमाल 4', 'शैतान 2', 'दृश्यम 3' और 'सन ऑफ सरदार 2' शामिल हैं। अजय देवगन बॉलीवुड के सबसे सफल और बहुआयामी अभिनेता हैं, जिन्होंने विभिन्न शैलियों में अपनी अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया है। उनकी फिल्मों की फ्रैंचाइज़ी ने उन्हें एक ऐसा स्थान दिलाया है जहाँ वह एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक सिनेमाई ब्रह्मांड के निर्माता के रूप में स्थापित हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि अजय अलग-अलग शैली की फ्रैंचाइज़ीज़ का नेतृत्व कर रहे हैं–चाहे वह 'सिंघम' जैसा एक्शन हो, 'दृश्यम' जैसी इमोशनल थ्रिलर, या 'गोलमाल' जैसी फुल ऑन कॉमेडी। उनकी हर फ्रैंचाइज़ी एक अलग दुनिया पेश करती है, और दर्शक खुशी-खुशी हर ब्रह्मांड का हिस्सा बन जाते हैं। यही उनकी ताकत है–वो हर जॉनर में विश्वसनीयता लेकर आते हैं। जहाँ एक ओर 'सिंघम' ने एक पुलिस यूनिवर्स की नींव रखी जिसमें रणवीर सिंह और अक्षय कुमार जैसे सितारे भी जुड़े, वहीं 'दृश्यम' ने परिवार और बलिदान की गहराई दिखाई। इसके उलट 'गोलमाल' और 'धमाल' दर्शकों को हंसी के समुंदर में डुबो देते हैं।

'तन्वी द ग्रेट' में नजर आएंगे बोमन ईरानी

## अनुपम खेर बोले- 'राजासाब' आपका आभार

फिल्म निर्देशक-अभिनेता अनुपम खेर की अपकमिंग फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अभिनेता आए दिन फिल्म के कलाकारों, कहानी समेत अन्य जानकारी से प्रशंसकों को रूबरू करा रहे हैं। उन्होंने पोस्ट शेयर कर फिल्म के नए किरदार 'राजा




साब' से मिलवाया, जो अभिनेता बोमन ईरानी का है। खेर का मानना है कि उन्होंने अपने अभिनय से फिल्म को और भी बेहतरीन बना दिया। इंस्टाग्राम पर बोमन ईरानी के किरदार का पोस्टर शेयर करते हुए अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा, ''तन्वी द ग्रेट' के अभिनेता बोमन ईरानी न केवल बेहतरीन कलाकार, बल्कि बेहतरीन इंसान भी हैं। सेट पर उनके जैसा दोस्त होना जीवन में संपत्ति की तरह है। खेर ने बताया कि जब उन्होंने बोमन को फिल्म की कहानी के बारे में बताया तो उन्होंने झट से हां कह दिया और उनकी प्रतिक्रिया भी शानदार थी। खेर ने बताया, जब मैंने उन्हें 'तन्वी द ग्रेट' का आइडिया सुनाया तो उन्होंने तुरंत कहा कि वह हमारी फिल्म का हिस्सा बनेंगे। फिल्म में उनकी मौजूदगी और अभिनय लाजवाब है! हर शॉट के बाद उनकी सराहना मेरे लिए मायने रखती है! तन्वी द ग्रेट के निर्देशक अनुपम खेर ने अपकमिंग फिल्म में बोमन के किरदार और नाम से भी पर्दा उठाया। उन्होंने खुलासा किया, 'राजा साब' को इतने प्यार, संवेदनशीलता और गहराई से गढ़ने के लिए बोमन का शुक्रिया। आपने किरदार में जो गहराई लाई है, वह तन्वी को बेहतरीन बनाती है। बता दें, बोमन ईरानी और अनुपम खेर के बीच दोस्ती का रिश्ता है और दोनों साथ में कई फिल्में कर चुके हैं। दोनों साल 2006 में रिलीज हुई दिबाकर बनर्जी की फिल्म खोसला का घोसला के साथ ही साल 2022 में आई फिल्म ऊंचाई में भी काम कर चुके हैं। सूरज बड़जात्या की फिल्म में अनुपम और बोमन के साथ अमिताभ बच्चन, नीना गुप्ता, सारिका, नफीसा अली, डैनी डेन्जोंगपा, परिणीति चोपड़ा समेत अन्य सितारे हैं।

# युरिन रोकने के भी होते हैं फायदे



आपने ये तो सुना होगा कि पेशाब रोकने के नुकसान के बारे में तो सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी पेशाब रोककर रखने के फायदे के बारे में सुना है? जी हां, शोधकर्ता आइरिस ब्लैंड्रो-गिलिले के अनुसार पेशाब रोकने से इच्छा शक्ति बढ़ती है। विज्ञान के अनुसार भी ये ट्रिक काम करती है।

## क्या कहता है शोध

पेशाब पर हुए एक अनुसंधान से पता चलता है कि पेशाब को रोककर रखना आपकी इच्छा शक्ति को बढ़ाने में सहायक हो सकता है। कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, फुलरटन में साइकोलॉजी की एसोसिएट प्रोफेसर, आइरिस ब्लैंड्रो-गिलिले के अनुसार इसका संबंध इंपल्स कंट्रोल (आवेग नियंत्रण) से है। प्रोफेसर, आइरिस ब्लैंड्रो-गिलिले ने ब्लैडर (मूत्राशय) के भरे होने पर दिमाग को होने वाले फायदे पर अनुसंधान किया जिसमें पता चला कि मूत्राशय के भरे होने पर न सिर्फ इच्छा शक्ति बढ़ती है बल्कि अधिक विश्वसनीय तरीके से झूठ बोला जा सकता है।

## आवेगों से लड़ने में मदद मिलती है

प्रोफेसर आइरिस कहती हैं कि ऐसा नहीं है कि पेशाब करने से दिमाग का कोई हिस्सा सक्रिय हो जाता है, लेकिन आपको लगता है कि आप आत्म संयम को ट्रिगर कर रहे हैं, जिससे आपको अन्य प्रकार के आवेगों से लड़ने में मदद मिलती है। आवेग को कम प्रभावी करने वाला यह प्रभाव आपको बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकता है। पेशाब से संबंधित एक और शोध में इन शोधकर्ताओं ने पाया कि भ्रामक मानसिक परीक्षण के दौरान जिन लोगों ने पेशाब किया उनकी तुलना में, पेशाब रोककर रखने वाले लोगों ने ज्यादा स्कोर पाया।

शोध में पाया गया कि जिन लोगों ने पेशाब को रोककर रखा वे प्रश्नों पर ज्यादा बेहतर तरीके से फोकस कर पाए। बल्कि उन्हें लेजर जैसा फोकस मिला। ब्लैंड्रो-गिलिले कहती हैं कि इस शोध में उन्होंने लोगों को तब तक पेशाब जाने तक रोका, जब तक कि उन्हें ऐसा करने की इच्छा हो रही थी। लोगों को तब नहीं रोका गया जबकि वे पेशाब रोक ही न पा रहे हों। तो पेशाब को बहुत ज्यादा देर तक नहीं रोकना चाहिए। हालांकि वहीं दूसरी ओर कई शोध और विशेषज्ञ ज्यादा देर तक पेशाब रोककर रखने के गंभीर नुकसानों को साबित कर चुके हैं। ऐसा करने से यूरिन ट्रेक्ट इंफेक्शन हो सकता है।

# जमीन से निकाला 300 साल पुराना जहाज



वर्जीनिया के ओल्ड टाउन अलेक्जेंड्रिया में एक नए होटल के कन्स्ट्रक्शन साइट पर जब खुदाई की गई, तो वहां से करीब 300 साल पुराना एक जहाज के अवशेष बाहर निकले हैं। बताया जा रहा है कि यह जहाज साल 1775 से 1798 के बीच में कभी डूब गया होगा। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, पुरातत्व वैज्ञानिकों ने 220 एस यूनियन स्ट्रीट से एक जहाज का आंशिक हिस्सा प्राप्त किया है। यह शहर के पोटोमैक रिवर वाटरफ्रंट के अहम रीडेवलेपमेंट का हिस्सा है।

यह वन ब्लॉक साइट पर है, जहां वर्कर्स ने दो महीने पहले 1755 की एक वेयरहाउस की नींव खोजी थी। जिसे शहर की पहली सार्वजनिक बिल्डिंग माना जा रहा है। कंस्ट्रक्शन के समय ऐतिहासिक सबूतों पर निगरानी रखने वाली फर्म, थंडरबर्ड आर्कियोलॉजी के फील्ड डायरेक्टर डैन बैंग्ली ने बताया कि यह काफी दुर्लभ है। यह लगभग कभी नहीं होता है। पिछले 15 सालों से मैं यह काम कर रहा हूं। मैंने कभी भी एक ऐसे शहरी माहौल में इस तरह का संरक्षण नहीं देखा, जहां बहुत ज्यादा बाधाएं हों। नेवल आर्कियोलॉजिस्ट्स भी साइट पर स्टाफ से मिल गए। वे इस जहाज के हर हिस्से की जांच कर रहे हैं। इसकी संरचना से पता लगाया जा रहा है कि आखिर यह कहां से चला था और क्या लेकर जा रहा था? आम जनता को मंगलवार से सुबह के 10 बजे से लेकर दोपहर तक इस खोज को देखने के लिए बुलाया गया है। इसके बाद इसे इस जगह से हटा लिया जाएगा।

# इस व्यक्ति ने सालभर खाया सिर्फ पिज्जा





एक व्यक्ति ने वर्ष 2015 के पहले दिन एक अजीब संकल्प लिया। उसने सालभर तक सिर्फ पिज्जा खाने का संकल्प लिया। यह व्यक्ति है केल फौगी। केल ने जनवरी 2015 में नव वर्ष का संकल्प लिया कि वे रोजाना सिर्फ पिज्जा ही खाएंगे। साथ ही चैरिटी के लिए पैसे जमा करने का संकल्प लिया था। संकल्प लेने के बाद केल ने रोजाना हर 24 घंटे में एक बार पिज्जा की एक स्लाइस खाते हुए रिकॉर्डिंग की। साथ ही केल ने रोज पिज्जा खाने के नतीजे इंस्टाग्राम पेज तस्वीर डालकर पोस्ट की। केल टमाटर और चीज रैंक के 365 पिज्जा खाने के बाद भी बीमार नहीं पड़ा। इतना ही नहीं उसने चैरिटी के लिए पैसे भी जमा किए। गो फंड मी पेज पर उसने 6 लाख 80 हजार रुपए जमा किए। केल ने ऑटिज्म स्पीक्स को अपनी पसंद की चैरिटी के रूप में चुना।

## लैपटॉप की स्क्रीन को साफ करने से पहले जरा ध्यान दें

अगर आप अपने लैपटॉप या फिर कंप्यूटर को साफ करने की सोच रहे है तो जरा संभल कर ऐसा न हो कहीं आप की जरा सी चूक की वजह से लैपटॉप या फिर कंप्यूटर की स्क्रीन का भारी नुकसान हो। अक्सर देखा गया है ग्लास या फिर स्क्रीन को साफ करने के लिए पेट्रोल, केमिकल या फिर साधारण पानी का प्रयोग किया जाता है। इसके प्रयोग से स्क्रीन में खरोंच के साथ उसकी चमक भी चली जाती है। लैपटॉप या फिर पीसी की स्क्रीन को साफ करने के लिए प्रयोग किया जाने वाला कपड़ा काफी सॉफ्ट और साफ होना चाहिए।

## पेट के कैंसर से बचा सकता है बैंगनी आलू



बैंगनी आलू को अपने भोजन में शामिल कर आप पेट के कैंसर से बच सकते है। बैंगनी आलू पेट के कैंसर के लिए जिम्मेदार स्टेम कोशिकाओं को नष्ट कर देते हैं तथा इस घातक बीमारी को फैलने से रोकते हैं। अमेरिका की पेन्सिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में खाद्य विज्ञान के सहायक प्रोफेसर जयराम वानामाला ने बताया कि कैंसर का मुकाबला करने के लिए स्टेम कोशिकाओं पर हमला करना एक प्रभावी तरीका है।

आदतन

# झूठ बोलने की बीमारी



आज अधिकतर लोग यही कहते मिल जाएंगे कि झूठ बोलने में हर्ज ही क्या है। झूठ की शान तब और बढ़ जाती है जब यह कहा जाता है कि कोई काम यदि झूठ बोलने से बनता हो या किसी की जान बचती हो तो झूठ बोलने में कोई हर्ज नहीं। मगर झूठ का मामला यहीं नहीं रुकता। आज यह कारोबार है, जीवनशैली है। हमें अपने इर्दगिर्द तमाम ऐसे लोग मिल जाएंगे जो सुबह से शाम तक कई बार झूठ बोलते हैं। उनके लिए यह सामान्य बात है और वह इस हद तक जा पहुंचता है कि इसमें उन्हें मजा आने लगता है।

अपने झूठ के सहारे किसी दूसरे को चकित या भ्रमित करना उनके लिए ओलंपिक में भाग लेने से कम नहीं है। बहरहाल, ऐसे लोग अपनी इस आदत या शौक के बारे में चाहे जो सोचें लेकिन मनोचिकित्सकों की निगाह में यह एक बीमारी है। उनकी सलाह है कि लोग सावधान हो जाएं। हो सकता है कि सामने वाले पैथोलॉजिकल लायर यानी झूठ बोलने के शिकार हों। ऐसे व्यक्ति अपने हिस्टीरिकल व्यक्तित्व की वजह से चाह कर भी सच नहीं बोल पाते। वे रोजमर्रा के जीवन में बिना हानि-लाभ के भी झूठ बोलते हैं। वे अपनी बात शुरू ही झूठ से करते हैं।

दूसरे, कुछ लोग अपनी ही बात को झूठ साबित करने पर तुले रहते हैं। वे सुबह कुछ कहते हैं और शाम को कुछ और। मगर ऐसे लोगों का झूठ समाज को नुकसान नहीं पहुंचाता। हां, इससे उनके घर वाले व नजदीक के दूसरे लोग जरूर परेशान होते हैं। घर के माहौल, अतिरिक्त दबाव, भय या आनंद के लिए भी कई दफा बच्चों को झूठ बोलने की आदत पड़ जाती है। वे बात-बात में झूठ बोलते हैं। बड़े होकर यही बच्चे बिना बात साधारण-सी घटना को बढ़ा-चढ़ाकर बताने की आदत पाल लेते हैं। धीरे-धीरे यह झूठ उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाता है और उन्हें अपने झूठ बोलने का अहसास ही नहीं रह जाता। रोजमर्रा से जुड़ी घटनाओं को लें और देखें कि आप झूठ पकड़ने में कितने होशियार हैं।

वे अपने भाई या बेटे से पूछें कि क्या तुम सिगरेट पीते हो या कोई महिला अपने पति से पूछे कि तुम रोजाना देर से क्यों घर आते हो? क्या तुम्हारे ऑफिस में काम बढ़ गया है या तुम मुझसे कुछ छिपा रहे हो? जो भी उत्तर मिलेगा, उससे यह जाना जा सकता है कि वे झूठ बोल रहे हैं या झूठ। सच का पता लगाने के लिए किसी खास प्रशिक्षण की जरूरत नहीं होती। न ही सामने वाले को कोई अपराधी मानने की जरूरत है। बस उनकी आवाज पर ध्यान दें क्योंकि आवाज के सहारे यह पता लगाया जा सकता है कि झूठ बोला जा रहा है या सच। झूठ बोलते हुए आवाज में परिवर्तन आने के वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद हैं। यह बात दूसरी है कि हम उस पर ध्यान नहीं देते, खासकर तब जब बोलने वाला थोड़ा चालाक हो। इसलिए प्रश्न पूछने के बाद बोलने वाले की आवाज पर ध्यान देना चाहिए। झूठ बोलते ही बोलने वाले की सामान्य व्यवहार में परिवर्तन आ जाता है।

या तो वह जरूरत से ज्यादा संयमित दिखने की कोशिश करेगा या हाथों का सहज चलना एकाएक बंद हो जाएगा। धोखाधड़ी के मामलों पर अध्ययन कर रहे विशेषज्ञों ने माना है कि मनुष्य में सच-झूठ में अंतर करने की क्षमता निहायत कमजोर होती है। लंबे समय तक शोधकर्ता यही तर्क देते रहे कि झूठ बोलने वाले नजरें मिलाने से कतराते हैं। सच न बोलने वाले सामान्य लोगों से ज्यादा नजरें मिलाकर और दम से बात करते हैं। झूठ बोलने वाला ऐसा इसलिए करता है ताकि अपने चारों तरफ सच का वातावरण तैयार कर सके और यही वह स्थिति है जहां हम धोखा खा जाते हैं।

अब तक शोधकर्ताओं ने झूठ बोलने वाले के बारे में यही कहा है कि झूठ बोलने वाला प्रश्न पूछे जाने पर रुक-रुक कर और सोच-सोचकर बोलता है। उसका वाक्य-विन्यास छोटा होता है। उसकी भाषा में गलतियां होती हैं और पूरी बातचीत के दौरान स्थिर-सा रहता है।

### झूठ बोलने वाले को कैसे पहचानें

- झूठ बोलने वाला व्यर्थ की बातों को बढ़ा-चढ़ाकर बताता है।
- इस तरह की सोच वाले हमेशा अपने आपको दूसरों से बेहतर साबित करने में लगे रहते हैं। अगर किसी व्यक्ति को सही-गलत सिखाना चाहेंगे तो वह उलट कर आपको गलत साबित करने की कोशिश करेगा। प्यार और अच्छे मकसद से समझाने पर भी आपकी बात नहीं मानेगा। वह बहस करने लगेगा। वह अपने आप में किसी भी तरह की कमी से इनकार कर देता है।
- इस तरह का व्यक्ति अपने आपका एक सच्चाई का पेश बनाकर रखता है लेकिन, वह सच का महत्व नहीं समझता। अगर उसे झूठ बोलेंगे तो वह या तो बात काट लेगा या फिर सामने वाले व्यक्ति को बुरा-भला कहकर खुद को सच्चा साबित करने में लगा रहेगा। वह जब अपनी बात साबित नहीं कर पाता तो ऐसे दर्शाता है जैसे कुछ भी नहीं हुआ है और सब मिलकर बात का बतंगड़ बना रहे हैं।
- इस तरह के व्यक्ति क्योंकि सच में विश्वास नहीं करते इसलिए वफादार भी नहीं होते। वह व्यक्ति हर समय अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं तथा किसी भी परिस्थिति में अपने जैसे व्यक्ति ढूंढते हैं।
- अगर ऐसे व्यक्ति का झूठ पकड़ा जाता है तो वह सहानुभूति अर्जित करने के लिए अपने आपको बीमार दिखाते हैं तथा अपने आपको किसी भयानक बीमारी से ग्रस्त बताकर सहानुभूति लेना चाहते हैं। यह उस स्थिति से बचने का हथियार होता है।
- यह व्यक्ति हमेशा अपनी बातों पर टिककर नहीं रह पाता। पल-पल में वाक्य बदलता है, पर ऐसे लोगों की मैमोरी जबरदस्त होती है। वे एक साथ कई झूठ बोलते हैं और यह याद भी रखते हैं कि कहां क्या बोला था। इसलिए उनका झूठ जल्दी पकड़ा नहीं जाता।





### यह है इलाज

आदतन झूठ बोलने वाले को किसी अच्छे मनोचिकित्सक और मनोवैज्ञानिक की सलाह लेकर कुछ सेशन लेने चाहिए।

**साइकोथैरेपी:** यह एक लम्बी प्रक्रिया है। इसमें रोगी को मनोवैज्ञानिक बल दें। रोगी का ध्यान दूसरी तरफ लगाने की कोशिश करें। नकारात्मक व नैराश्यपूर्ण बातें, मानसिक परेशानियों का कारण बनती हैं। रचनात्मक गतिविधियों में अपनी सक्रियता बढ़ाकर इससे बचा जा सकता है। यह अनुसंधान से साबित हो चुका है। मधुर संगीत आपके तनाव को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। भजन या फिर शास्त्रीय संगीत का आनंद लें।

**संज्ञानात्मक व्यवहारात्मक थैरेपी:** यह आपके नकारात्मक विचारों को दूर करने में सहायक होती है। इसके अलावा, जीवन के प्रति आपका सकारात्मक रवैया बनता है।

# कब्ज से निजात के लिए करें योगमुद्रासन



कहा जाता है कि बीमारियों की शुरुआत पेट से होती है। अगर पेट कब्जियत से मुक्त हो तो उसकी कार्यप्रणाली सुचारु होती है और जब पेट की कार्यप्रणाली सुचारु होती है तो तमाम बीमारियां अपने आप दूर रहती हैं। स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि पेट को दुरुस्त रखा जाए और इस दृष्टि से योगमुद्रासन का नियमित अभ्यास एक अच्छा उपाय हो सकता है। चूंकि योगमुद्रासन रीढ़ से जुड़ी नसों की कार्यप्रणाली को भी सही करता है, इसीलिए योग की साधनाओं की उपयोगिता बहुत महत्वपूर्ण है।

### आसन की विधि

- टांगों को सामने फैला कर बिल्कुल सीधा बैठें।
- अब दाएं घुटने को मोड़कर पांव को बायीं जांघ पर इस तरह रखें कि एड़ी घुटनों के मूल से सटी हो।
- अब बायीं टांग को भी घुटनों से मोड़कर पांव को दाईं जांघ पर वैसे ही रखें जैसे पहले दायें पांव को बाईं पर रख चुके हो।
- वस्तुत- यह पद्मासन है। जो योगमुद्रासन की साधना के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है। अगर पद्मासन में बैठना आपके लिए संभव न हो तो आप अपनी सुविधानुसार अर्ध पद्मासन में भी बैठ सकते हैं। इसके लिए आपको घुटने तो दोनों मोड़ने होंगे, लेकिन जांघ पर एक ही पांव रखना होगा। दूसरा पांव आप एक पैर के नीचे रख सकते हैं।
- अब आप अपनी आंखें बंद कर लें। गहरी सांस लें और शरीर को ढीला छोड़ दें।
- दोनों हाथों को पीठ की तरफ पीछे ले जाएं और एक हाथ की कलाई को दूसरे हाथ से पकड़ लें।
- सांस को धीरे-धीरे बाहर की तरफ छोड़ते हुए आगे की तरफ इस तरह झुकें कि ललाट फर्श की तरफ हो।
- शरीर को फिर से ढीला छोड़ दें और सामान्य ढंग से सांस लें। जितनी देर तक आसानी से सम्भव हो इसी मुद्रा में बनी रहें।
- इसके बाद सांस को अंदर की ओर खींचते हुए वापस पहले जैसी अवस्था में आ जाएं।
- बैठने के लिए पद्मासन की मुद्रा में पांवों को आपस में अदल-बदल कर यानी बाएं की जगह दाएं और दाएं की जगह बाएं पैर को रखकर इसी प्रक्रिया को दुहराएं।

**इस आसन से लाभ:** यह पेट की मांसपेशियों का मसाज करता है। इससे पेट के विभिन्न हिस्सों में होने वाली छोटी-बड़ी बीमारियों का उपचार भी हो जाता है। खास तौर से कब्जियत और अपच के मामले में यह अत्यंत लाभकारी साबित होता है। रीढ़ की हड्डी को भी यह पोषण देता है। रीढ़ से जुड़ी हुई नसों में लोच उत्पन्न करके यह उनकी कार्यप्रणाली को अधिक सुचारु बनाता है और स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

**सावधानियां:** अगर आपकी आंखों, हृदय या पीठ में लंबे समय से कोई गंभीर रोग हो तो इस आसन का अभ्यास न करें। अगर किसी तरह का ऑपरेशन या प्रसव हुआ हो तो भी कुछ दिन रुक कर स्वास्थ्य सामान्य हो जाने के बाद ही इसका अभ्यास करना चाहिए।

**कुछ खास बातें:** आसन करते हुए अगर आप पर्याप्त समय तक इसका अभ्यास न कर सकें तो थोड़े-थोड़े समय के लिए दो-तीन बार इसका अभ्यास कर सकती हैं। इस आसन का अभ्यास या तो सुबह नाश्ते के पहले कर लें या फिर दोपहर के भोजन के कम से कम चार घंटे बाद शाम को करें। योगमुद्रासन के बाद कोई ऐसा आसन भी करना चाहिए जिसमें पीठ पीछे की ओर मोड़ी जाती हो।

# अपने बच्चों की आंखों पर भी दें ध्यान



आंखें प्रकृति की नियामत हैं। इन्हें सहेज कर रखना हम सबका कर्तव्य है। बचपन से ही बच्चों को सिखाया जाना चाहिए कि आंखों की उचित देखभाल करना कितना जरूरी है।

### क्या करें

- बच्चे की पढ़ाई वाले स्थान पर उचित प्रकाश का होना आवश्यक है।
- जब बच्चा पढ़ रहा हो तो माता-पिता इस बात पर ध्यान दें कि पुस्तक पर प्रकाश पड़ना चाहिए न कि पुस्तक पर अपनी परछाई।
- कुछ भी खाने से पूर्व बच्चों को सिखाएं कि अपने हाथों को अच्छी तरह धोने के बाद ही भोजन ग्रहण करें।
- बच्चों के नाखूनों को समय-समय पर काटते रहें।
- बच्चों को संतुलित आहार दें। आहार में सूप, मौसमी, हरी सब्जियां, फल, दूध, दही आदि दें।
- बच्चों को कम से कम 8 घंटे की नींद लेने दें।
- सूर्य की तेज किरणों से बच्चों को बचा कर रखें। अधिक गर्मी में उन्हें बाहर न भेजें और न ही खेलने दें।
- बच्चों को समझाएं कि बैठ कर पढ़ाई करें और टी.वी. भी बैठकर देखें। पुस्तक उचित दूरी पर रखें और आंखों के बीच उचित दूरी बना कर रखें।
- टी.वी. देखते समय बीच-बीच में आंखों को आराम दें।
- बच्चों को तेज हवा में बाहर जाने से रोकें।
- बच्चों को आंखों के हल्के-फुल्के व्यायाम सिखाएं। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए दोनों हथेलियों से आंखों को ढंक कर नेत्रों को चारों ओर धीरे-धीरे घुमाएं।
- बच्चों की कब्ज पर ध्यान दें। कब्ज भी आंखों पर कुप्रभाव डालती है।
- बच्चों को नहलाते समय ध्यान दें कि साबुन वाला पानी या झाग आंखों में न जाए।
- लगातार सिरदर्द की शिकायत होने पर बच्चों की आंखों का चेकअप करवाएं।




### क्या न करें

- गंदे पानी से आंखों को न धोने दें।
- दूसरों के रुमाल, तौलिए और ऐनक का प्रयोग न करने दें।
- कम रोशनी में बच्चों को न पढ़ने दें।
- बच्चों को गंदे हाथ आंखों पर न मलने दें।
- बगैर चिकित्सक से परामर्श लिए कोई भी दवा आंखों में न डालें।
- गर्म पानी का शावर सीधा चेहरे पर न डालने दें।
- तेज रसायनयुक्त साबुन, शैंपू का प्रयोग न करने दें।

## रेसिपी

### कड़ाला करी



**सामग्री**

1 कप काला चना, रातभर भिगोकर छाने हुए, 1 टेबल स्पून खड़ा धनिया, 1 टी स्पून सौंफ, 5 सूखी लाल मिर्च (पान्डी), टुकड़ों में तोड़ी हुई, 3/4 कप कसा हुआ नारियल, 1 1/2 टेबल-स्पून तेल, 1/2 कप बारीक कटा हुआ प्याज, 1 कप बारीक कटे हुए टमाटर, 1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर, नमक स्वादअनुसार, 1/2 टी-स्पून सरसों, 1 सूखी कश्मीरी लाल मिर्च, टुकड़ों में तोड़ी हुई, 5 कढ़ी पत्ता

**विधि**

खड़ा धनिया, सौंफ और पान्डी लाल मिर्च को एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में मिलाकर मध्यम आंच पर 3 मिनट के लिए भून लें। मिश्रण को पूरी तरह ठंडा होने दें। ठंडा करने के बाद, नारियल और लगभग 1/2 कप पानी के साथ मिक्सर में पीसकर मुलायम मिश्रण बना लें। चना, नमक और 2 कप पानी को एक प्रेशर कुकर में मिलाकर, 4 सीटी तक प्रेशर कुक कर लें। ढक्कन खोलने से पूर्व सारी भाप निकलने दें। एक तरफ रख दें। एक गहरी नॉन-स्टिक कढ़ाई में 1 टेबल स्पून तेल गरम करें, प्याज डालकर मध्यम आंच पर 3 4 मिनट तक भून लें। टमाटर डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच में हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 4 मिनट तक पका लें। तैयार पेस्ट और हल्दी पाउडर डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर, बीच-बीच में हिलाते हुए 4 मिनट तक पका लें। पके हुए चने के पानी के साथ चना और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर, बीच बीच में हिलाते हुए 6 से 8 मिनट तक पका लें।

### उसल



**सामग्री**

1 कप मिले-जुले अंकुरित दानें (मूंग, चना, मटकी आदि), 2 टी-स्पून तेल, 1 टी-स्पून जीरा, 1/4 टी-स्पून हींग, 1/2 कप कटा हुआ प्याज, 1 कप कटे हुए टमाटर, 3 टेबल-स्पून तैयार सूखी लहसुन की चटनी, 1/2 टी-स्पून हल्दी पाउडर, नमक स्वादअनुसार, सजाने के लिए, 1/4 कप बारीक कटा हुआ प्याज, 2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया, परोसने के लिए, लेमन वेज

**विधि**

एक प्रेशर कुकर में तेल गरम करें और जीरा और हींग डालें। जब बीज चटकने लगे, प्याज डालकर, मध्यम आंच पर 1 मिनट तक भून लें। टमाटर डालकर, मध्यम आंच पर 2 मिनट के लिए, बीच-बीच में हिलाते हुए पका लें। सूखी लहसुन की चटनी डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच में एक बार हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 1 मिनट तक पका लें। मिले-जुले अंकुरित दानें, हल्दी पाउडर, नमक और 11/2 कप पानी डालकर अच्छी तरह मिला लें और 3 सिटी तक प्रेशर कुक कर लें। ढक्कन खोलने से पूर्व सारी भाप निकलने दें। प्याज और धनिया से सजाकर, लेमन वेजस् के साथ गरमा गरम परोसें।

# रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैया लाल धाकड़ की पत्नी स्व. सुषमा देवी धाकड़ तथा पूर्व विधायक स्व.विवेक धाकड़ की स्मृति में 13 मई को आयोजित होने वाले 12 वें विशाल रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ की अध्यक्षता में आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकंडरी स्कूल में बैठक आयोजित की गई।रक्तदान शिविर के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई।इस मौके पर रक्तदान शिविर तथा सामूहिक विवाह सम्मलेन के भामाशाह तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वालीं प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

# सरस्वती देवी मोदानी रा उ मा विद्यालय को 35 टेबल-स्टूल व 10 पंखे किये भेंट



जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** कस्बे के माहेश्वरी भवन के पास स्थित सरस्वती देवी मोदानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कस्बे के तत्कालीन नगरसेठ स्व. रामजीदास मोदानी के पौत्र अनुराग मोदानी ने आवश्यक सुविधाओं की कमी से जूझ रही छात्राओं के लिए 35 टेबल-स्टूल सेट व 10 पंखे भेंट किये है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हेमप्रभा शर्मा ने बताया कि विद्यालय में केवल कक्षा 12 की छात्राओं के लिए टेबल-स्टूल की व्यवस्था है जबकि शेष कक्षाओं की छात्राएं दरी-पट्टी पर ही बैठकर अध्ययन करती है। वहीं कक्षा कक्ष में पंखों की कमी के चलते असुविधा महसूस होती थी। प्रधानाध्यापिका शर्मा ने बताया की पुस्तकालय, कम्प्यूटर कक्ष, स्टाफ रूम सहित कई कक्षाओं में गर्मी से निजात पाने के लिए पंखों का अभाव है। लक्ष्मीनारायण मोदानी ने बताया कि एक टेबल-स्टूल के सेट पर तीन छात्राओं के बैठने की सुविधा है। टेबल-स्टूल के 35 सेट व 10 पंखे दिये जाने पर विद्यालय परिवार ने लक्ष्मीनारायण अनुराग मोदानी का कृतज्ञ भाव से आभार व्यक्त किया। ज्ञात रहे कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु अनुराग मोदानी के दिवंगत दादा तत्कालीन नगरसेठ रामजीदास मोदानी ने किराये पर चल रहे तत्कालीन राजकीय चिकित्सालय के आजाद चौक स्थानांतरित होने पर मय भूमि के खरीदकर अपनी स्व. धर्मपत्नी सरस्वती देवी मोदानी की स्मृति में विद्यालय बनाकर दिया था।

# तामडिया में भव्य महायज्ञ में पंचमुख हनुमंत कवच के लिए विशेष आहुतियां दी



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निसं.)** जयपुर के चाकसू स्थित श्री राम धाम आश्रम तामडिया में धन्ना पीठाधीश्वर बजरंग देवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुंडली श्री सीताराम महायज्ञ में आठवें दिन शुक्रवार को यजमानों संतो महंतों एवं श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में आहुतियां दी। यज्ञ संयोजक रामेश्वर ताखर ने बताया कि दादू पीठाधीश्वर ओम प्रकाश दास महाराज, पलसाना सीकर से राम मनोहर दास महाराज एवं सीताराम दास महाराज बरडा नागौर ने यज्ञ में शामिल होकर आहुतियां दी। श्रद्धालुओं ने आए हुए सभी संतो का आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति की ओर से संतों का स्वागत सत्कार एवं अगवानी की गई। आचार्य यज्ञिक रत्न पंडित दिनेश त्रिवेदी ने बताया कि शुक्रवार को राम सहस्र नामावली एवं पुरुष सूक्त की आहुतियां दी गई। यज्ञाचार्य ने यह भी बताया कि यज्ञ के दौरान भारत पाकिस्तान विवाद को लेकर भारत की जीत शहीदों की आत्म शांति एवं देश पर आए संकट पर विजय पाने की कामना के लिए भी पंचमुख हनुमत कवच की विशेष आहुतियां दी गई। इस दौरान शनिवार को संतो महंतों की मौजूदगी में यज्ञ को पूर्णाहुति होगी। इस दौरान बाद में भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मदन लाल चौधरी ने दी गई।

# राजस्थान में MBBS और नर्सिंग परीक्षाएं स्थगितः भारत-पाक तनाव के बीच फैसला

**जयपुर(कासं.)** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब शैक्षणिक गतिविधियों पर भी दिखने लगा है। राजस्थान हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी ने 15 मई से शुरू होने वाली MBBS और नर्सिंग परीक्षाएं आगामी आदेश तक स्थगित कर दी हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह निर्णय सुरक्षा कारणों और वर्तमान हालात को देखते हुए लिया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान द्वारा राजस्थान की सीमाओं पर बार-बार मिसाइल और ड्रोन हमले किए जा रहे हैं। जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर और जोधपुर जैसे सीमावर्ती जिलों में ब्लैकआउट और हाई अलर्ट जैसी स्थिति बनी हुई है। ऐसे में छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया है। विश्वविद्यालय ने छात्रों से कहा है कि वे आगे की सूचना के लिए यूनिवर्सिटी की वेबसाइट और आधिकारिक चैनलों पर नजर बनाए रखें।

# खरीफ दलहन वार्षिक समूह बैठक 2025 का जयपुर में समापन, दलहन आत्मनिर्भरता की दिशा में नए संकल्प

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में आयोजित खरीफ दलहन वार्षिक समूह बैठक 2025 का आज राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा, जयपुर में सफलतापूर्वक समापन हुआ। तीन दिवसीय इस बैठक में देशभर से आए लगभग 200 दलहन वैज्ञानिकों, परियोजना समन्वयकों और कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में खरीफ दलहनी फसलों की उन्नत किस्मों, अनुसंधान की प्रगति और आत्मनिर्भरता की दिशा में भविष्य की रणनीतियों पर व्यापक चर्चा हुई। समापन सत्र के मुख्य अतिथि श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने कहा कि मूंग, मोठ और ग्वार जैसी फसलें राजस्थान की कृषि-जलवायु परिस्थितियों में न केवल किसानों की आय का मजबूत आधार हैं, बल्कि मृदा की उर्वरता बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित सूखा-प्रतिरोधी तकनीकों और जैविक खेती के मॉडलों को किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। खासतौर पर मोठ की पांच नई किस्मों में से दो को उत्पादन में क्रांतिकारी कदम बताया। ICAR के





सहायक महानिदेशक (दलहन एवं तिलहन) डॉ. संजीव गुप्ता ने "दलहनी फसलों की आत्मनिर्भरता की ओर एक धक्का और" नारा देते हुए AICRP नेटवर्क को और अधिक प्रभावी व परिणामोन्मुखी बनाने की बात कही। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर बीज आपूर्ति, अनुसंधान और नीति समन्वय को बेहतर बनाने की आवश्यकता जताई। आईआईपीआर, कानपुर के निदेशक डॉ. जी.पी. दीक्षित ने दलहन अनुसंधान में आई प्रगति को साझा करते हुए बताया कि नई किस्मों और तकनीकों से देश में उत्पादन स्तर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं एनबीपीजीआर के निदेशक डॉ. जी.पी. सिंह ने खरीफ, रबी और जायद सीजन के लिए उपयुक्त किस्मों के विकास, बीज वितरण प्रणाली के सशक्तिकरण और राज्य योजनाओं में दलहनों को प्राथमिकता देने की जरूरत बताई। AICRP खरीफ पल्सेज के परियोजना समन्वयक डॉ. आदित्य प्रताप ने बैठक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी तकनीकी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। उन्होंने क्षेत्रीय अनुसंधान और किसानों तक नई तकनीकों की पहुंच सुनिश्चित करने पर बल दिया। एसकेएनएयू जोबनेर के अनुसंधान निदेशक डॉ. शैलेश मारकर ने राजस्थान में खरीफ दलहनों के क्षेत्रफल और उत्पादन में हो रही निरंतर वृद्धि को राज्य के लिए सकारात्मक संकेत बताया। इ्र्छ दुर्गापुरा के निदेशक डॉ. हरफूल सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया। यह बैठक न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बल्कि नीति निर्धारण और खेत स्तर पर क्रियान्वयन के लिहाज से भी मील का पत्थर साबित हुई है। इससे प्राप्त सिफारिशें देश को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निर्णायक योगदान देंगी।

# नियमित श्रमदान से कार्य स्थल साफ, सुंदर व व्यवस्थित रहता है, जिससे कार्यक्षमता भी बढ़ती है- एडीएम

## एडीएम ओमप्रकाश सहारण के निर्देशन में कलेक्ट्रेट कार्मिकों ने किया श्रमदान

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की पहल पर शुक्रवार को एडीएम ओमप्रकाश सहारण के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया। एडीएम ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर का मुआयना कर स्वयं भी श्रमदान कर कार्मिकों का हौंसला बढ़ाया। कार्मिकों ने सफाई कर यह संदेश दिया कि श्रमदान के माध्यम से हर व्यक्ति को जुड़ना है एवं सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा बनाना है। श्रमदान के दौरान साफ की गई घास एवं अन्य कचरे के साथ ही मिट्टी को वहां से हटाकर अन्य स्थल पर डाला गया। श्रमदान के प्रति सभी ने रूचि दिखाई एवं अपने हाथों से श्रमदान कर कार्यालय परिसर को सदैव स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने की सीख दी। एडीएम ने कहा कि कार्यालयों में श्रमदान के कई फायदे होते हैं, जो ना केवल कार्य स्थल के माहौल को बेहतर बनाते हैं, बल्कि कर्मचारियों के विकास में भी मदद करते हैं। इससे टीम भावना और सहयोग में वृद्धि होती है, सभी कर्मचारियों के मिलकर कार्य करने से आपसी समझ बढ़ती है और टीमवर्क मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि अपने ऑफिस के लिये कुछ करने से कर्मचारियों में उस स्थान के प्रति अपनापन और जिम्मेदारी का भाव आता है। नियमित श्रमदान से कार्य स्थल साफ, सुंदर व व्यवस्थित रहता है, जिससे कार्य क्षमता भी बढ़ती है।

# महाराणा प्रताप जयंती पर कुचामन में निकली केसरिया शोभायात्रा

## राजपूत समाज के युवा वह मातृ शक्ति केसरिया साफा पहनकर उतरे सड़कों पर शोभा यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा करके किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** शुक्रवार वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर केसरिया शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें राजपूत समाज के सैकड़ो युवक युवती सहित राजपूत समाज के कई बुजुर्ग शामिल हुए यह शोभा यात्रा कुचामन के डूंगरी के बालाजी से शुरुआत हुई वह कुचामन फोर्ट में जाकर महाराणा प्रताप की तस्वीर की पूजा पूजा अर्चना करके इस शोभा यात्रा का समापन हुआ। इस शोभा यात्रा में कुचामन के समीप गांव रूपपुरा पलाड़ा खारिया सहित कई गांव के लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा का कुचामन सिटी में हिंदू युवा वाहिनी की तरफ से पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया इसके अलावा कई सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया शोभा यात्रा में शामिल युवा पाकिस्तान मुर्दाबाद भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर शोभायात्रा में दलपत सिंह गच्छीपुरा जोगेंद्र सिंह रूपपुरा रघु प्रताप सिंह राठौड़ कल्याण सिंह राठौड़ श्रीपाल सिंह राठौड़ देवी सिंह चौहान शाहिद राजपूत समाज के सैकड़ो लोग इस शोभा यात्रा में शामिल हुए।



### हिंदू युवा वाहिनी के सैकड़ो कार्यकर्ता ने की पुष्प वर्षा

शोभा यात्रा में हिंदू या वाहिनी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने डीडवाना रोड पर शिवाय स्टोर के सामने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की हिंदू युवा वाहिनी से मदनलाल कुलड़िया विजेंद्र मुहाल शिवा मुहाल दिनेश रूप सिंह राजपुरोहित अंकित शर्मा चैन सुख गुर्जर अनिल काला रवि भार्गव सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने गुलाब की पंखुड़ियां से शोभा यात्रा का स्वागत किया।

# जयपुर में स्कूल वैन से 9 साल की बच्ची का कथित किडनैप

**जयपुर (कासं.)** जयपुर के मुहाना इलाके में शुक्रवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक स्कूल वैन से 9 साल की बच्ची को जबरन उठाकर कार सवार लोग फरार हो गए। इस घटना को वैन ड्राइवर ने किडनैपिंग करार देते हुए मुहाना थाने में मामला दर्ज कराया। हालांकि, पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि बच्ची को उसके पिता ही लेकर गए हैं और मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा है। मुहाना थाना पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ड्राइवर मुकेश कुमार ने बताया कि वह पत्रकार कॉलोनी से बच्ची को रोजाना स्कूल ले जाता है। शुक्रवार सुबह जब वह बच्ची को लेकर सोसायटी से बाहर निकला, तभी एक कार ने वैन को रोका।

# आत्मविश्वास,सकारात्मक दृष्टिकोण व दृढ़ संकल्प से ही मिलती है मंजिलः कमल यादव



## कैरियर मोटिवेशनल सेमिनार कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निसं.)।** कस्बे के भारती पीजी कॉलेज में कैरियर मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया।मुख्य वक्ता कमल यादव ने बताया कि इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवाओं और पेशेवरों को उनके करियर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना और उन्हें सही दिशा दिखाना था।वक्ता ने आत्मविश्वास, सकारात्मक दृष्टिकोण, और दृढ़ संकल्प के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे चुनौतियों का सामना करते हुए अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते रहना चाहिए। सेमिनार में उपस्थित लोगों ने वक्ता के विचारों को ध्यान से सुना और उनसे प्रेरणा प्राप्त की।वही प्रतिभागियों ने कहा, "यह सेमिनार हमारे लिए आँखें खोलने वाला था। हमें अब अपने करियर को लेकर और भी ज़्यादा आत्मविश्वास महसूस हो रहा है। सेमिनार में करियर मार्गदर्शन सत्र भी आयोजित किए गए, जहाँ विभिन्न करियर विकल्पों और उनमें सफलता प्राप्त करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रतिभागियों को अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही करियर चुनने में मदद मिली। आयोजक ने बताया कि इस तरह के सेमिनार भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि और भी अधिक लोगों को उनके करियर के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता मिल सके। यह कैरियर मोटिवेशनल सेमिनार न केवल ज्ञानवर्धक था, बल्कि इसने प्रतिभागियों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी किया। यह उन सभी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था जो अपने करियर में आगे बढ़ना चाहते हैं और सफलता की नई ऊँचाइयों को छूना चाहते हैं।अगर आप भी अपने करियर को लेकर प्रेरित महसूस करना चाहते हैं और सही मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहते हैं, तो ऐसे आगामी सेमिनारों पर ज़रूर ध्यान दें।इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सेमिनार कार्यक्रम में हिस्सा लिया।


राजस्थान सरकार

## कार्यालय- अधिशाषी अभियन्ता, दशम खण्ड, इ. गा. न. प. तारानगर (चूरू)

ई-मेल पता- xen10taranagar@gmail.com

No. 172 Date. 01.05.2025

**ई - निविदा संख्या 02 वर्ष 2025-26**

राजस्थान राज्यपाल महोदय, की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा नवीन पंजीयन नियमों के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पजीकृत एंव अनुभवी संवेदकों से ई-निविदा संख्या 02 वर्ष 2025-26 में वर्णित कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा डाउनलोड करने की तिथि / अपलोड करने की तिथि तथा निविदा की शर्तें, इत्यादि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट http://sppp.rajasthan.nic.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 01.05.2025 सांय 05.00 बजे से दिनांक 13.05.2025 प्रातः 11.00 बजे तक http://eproc.rajastan.gov.in से डाउनलोड / अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदाएँ दिनांक 13.05.2025 को मध्यानह पश्चात् 3.00 बजे खोली जावेगी ।

NIB code : IGB2526A0009
UBN IS: IGB2526WSOB00035
UBN IS: IGB2526WSOB00036

147/2025

(प्रभु सिंह राठौड़)
अधिशाषी अभियन्ता
दशम खण्ड,इ.गा.न.प. तारानगर (चूरू)

## कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)

फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in

Date : 08-05-2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for of street light work invited from interested bidders upto 06:00 PM 20-05-2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.

UBN is: DLB2526SLRC04084

Raj.Samwad/C/25/1989

Executive officer
Municipal Board, Ratannagar

## राजस्थान शिक्षा संकुल भवन समिति

भू-तल, ब्लॉक-6, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर Email- rss_bs@yahoo.com, फोन नं: 0141- 2701751

क्रमांक :- एफ-5(2)(33)/RCSCE/सिविल/भवन समिति/निविदा प्रकाशन/2025-26/25 दिनांक :- 08/05/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या रा.शि.सं.भ समिति/2025-26/05-08**

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निम्नानुसार कार्यो हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ई – निविदाऐं 06.05.2025 से 12.05.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख) |
|---|---|---|
| 1 | डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर जयपुर में साफ–सफाई कार्य का वार्षिक अनुबन्ध। | 13.42 |
| 2 | डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर जयपुर में मरम्मत, रख–रखाव, विविध सिविल संधारण एवं रंगाई–पुताई कार्य हेतु दर अनुबन्ध। | 15.00 |
| 3 | डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर जयपुर में सेनेटरी उपकरणों व जलापूर्ति फिटिंग के रख–रखाव एवं मरम्मत कार्यों का दर अनुबन्ध। | 10.00 |
| 4 | डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर जयपुर में जोइनरी (Joinery) कार्य का दर अनुबन्ध। | 10.00 |

- निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in** एवं **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।
- निविदा से सम्बन्धित प्रक्रिया राजस्थान शिक्षा संकुल भवन समिति के स्तर से की जावेगी।

**UBN No. : RSE2526SLOB00099, WSRC00101, GSRC00100, WSRC00102, SSRC00096, WSRC00098, SSOB00097**

राज.संवाद/सी/25/1999 अधीक्षण अभियंता

## OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DAREEBA P.S. PATAN (NEEM KA THANA)

DATE : 08-05-2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract of Material Procurement in varies construction works undar MGNAREGA and Other Scheme For FY 2025-26 are invited from intersted bidders till Date 19-05-2025, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is RS : 2000000

UBN No. PKP2526GSRC00043

PRASHASHAK
G.P. DAREEBA

VDO
G.P. DAREEBA

## कार्यालय ग्राम पंचायत कल्याणसर

पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा.प.क./खु.नि./ 2025-26/30-37 दिनांक- 09/05/2025

**खुली - निविदा सूचना 07-09/2023-24**

ग्राम पंचायत कल्याणसर में साफ सफाई के कार्य को 6 माह हेतु सम्पादित करने के लिए उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजिकृत संवेदकों से ई-टेडर प्रर्ि या द्वारा ऑनलाईन / आफलाईन निविदाये आमंत्रित कि जाती है। उक्त निविदाएं SPPP portel पर upload कर दी गई है। उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in or http://SPPP rajasthan.gov.in NIB NO ZCR2526A0206 UBN No- ZCR2526SSOB00357 Download कर देखी जा सकती है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत कल्याणसर
पं. स. बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कल्याणसर
पं. स. बीदासर (चूरू)

## पूर्व सैनिकों ने प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पूर्व सैनिकों ने देश सेवा में निस्वार्थ भाव से देश हित में इस मुश्किल घड़ी में अपना सहयोग देने के लिए ज्ञापन दिया। कैप्टन शिवराम सिंह ख्यालिया ने बताया कि पाकिस्तान की कायराना हरकत के खिलाफ अपनी सैन्य कार्यवाही का पूरा समर्थ करते है। देश को जरूरत हुई तो पूर्व सैनिक तैयार बैठे। उपखंड अधिकारी के नाम सौंपे ज्ञापन में यह आग्रह किया है कि इस कठिन समय में यदि लोकल प्रशासन को किसी भी समय पूर्व सैनिकों की जरूरत है तो हम अपने आप को भाग्यशाली समझेंगे। इस अवसर पर सूबेदार मेजर घीसाराम ख्यालिया, सूबेदार गोपाल सिंह, सूबेदार दान सिंह , सूबेदार जगेंद्र सिंह, सूबेदार महिपाल सिंह,हवलदार सुरेन्द्र ढाका, कैप्टन मदन , कैप्टन कान सिंह, सूबेदार रिछपाल हवलदार सादुल खान, सूबेदार भागीरथ मुंड, हवलदार संसार सिंह, सूबेदार जमालुदीन, सूबेदार, सांवरमल ढाका, सार्जेंट रणबीर गढ़वाल, सूबेदार मेजर शमशेर अली, हवलदार मांगीलाल हवलदार हनुमान कैप्टन, शिवराम सिंह ख्यालिया सहित बहुत से पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## महिलाओं ने बढ़ाया मदद का हाथ, नंदीशाला महिला विंग ने जिला कलक्टर को सौंपी 51 हजार सहयोग राशि



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** देश में चल रहे वर्तमान युद्ध के हालातों को देखते हुए, देशवासियों का अपनी सेना के प्रति समर्पण और सहयोग लगातार सामने आ रहा है। इसी क्रम में झुंझुनूं की नंदीशाला समिति की महिला विंग ने शुक्रवार को भारतीय सेना के सहायतार्थ 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता जिला कलक्टर को भेंट की। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सीमा पर उनके भाई देश की रक्षा में जुटे हुए हैं और वे यहां अपने उन भाइयों की सुरक्षा और कुशलता के लिए प्रार्थना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह छोटी सी आर्थिक सहायता उनकी तरफ से देश की सेना के लिए एक छोटा सा योगदान है। नंदीशाला टीम की सदस्या सपना राणासरिया, डॉ. भावना शर्मा, अनिता सैनी, निर्मला ढंढारिया, नवल खण्डेलिया, प्रमोद टीबड़ा, अनिल राणासरिया, दिलीप हंसासरिया, नंदलाल मोदी, प्रमोद टिबड़ा, पवन पांडला और राजेश अहलूवालिया शामिल रहे और उन्होंने जिला कलक्टर को सहायता राशि सौंपी। इसके अतिरिक्त, टीम के साथ आए भू अभिलेख निरीक्षक राजेश अहलूवालिया ने भी देश की सेना के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्थन व्यक्त करते हुए अपने एक दिन का वेतन 'भारतीय सेना की सहायता' कोष में देने का प्रार्थना पत्र जिला कलक्टर को प्रस्तुत किया।

## ओमदास महाराज ने बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति का किया अनावरण

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** विधानसभा क्षेत्र की जेतपुरा पंचायत की बासडी में बाबा साहब बीआर अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण सांगलिया पीठाधीश्वर ओमदास महाराज ने किया। ओमदास महाराज ने बताया कि अगर यंहा के लोग लाइब्रेरी बनाते है तो किताबे सांगलिया धूणी की तरफ से फ्री उपलब्ध करवाई जाएगी और साथ ही जिले में कोई गरीब असहाय बच्चा पढ़ना चाहता है तो सांगलिया में फ्री शिक्षा दिलाई जाएगी। जेतपुरा सरपंच पवन वर्मा के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जेतपुरा सरपंच ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान विधायक भगवानाराम सैनी, भाजपा नेता विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा,पोसाना सरपंच, पवन वर्मा,सुरेश खारड़िया,भोलाराम मीणा, तेजपाल भोजगढ़, पूर्व सरपंच पोसाना गिरधारी वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## झुंझुनू डंपर यूनियन ने हटाया धरना



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** झुंझुनूं डंपर यूनियन ने देश हित और भारत और पाकिस्तान के बीच के तनाव को देखते हुए धरने का को हटाने का निर्णय लिए और और जो डंपर खड़े है उनको यहां से रवाना किया और यूनियन ने फैसला किया कि अगर युद्ध के दौरान परिवहन के लिए आर्मी को जरूरत पड़ती है तो निश्चित आर्मी का सहयोग करेंगे हमारी 3 मांगो में से एक मांग पूरी हुई है जिसमें डीटीओ डॉ मखन लाल जांगिड़ को निलंबित किया अब यूनियन का प्रतिनिधि मंडल जयपुर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा आगामी आदेश तक समिति की और से सांकेतिक चार और पांच व्यक्ति यहां बैठे रहेंगे और अगर कोई आदेश जिला कलेक्टर और सरकार का आदेश जो भी आएगा युद्ध को देखते हुए उसको यूनियन की संघर्ष समिति मानेगी। इस दौरान अध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश महेंद्र धायल, रोहिताश बांगड़वा, बजरंग, ।आशुतोष, पवन चौधरी, अनिल बालाजी, वीरेंद्र, करतार काका, चीकू कुलहरि, योगेश बजावा, मोनू सिंगनोर, ।रमेश गोदारा और सातों विधानसभा के लोग मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री शांति धारीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस, 237 करोड़ रुपए के सरकारी विज्ञापन घोटाले का है आरोप

जयपुर टाइम्स

**(कास)।**सुप्रीम कोर्ट ने भजनलाल सरकार द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर नोटिस जारी किया है. पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में कथित तौर पर सरकारी विज्ञापन घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया. न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने मामले की सुनवाई की और आगे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया. इस पूरे विवाद के केंद्र में वे सभी निर्णय हैं, जो राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जांच के दायरे में आए थे और जो उस समय लिए गए थे. मामला उस वक्त का है, जब शांति धारीवाल तत्कालीन नगरीय विकास मंत्री थे और जीएस संधू (सेवानिवृत्त आईएएस) राजस्थान सरकार में प्रमुख सचिव के पद पर कार्यरत थे. सुप्रीम कोर्ट में मामला फिर से सामने आने के बाद यह जांच का विषय बना है कि क्या इन दोनों के कार्यकाल में सरकारी पदों का दुरुपयोग करते हुए खरीद प्रक्रियाओं की अनदेखी कर भारी वित्तीय निर्णय लिए गए? राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा, अधिवक्ता निधि जसवाल और वरिष्ठ अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने मजबूत दलीलें दीं.



### बिना किसी टेंडर के फर्जी बिल बनाकर निकाल ली राशि

उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित भजनलाल सरकार ने इस मामले में पुराने रुख को बदलते हुए जनता के धन के दुरुपयोग की गंभीर सामग्री के आधार पर यह याचिका दाखिल की है. यह घोटाला 2014 में दर्ज की गई 4 एफआईआर (संख्या 404, 406, 407 और 408) पर आधारित है. इस एफआईआर में आरोप लगाया गया कि क्रेयॉन्स एडवर्टाइजिंग लिमिटेड और इसके निदेशक अजय चोपड़ा ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, स्थानीय निकाय विभाग और निवेश एवं संवर्धन ब्यूरो के अधिकारियों के साथ मिलकर फर्जी विज्ञापन बिल तैयार किए. बिना किसी टेंडर प्रक्रिया के राज्य सरकार से करोड़ों रुपए की राशि निकाल ली.

### राज्य को भारी वित्तीय नुकसान

जांच में यह सामने आया कि 2008 से 2013 के बीच कुल विज्ञापन कार्य का लगभग 90% हिस्सा क्रेयॉन्स एडवर्टाइजिंग को सौंपा गया, जो कि स्पष्ट रूप से खरीद नियमों का उल्लंघन था. इसके चलते राज्य को भारी वित्तीय नुकसान हुआ. ACB द्वारा 2017 में दायर चार्जशीट में चयन समिति पर इसकी जिम्मेदारी तय की गई है. इसमें रामप्रसाद जात (तत्कालीन जनसंपर्क अधिकारी), ताराचंद मीणा (निदेशक), श्याम सिंह (अतिरिक्त निदेशक), मनीष गोयल (प्रोजेक्ट डायरेक्टर, स्थानीय स्वशासन विभाग) और राजेन्द्र विजयवर्गीय (सीनियर टाउन प्लानर) का नाम भी शामिल किया गया है. इस चयन को तत्कालीन प्रमुख सचिव जीएस संधू और तत्कालीन मंत्री शांति धारीवाल द्वारा स्वीकृत किया गया था.

### 2017 में दायर की गई थी चार्जशीट

2017 में निजी व्यक्तियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी, 2019 में एक क्लोज़र रिपोर्ट दाखिल की गई. इसमें कुछ सार्वजनिक अधिकारियों और अन्य व्यक्तियों को जांच से बाहर कर दिया गया. फिर भी पूर्व में दाखिल चार्जशीट और पूरक चार्जशीट को अंतिम चार्जशीट माना गया. 10 दिसंबर 2021 को राज्य सरकार ने एक आदेश पारित कर चारों एफआईआरों के संबंध में CrPC की धारा 321 के तहत अभियोजन समाप्ति के लिए आवेदन दाखिल करने का निर्णय लिया. 2022 में यह आवेदन दाखिल किए गए, जिन्हें ACB के विशेष न्यायाधीश ने खारिज कर दिया. 2024 में सरकार बदलने के बाद बीजेपी सरकार ने इन पुनरीक्षण याचिकाओं को वापस लेने का आवेदन दायर किया. हालांकि, राजस्थान हाई कोर्ट ने यह याचिकाएं खारिज कर दीं और राज्य सरकार पर प्रति याचिका ?1 लाख का जुर्माना लगाया. अब सुप्रीम कोर्ट यह तय करेगा कि क्या कोई नवनिर्वाचित राज्य सरकार भ्रष्टाचार जैसे आपराधिक मामलों में पूर्व सरकार के रुख को बदल सकती है?

## कलश यात्रा के साथ शिव पुराण कथा का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** क्षेत्र के नरोदडा इलाके के ढोलास में संचालित कामधेनु गौशाला में शिव पुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह बाबा गरीबदास के मंदिर से लक्ष्मी गौतम वछ्सरोज शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कलश यात्रा कथा स्थल पहुँची। डी. जे. की धुन एवं महिलाओं के मंगल गीतों से कथा स्थल गुंजायमान हो गया। व्यासपीठ के पंडित परमेश्वर लाल गुरुकृपा, बऊ धाम पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज एवं प्रशाशक महेंद्र सिंह ख्यालिया के सानिध्य व पंडित बसंत लाल व शंकर लाल पारीक के मुख्य आचार्यत्व में यजमान प्रहलाद सिंह ने सपत्नीक पूजा करवाई। शिलांग के भामाशाह जगदीश गोयल, अजय अग्रवाल व गुंजन झुंझुनू वाला की ओर से निर्मित भव्य प्रवेश द्वार, सबरी कुटिया व टीन शेड का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। कथा के प्रथम दिन भगवान शिव की महिमा और उनके भक्तों की भक्ति, शिव के विविध रूपों, अवतारों, और उनकी लीलाओं का वर्णन किया। शिव भक्तों की भक्ति और उनकी कथाओं का भी उल्लेख किया गया, जो शिव को समर्पित है। शिव को सृष्टि का रचयिता, पालनकर्ता, और संहारकर्ता के रूप में प्रस्तुत किया।शिव के विभिन्न अवतारों नंदी, गणेश, और आदि की शक्ति के बारे में बताया। कथा में शिव भक्तों की निष्ठा, समर्पण, और प्रेम की भावना का वर्णन किया,जो शिव को प्रसन्न करता है। शिव पुराण में शिव की विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए उनकी अद्भुत शक्ति, अद्भुत रूप, और अद्भुत कर्म को सविस्तार बताया।



शिवलिंग की पूजा, शिव मंत्र का जप आदि के महत्व सहित शिव की महिमा और उनकी भक्ति को उजागर किया। यह कथा शिव भक्तों को उनके प्रति समर्पण और प्रेम का मार्ग दिखाती है। इस अवसर पर सुशील दाधीच, पंडित विकेश शर्मा, श्रवण कुमार रतावा, नर्सिंग ऑफिसर राजेश ख्यालिया, एडवोकेट उम्मेद सिंह, एडवोकेट बलदेव सिंह, नादान सिंह, ओमप्रकाश शिवरान, जगदीश सिंह, मोतीसिंह, मनफूल नैंण, गंगाधर, राजू सिंह, सवाई सिंह, ओमसिंह, मुकेश, राजेंद्र सहित बड़ी संख्या में मातृस्वरूपा महिलाएं उपस्थित रही। संचालन सुशील दाधीच ने किया।

## महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लें युवा पीढ़ी

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** महाराणा प्रताप एक महान योद्धा थे। जिन्होंने देश के दुश्मनों के दांत खट्टे किए थे। उनके नाम से देश के दुश्मन कांपते थे। उन्होंने मुगलों के साथ लोहा लिया और भारत माता की रक्षा की। उनके जैसे वीर भारत के इतिहास में बहुत कम हुए है। जिन्होंने अपना सबकुछ गंवा कर भी भारत माता की रक्षा की। यह विचार शुक्रवार को पूनम बालिका महाविद्यालय, मण्डावा में महाराणा प्रताप के शौर्य दिवस के अवसर पर आयोजित पुष्पार्जलि कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारे वीर योद्धा देश की रक्षा के लिए अपनी व अपने परिवारों तक की कुर्बानी देने में पीछे नहीं रहे। महाराणा प्रताप के राज्य पर मुगलों ने जब कब्जा किया तो महाराणा प्रताप ने जंगलों में रहकर फौज तैयार की और मुगलों से लोहा लिया। जंगलों में महाराणा प्रताप ने घास फूंस की रोटियां खाकर गुजारा किया। लेकिन कभी हार नहीं मानी और मुगलों से टक्कर ली। महाराणा प्रताप जैसे वीरों से हमें अपने देश के लिए सबकुछ कुर्बान करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उनके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि देश सबसे पहले है। उनकी नीतियां व शिक्षाएं हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत का काम कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें देश की एकता व अखंडता के लिए कार्य करना चाहिए। हमारे वीर योद्धा आज की युवा पीढ़ी के मार्गदर्शक है। जिनसे युवा को प्रेरणा मिलती है। इस विचार गोष्ठी में लोकेन्द्र सिंह, अंकित कुमार, जे पी सोनी, भारती बुंदेला प्रवीण बगड़िया आदि ने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष छोटे लाल सैनी, वरिष्ठ पार्षद मो इब्राहिम, दीपक खाण्डल, सलामुद्दीन, दिनेश सैनी आदि मंचासीन रहे। प्राचार्या नीतू ढाका ने मेहमानों का स्वागत करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

## अवैध लकड़ियों से भरी तीन पिकअप जब्तः तस्करी कर हरियाणा ले जाई जा रही थी; वन विभाग ने की कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन कर हरियाणा ले जा रही तीन पिकअप गाड़ियों को जब्त कर लिया है। इन गाड़ियों को उदावास गांव के पास पकड़ा गया। झुंझुनूं रेंजर विजय फगेडिया ने बताया कि सूचना मिलने बाद वन विभाग टीम ने संदिग्ध वाहनों का पीछा किया। उप वन संरक्षक उदाराम सियोल निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान, तीनों वाहनों के चालक मौके का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। हालांकि वन विभाग की टीम ने जब वाहनों की तलाशी ली तो उनमें भारी मात्रा में हरी और प्रतिबंधित लकड़ियां बरामद हुईं। वन विभाग ने सभी लकड़ियों को जब्त कर लिया है और इस मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।



### लकड़ी तस्करों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

रेंजर झुंझुनूं विजय कुमार फगेडिया ने कहा-अवैध लकड़ी के परिवहन को रोकने के लिए वन विभाग का अभियान निरंतर जारी रहेगा। लकड़ी तस्करों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और क्षेत्र में अवैध कटाई और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम के सदस्यों की त्वरित और साहसिक कार्रवाई की सराहना की। जब्त की गई तीनों पिकअप गाड़ियों को घटनास्थल से लाकर रेंज कार्यालय झुंझुनूं में सुरक्षित रूप से खड़ा कर दिया गया।

### ऑपरेशन में वन विभाग की टीम के ये सदस्य शामिल रहे

विजय कुमार फगेडिया रेंजर झुंझुनूं, जयवीर चौधरी वनपाल, सत्यवीर झाझडिया वनपाल, दिनेश कुमार सहायक वनपाल, पिंकू सहायक वनपाल, भरत कुमार वनरक्षक, अमर सिंह भैड़ा वनरक्षक, सुनील कुमार ओला वनरक्षक।

## जैसलमेर में मिले पाकिस्तानी हमले के सबूत, आबादी वाली बस्ती में मिले बम

जयपुर टाइम्स



**जैसलमेर(निस)।** पाकिस्तान की ओर से सीमावर्ती जिले जैसलमेर में गुरुवार रात को हवाई हमला किया गया। इस हमले में मिसाइल, ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सेना ने दुश्मन देश से आने वाले हर हमले का करारा जवाब देते हुए उसे नाकाम कर दिया। शुक्रवार सुबह जैसलमेर के किशनघाट क्षेत्र में रात को हुए इस हमले के दौरान गिरा एक बम मिला है। आबादी वाले इलाके में मिले बम से हड़कंप मच गया। यह बम किशनघाट के पास स्थित नर्सरी के सामने स्थित जोगियों की बस्ती में मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एयरफोर्स की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं और पूरे इलाके को सील कर दिया गया। जैसलमेर शहर में स्थित सूली डूंगर के पास पाकिस्तानी ड्रोन का मलबा मिला है। देर रात आर्मी के लोग मलबा अपने साथ लेकर गए। स्थानीय निवासी और प्रत्यक्षदर्शी अर्जुन नाथ ने सबसे पहले इस संदिग्ध वस्तु को देखा और उसने तुरंत किशनघाट के सरपंच प्रतिनिधि कल्याणराम को इस बारे में अवगत कराया। कल्याणराम ने भी बिना देर किए कंट्रोल रूम के माध्यम से पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सुरक्षाबलों की टीम हरकत में आई। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ-साथ वायुसेना की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। संभावित खतरे को देखते हुए स्थान को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। घटनास्थल पर बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया, जो बमनुमा वस्तु की जांच में जुटा हुआ है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, बरामद की गई वस्तु जीवित बम हो सकती है। इस संभावना को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां पूरी सतर्कता बरत रही हैं और किसी भी अनहोनी से बचने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात करीब 10.30 बजे की बताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि यह बम पाकिस्तान द्वारा जैसलमेर पर किए गए संभावित हमले के दौरान गिरा हो सकता है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस पहलू की भी गहनता से जांच कर रही हैं। इस घटना के बाद से क्षेत्र में भय का माहौल है। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षाबलों ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की है। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है।

## पाकिस्तानी हमलों के बीच सरकार ने ड्रोन उड़ाने पर लगाई रोक

जयपुर टाइम्स

**जोधपुर(निस)** एलओसी पर तनाव है। राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़ जैसे जिलों में पूरी तरह से हाई अलर्ट जारी है। ड्रोन उड़ाने को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तानी से ड्रोन हमले हुए हैं। ऐसे में भारत-पाक अन्तरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र, सैन्य छावनी क्षेत्र रेड जोन के दायरे में शामिल किए गए है, इस एरिया में ड्रोन की गतिविधियों पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ-साथ जिले के अन्य पूरे क्षेत्र को येलो जोन घोषित कर बिना अनुमति ड्रोन के संचालन पर रोक रहेगी। सीमावर्ती इलाके में पाकिस्तानी हमले के बाद कोटा जिले में संवेदनशील एवं सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा को देखते हुए जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत कोटा शहर में स्थित आर्मी एरिया, थर्मल पावर स्टेशन, एयरपोर्ट, कोटा बैराज, डीसीएम, कोटा ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), गोयल प्रोटीन (थाना मंडाना), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ऑयल डिपो बृजेशपुरा (थाना कैथून), चंबल फर्टीलाइज़र केमिकल लिमिटेड (सीएफसीएल) गढ़ेपान (थाना सीमलिया), नवनेरा डैम (थाना बूढ़ादीत), मंगलम सीमेंट लिमिटेड मोडक (थाना मोडक) एवं इनके आसपास 50 मीटर की परिधि को ड्रोन संचालन लिए प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। आदेश के अनुसार इन प्रतिबंधित क्षेत्रों के अलावा सम्पूर्ण कोटा जिले में बिना सक्षम स्वीकृति के ड्रोन संचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा। यह आदेश 8 मई की मध्यरात्रि 12 बजे से प्रभावी होकर 7 जुलाई 2025 की प्रातः 6 बजे तक प्रभावशील रहेगा।



## अस्पताल में वाटर कूलर लगवाया, मरीजों को फल वितरण



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर नगरपालिका में जमादार रहे मुकेश वाल्मीकि की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिजनों के सौजन्य से क्षेत्र के उप जिला अस्पताल में वाटरकूलर लगवाया गया और मरीजों को फल वितरित किए गए। अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर गजानन्द रसगनिया व डॉ. देवीलाल जोशी ने रिबन काटकर वाटरकूलर का उद्घाटन किया। अस्पताल स्टाफ ने इस नेक कार्य के लिए मुकेश वाल्मीकि परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर जिप सदस्य व पूर्व प्रधान तिलोकाराम कस्वां, पार्षद संजय वाल्मीकि, सफाई निरीक्षक त्रिशूल भाटी, राजेंद्र सोनी, महेश गहलोत, अनिल कस्वां, बलदेव, ओमप्रकाश, राजूराम, प्रकाश, प्रेमचंद, अर्जुन फौजी, विनोद, बाबूलाल, महेन्द्र, पवन, सनी, अमित, रवि, आलोक, मोडूराम सहित वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे।

## दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए स्वावलम्बन पोर्टल से करें आवेदन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए स्वालंबन पोर्टल से आवेदन करने के लिए कहा गया है। एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जनलेखा समिति की वर्ष 2024-25 की बैठक व विशेष योग्यजन निदेशालय, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड के लिए नवीन आवेदन केवल भारत सरकार के स्वावलम्बन पोर्टल पर ही 01 मार्च, 2024 से लिए जा रहे है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के स्वावलम्बन पोर्टल पर चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगजन जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड नहीं बना है, वे दिव्यांगजन अपने निकटतम ई-मित्र/राजीव गांधी सेवा केन्द्र या स्वयं के कम्प्यूटर/मोबाईल से भी पंजीयन कर सकते है। पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन के लिए पंजीयन के लिए नाम, पता, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि आदि व आधार कार्ड नम्बर आदि जानकारी तथा पंजीयन हेतु आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस आदि मूल निवास संबंधी दस्तावेज, फोटो एवं हस्ताक्षर, दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि पहले बना हो) आदि दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के स्वावलम्बन पोर्टल के आवेदन की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाईन है। वंचित विशेष योग्यजन ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

## कुश्ती में हामुसर का दबदबा, विजेता टीमों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** निरंकारी चिल्ड्रन उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुरा में अंडर 17 जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन समाजसेवी मैनुद्दीन हामुसर की अध्यक्षता व देवेंद्र लाम्बा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्रतियोगिता में विजय लाखलान, राजेश फौगाट, शिक्षाविद प्रभुराम जाखड़, समाजसेवी महेंद्र नाई विशिष्ट अतिथि रहे। प्रतियोगिता में 45 किलो में कृष्ण हामुसर, 48 किलो में अभिषेक हरपालू , 51 किलो में अजय कुमार हामुसर, 55 किलो में लोकेश हामुसर, 60 किलो में अभिषेक बास ढाकान, 71 किलो में ईश्वर हामुसार, 80 किलो में वैभव चौधरी बास ढाकान, 92 किलो में कानाराम सारण बन्धनाऊ विजेता रहे। ग्रीको रोमन में 48 किलो में मनोज झोरड़ कल्याणपुरा, 60 किलो में किशन हामुसर विजेता रहे। इसी प्रकार बालिका वर्ग में 40 किलो में अंजनीतिका राजगढ़, 43 किलो में मोनिका बास ढाकान, 53 किलो में नेहा बघेला राजगढ़, 61 किलो में कंचन पवार खरतवास विजेता रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को मंचासीन अतिथियों की ओर से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में नरपतसिंह, पहलवान आनंद, रमेश नायक, रोहिताश पूनियां ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पानी उपलब्ध करवाने की मांग, सौपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की ओर से सरदारशहर तहसील मुख्यालय पर पिछले 18 दिनों से चल रहे 9 सूत्रीय मांगों वाले धरने को राष्ट्रहित में अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है।उपखंड क्षेत्र में पानी उपलब्ध करवाने व टूटी सड़कों को सही करवाने की मांग को लेकर एसडीएम डॉ द्विव्या चौधरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की हैं। पार्टी के तहसील अध्यक्ष सांवरमल जाखड़ ने बताया कि वर्तमान में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पानी कि किल्लत के कारण पानी के लिए आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पीएचडी विभाग की ओर से राजनैतिक पहुंच रखने वाले लोगों के घरों में पानी पहुंचाया जा रहा है। जबकि गांव के बीच में पशुओं के लिए पीने के पानी की बनाई गए खेळों में आज भी पानी तक नहीं हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में कई जगहों पर सड़कों की बहुत ही बदहाल स्थिति बनी हुई है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी कोई सुनवाई तक नही की गई है। इस मौके पर पार्टी के नगर अध्यक्ष धीरेंद्र माली, तेजवीर सेना के अध्यक्ष राकेश चौधरी, रूपचंद सारण, लक्ष्मण डूडी, पेमाराम सारण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल की बैठक, पहलगाम हमले की की निंदा

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के टांटिया कुआं स्थित श्री राम मंदिर में शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी की संयुक्त बैठक रखी गई। जिसमें जयपुर प्रान्त मंत्री राधेश्याम गौतम का सान्निध्य रहा। पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों सहित पाकिस्तान के साथ भारत का चल रहा ऑपरेशन सिन्दूर में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के साथ शुरू हुई इस बैठक में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी के अभ्यास वर्ग से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी देकर सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं को इन अभ्यास वर्गों में प्रशिक्षण लेने के लिए शामिल होने का आह्वान किया गया। प्रान्त मंत्री गौतम ने बताया कि प्रशिक्षण वर्गों से ही कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व में निखार आता है और समाज हित में संगठन की ओर से किए जा रहे कार्यों में दक्षता का विकास होता है। उन्होंने इस बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को आरती के समय मन्दिरों में एकत्र होकर शामिल होने की आदत डालने व सप्ताह में एक दिन किसी निश्चित स्थान पर एकत्रित होकर तेजी से बदल रहे सामाजिक परिवेश के संदर्भ में चर्चा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी प्रान्त संयोजिका राजेश्वरी जांगिड़ , जिला मंत्री अरविन्द मिश्रा व सामाजिक कार्यकर्ता सपना लूनियां ने देश भक्ति कविता की ओर से माता और बहनों को देशभक्ति के लिए अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर शंकर दास स्वामी प्रखंड विधि प्रमुख, प्रखंड दुर्गा वाहिनी की विधि प्रमुख कुमारी सोनू पारीक, प्रखंड सह मंत्री मुकेश स्वामी, मनोज सोनी, नारायण भोजक गौसेवा व संवर्धन, विष्णु भोजन प्रखंड गौसेवा व संवर्धन प्रखंड, बजरंग दल सह संयोजक कैलाश राजपूत, हितेश सोनी, विक्रम जांगिड सह गौ रक्षा प्रमुख, दीपक सेन, सचिन सेन, आयुष सैनी, अभिषेक भोजक, गोपाल सोनी सह सत्संग, दुर्गा वाहिनी प्रखंड मिलन प्रमुख मेना स्वामी, बाला देवी, सह बलोपासना प्रमुख राजेश पारीक ने नवीन दायित्वों की घोषणा की। परिषद के प्रखंड अध्यक्ष शिव दयाल पारीक ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन जिला सह संयोजक राहुल सोनी, संयोजक गौरव भोजक, प्रखंड मंत्री रोहिताश सहदेवड़ा ने किया। इस अवसर पर भानीपूरा प्रखंड मंत्री धर्मपाल स्वामी, मातृशक्ति संयोजिका प्रीति सैनी, किरण राव, मीनू जांगिड़, विक्रम जोशी, मुकेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश सोनी, पूर्वांश शर्मा, अमरचंद पंवार, उमाशंकर शर्मा, जयप्रकाश, बृज मोहन सोनी, बाबूलाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भारतीय जनता पार्टी के साथ चुनाव आयोग की मुलाक़ात

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली/ जयपुर।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू व डॉ. विवेक जोशी ने निर्वाचन सदन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ संवाद किया। यह संवाद विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ ईसीआई की ओर से आयोजित जारी संवादों की श्रृंखला का हिस्सा है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विभिन्न हितधारकों के साथ नियमित और बेहतर संवाद को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत, आयोग ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर की राजनीतिक पार्टियों के साथ संवाद की पहल की है। यह संवाद लंबे समय से आवश्यक रचनात्मक चर्चा का मंच प्रदान करेगा, जिससे राष्ट्रीय और राज्य पार्टी अध्यक्ष सीधे आयोग के साथ अपने सुझाव और चिंताएं साझा कर सकेंगे। यह पहल आयोग की व्यापक दृष्टि के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य मौजूदा कानूनी ढांचे के तहत सभी हितधारकों के साथ मिलकर निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाना है। पूर्व में कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 40 बैठकें मुख्य चुनाव अधिकारियों की ओर से 800 जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा और 3,879 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ओर से आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी रही। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के अनुसार राजस्थान में 200 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्तर पर कुल 921 और 33 जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर कुल 182 राजनैतिक प्रतिनिधियों ने आयोजित हुई बैठकों मे भाग लिया था। राज्य स्तर कि बैठक मुख्य निर्वाचन अधिकारी कि अध्यक्षता मे आयोजित हुई थी जिसमे सभी प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### अनियमितताओं की जांच की मांग, आयुक्त को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पार्षद ईकबाल खां कायमखानी ने नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर बताया है कि शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है और सफाई शाखा खुद ठेकेदारों के साथ मिलकर टेंडर करवाने में रूचि रखती है और आधे कामों के भी पेमेंट कर दिए जाते हैं। इसी प्रकार ऑटो टीपर वालों ने हड़ताल कर रखी है, जिसका समाधान नहीं निकाला गया है। ज्ञापन में बताया गया है बारिश के मौसम के मध्यनजर मार्च महीने में ही नालों की साफ-सफाई कार्य, मोटरों, पम्पों की मरम्मत आदि के काम शुरू हो जाते हैं, लेकिन इस मई चल रहा है और न तो नालों की सफाई हुई और न ही मोटरों की मरम्मत आदि के काम हुए हैं। पार्षद ने अनियमितताओं की जांच करवाने की मांग की है। इस बारे में नगरपरिषद के आयुक्त मघराज डूडी ने बताया कि नालों की सफाई के टेंडर हो चुके हैं और नेगोशियेसन के साथ ही काम शुरू हो जाएगा।

# जब बात तिरंगे की आती हैं तो हर भारतीय एक हैः मंडेलिया

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू जिला मुख्यालय पर शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफ़ीक मंडेलिया ने कहा कि कल आल इंडिया कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे केंद्रीय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हम तो भारतीय सेना और सरकार के साथ है , जो कदम उठाए पूरा विपक्ष इंडिया गठबंधन का पूरा समर्थन है। रफ़ीक मंडेलिया ने कहा कि जब बात तिरंगे की आती है तो हर भारतीय एक हो जाता हैं यही हमारी एकजुटता है। रफ़ीक नेकहा भारतीय सेना हर तरह की परिस्थितियों से निपटने में सक्षम है। राजस्थान की सीमा पर भी पाकिस्तान की हरकतों का सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। मेरा सभी प्रदेशवासियों से आग्रह है कि बिल्कुल न घबराए, धैर्य के साथ सतर्क और सावधान रहें व सरकार व जिला प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। सेना दुश्मन को मुंहतोड़ जबाव दें, आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में पक्ष-विपक्ष एक हैं व पूरा देश सेना और सरकार के साथ है। भारत पहले भी पाकिस्तान के दो टुकड़े कर चुका है और अब भी हमारी एकता और सेना के शौर्य से हमारी जीत निश्चित है। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष असलम खोखर, देहात अध्यक्ष किशोर धांधू, पूर्व सभापति गोविंद महानसरिया, नेता प्रतिपक्ष प स धर्मेन्द्र बुडानिया,मोहम्मद हुसैन निर्वाण, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, जिला कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष नारायणन बालान एडवोकेट रामेश्वर रामसरा, युवा नेता रमजान खान, पार्षद विमल शर्मा, प्यारेलाल दानोदिया, कमला पुनिया,बाली बाई,आरिफ़ रिसालदार, जंगशेर खान, मुश्ताक पीठीसर, मोहनलाल टेलर, पार्षद गण ओर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### ट्रक व कार की भिड़ंत, चालक घायल

**सरदारशहर(निस)।** शहर के मेगा हाईवे पर गांव हरियासर घड़सोतान के पास कार व ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में कार चालक घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के पायलेट सुभाष सिहाग व ईएमटी संजय खीचड़ ने घायल को 108 एंबुलेंस के सहयोग से राजकीय उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर घायल को अस्पताल में भर्ती किया गया। जानकारी के अनुसार अमरपुरा चौक सूरतगढ़ निवासी ओमप्रकाश पुत्र देवाराम जाट उम्र 49 साल कार को लेकर सरदारशहर की तरफ आ रहा था कि हरियासर घड़सोतान गांव के पास ट्रक से टक्कर हो गई। जिससे वह घायल हो गया। फिलहाल राजकीय उपजिला अस्पताल में घायल का उपचार जारी है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों गाड़ियों को सड़क के साइड में करवाकर घायल के पर्चा बयान लेकर आगे की जांच शुरू कर दी।

# फलोदी में सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन सतर्कः आज रात 9 से सुबह 6 बजे तक लाइट बंद रखने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**(निसं.)**फलोदी में गुरुवार को कलक्टर हरजीलाल अटल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा शुक्रवार रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक अपने घरों, प्रतिष्ठानों और दुकानों की सभी लाइटें बंद रखें ताकि किसी भी स्थिति में दुश्मन को लोकेशन ट्रेस करने का मौका न मिले। बैठक में वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी विभागों को सतर्कता बरतने और तैयार रहने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाएं मजबूत की जाएं ताकि किसी भी संभावित स्थिति का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके। कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि अस्पतालों में दवाइयों, बेड, डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जनरेटर, ब्लड बैंक और फर्स्ट एड किट की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही एंबुलेंस सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहें और चालक हर समय तैयार अवस्था में रहें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देश दिए गए कि पंचायत स्तर तक सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए। ग्राम पंचायतों में ब्लैकआउट की स्थिति में क्या करना है, इसे लेकर आमजन को जागरूक किया जाए। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को चिह्नित स्थानों पर पानी के टैंकर तैनात करने के निर्देश दिए गए। सिविल डिफेंस टीम बच्चों और युवाओं को सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। जिला प्रशासन ने व्यापार संघों से भी सहयोग की अपील की है। गांवों और शहरी इलाकों के प्रमुख स्थानों पर हूटर और सायरन लगाए गए हैं, जिनके बजते ही सभी दुकानदारों और नागरिकों से लाइट बंद रखने को कहा गया है। सुरक्षा की गंभीरता को देखते हुए जिला कलक्टर ने जिले में कार्यरत सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की पूर्व में स्वीकृत छुट्टियां तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी हैं। बिना अनुमति कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड़ सकेगा। आदेश की अवहेलना करने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जिला कलक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को ब्लैकआउट से संबंधित राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों की ट्रेनिंग खुद लेने और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं।



## भारतीय सैन्य कार्यवाही ही पाक को सही जवाबः कीलक

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक ने प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय सेना से शौर्य की सराहना की है। किलक ने कहा कि जिस प्रकार से पहलगाम में मासूम लोगों को आतंकवादियों ने मौत के उतारा है, उसका समुचित बदला भारतीय सेना ने लिया है। किलक ने कहा कि आज पूरा देश भारतीय सेना, पीएम मोदी और रक्षा मंत्री के साथ खड़ा है और ऑपरेशन सिंदूर में देश की जनता सेना का हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है। कीलक ने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत की कार्यवाही की सराहना हो रही है और अन्य देश आतंकवाद को जवाब देने की प्रेरणा भारत से लेंगे।



## एफसीआई के बाहर धरना दूसरे दिन भी जारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एफसीआई गोदाम में वाहन चालकों से ली गई रिश्वत राशि वापस अदा करने, शोचालय व प्रसाधनों का उपयोग वाहन चालकों के लिए सुनिश्चित करने तथा पेयजल की व्यवस्था करने की मांगों को लेकर वाहन चालकों का धरना शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने का नेतृत्व कर रही अमृता चौधरी ने बताया कि एफसीआई के अधिकारी आए थे और वार्ता करके चले गए, लेकिन ठेकेदार रिश्वत राशि वापस देने के लिए तैयार है, लेकिन वो आधी राशि वापस दे रहा है, बाकी राशि के लिए कोई हां नहीं भर रहा है, जिसके कारण धरना जारी है। धरने पर बृजमोहन पचार, श्यामसिंह, कालूराम, आशुसिंह, रामचंद्र, विजयपाल श्योराण, रतनलाल नायक, तिलोकचंद मेघवाल आदि मौजूद रहे। वहीं एफसीआई के बाहर लोडेड वाहनों की कतार भी नजर आई। सोचने वाली बात ये है कि रिश्वत का खुल्ला खेल सामने आने के बाद भी सुजानगढ़ में बड़े राजनीतिक दलों के किसी भी नेता का बयान सामने नहीं आया है और न ही किसी नेता ने इस प्रकार को भ्रष्टाचार को रोके जाने की मांग सरकार से की है। जो सुजानगढ़ की राजनीतिक में सक्रिय लोगों की भूमिका पर सवालिया निशान लगाता है। खासकर उन लोगों की भूमिका पर जो जनता के पास वोट मांगने के लिए आते हैं।

## महाराणा प्रताप की जयंती मनाई, राष्ट्रीय राजमार्ग पर शरबत पिलाई



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित ख्याली शेखावतान के बस स्टैंड पर लोगों को शरबत पिलाकर महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। यहां एडवोकेट योगेन्द्रसिंह शेखावत ख्याली ने बताया कि डॉ लखेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, करणी सिंह, हुक्म सिंह, रघुवीर सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, संजय सिंह, रोमिल सिंह, दीपेन्द्र सिंह, भोजराम सिंह, मोहर सिंह, हरदयाल सिंह, बंटी सिंह, श्याम सिंह, भैरू सिंह, लोकेंद्र सिंह, पवन सिंह, देवेंद्र सिंह, कार्तिक सिंह, जितेन्द्र सिंह आदि सहित युवाओं ने वाहनों में सवार यात्रियों को शरबत, नींबू जल आदि शीतल पेय पदार्थ पिलाकर महाराणा प्रताप की जयंती मनाई। डॉ लखेंद्र सिंह ने सभी को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस मौके पर युवाओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। एडवोकेट योगेन्द्रसिंह शेखावत ख्याली ने बताया कि सबसे पहले यहां महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके उन्हें याद किया गया। सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने और जन सेवा करने का संकल्प लिया।

## जयपुर में पिस्तौल लहराकर बनाया डांस वीडियोः पुलिस ने दबोचा, पकड़े जाने पर गिड़गिड़ाए बदमाश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर के करधनी थाना इलाके में दो युवकों द्वारा पिस्तौल लहराते हुए डांस वीडियो बनाना उन्हें भारी पड़ गया। ऑपरेशन आग के तहत पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और दोनों को अवैध हथियारों के साथ धर दबोचा। डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाने की स्पेशल टीम में तैनात कांस्टेबल बाबूलाल को एक वीडियो हाथ लगा, जिसमें एक युवक पिस्तौल के साथ डांस करता दिख रहा था। वीडियो की जांच के बाद आरोपी की पहचान परविन्द्र सिंह के रूप में हुई, जिसे नारायण सिटी से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को परविन्द्र की तलाशी में एक मैगजीन और कारतूस मिले। पूछताछ में परविन्द्र ने खुलासा किया कि हथियार उसके दोस्त अतुल सिंह का है। इसके बाद पुलिस ने अतुल सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। अतुल के पास से भी एक पिस्टल, मैगजीन और दो कारतूस बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान जब पुलिस ने वीडियो और हथियारों के बारे में पूछा तो परविन्द्र हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाने लगा और माफी मांगने लगा। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि ये अवैध हथियार कहां से और कैसे लाए गए। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
10 मई, 2025

## आपातकालीन परिस्थितियों के लिए 45 पुलिसकर्मियों को दिया ट्रायेज प्रशिक्षण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में 45 पुलिसकर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार और घायल व्यक्तियों की प्राथमिकता के अनुसार पहचान व सहायता के लिए ट्रायेज प्रणाली का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने प्रशिक्षण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण पुलिस जवानों व चिकित्सा कार्मिकों के अनुभव व कार्यकुशलता में वृद्धि करेगा। इस प्रकार के प्रशिक्षण बेहतरीन आपदा प्रबंधन के लिए सहायक व जीवनरक्षक साबित होते हैं। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान घायल व्यक्तियों की गंभीरता के अनुसार प्राथमिकता तय कर सहायता पहुंचाने की जानकारी दी गई। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान ट्रायेज के प्रमुख चार वर्गों लाल, पीला, हरा और काला के बारे में बताते हुए मौके पर प्रदर्शन कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रायेज प्रशिक्षण में लाल टैग के अंतर्गत अत्यंत गंभीर घायल, जिन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होती है, पीले टैग में मध्यम स्तर के घायल, जिन्हें थोड़ी देर बाद इलाज दिया जा सकता है, हरे टैग में सामान्य रूप से घायल, जिनका इलाज सबसे बाद में किया जा सकता है और काले टैग में ऐसे व्यक्ति जो मृत हैं या जिनकी जीवित रहने की संभावना बहुत कम है, आदि आते हैं। पुलिस जवानों को आपातकालीन परिस्थितियों में घायलों की गंभीरता के अनुसार टैग किया जाकर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध करवाए जाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। राजकीय डीबी जनरल अस्पताल अधीक्षक डॉ दीपक चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों को आपातकालीन स्थितियों में घायलों को उनकी गंभीरता के अनुसार यथाशीघ्र अस्पताल पहुंचाकर बेहतरीन चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने की जानकारी दी। इस दौरान मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ एमएम पुकार, राजकीय डीबी जनरल अस्पताल अधीक्षक डॉ दीपक चौधरी व आरआई सतबीर मीणा ने पुलिस जवानों को आपातकालीन परिस्थितियों में विशेष सावधानियों, किए जाने वाले उपायों, चिकित्सकीय सहायता, प्राथमिक उपचार आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया। सीएमएचओ डॉ शर्मा ने बताया कि इसी क्रम में जिले के रतनगढ़ ब्लॉक में बीसीएमओ डॉ मनीष तिवाड़ी ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग के 45 प्रतिभागियों और डॉ सिवेंद्र सिंह राठौड़ ने गुरुवार को पुलिस व आरक्षी जवानों को ट्रायेज व सीपीआर प्रशिक्षण दिया।

## खाद्य उपायुक्त महावीर व्यास ने उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर बैठक में दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग उपायुक्त महावीर व्यास ने शुक्रवार को चूरू शहर व ग्रामीण क्षेत्र के उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया। डीएसओ साक्षी पुरी ने बताया कि निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने चूरू ब्लॉक के उचित मूल्य दुकानदारों से समीक्षा बैठक में चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बैठक में विभाग की ओर से चलाए जा रहे खाद्य सुरक्षा योजना में गिव अप अभियान के संबंध में चर्चा की व उचित मूल्य दुकानदारों को गिव अप अभियान का व्यापक प्रचार- प्रसार कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना में स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

## अजमेर रोड़ ऐलिवेटेड रोड पर किया जाएगा सडक नवीनीकरण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अजमेर रोड़ स्थित ऐलिवेटेड सड़क मार्ग पर अजमेर पुलिया से पुरानी चूँगी (मजार) एवं अजमेर पुलिया से श्याम नगर सब्जी मण्डी तक सड़क नवीनीकरण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि इस सड़क का नवीनीकरण कार्य दिनांक 11.05.2025 की रात्रि से शुरू कर दो फेज में किया जाना तय किया गया है, इस हेतु दिनांक 11.05.2025 की रात्रि 9.00 बजे से यातायात डायवर्जन की व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी प्रथम फेज में अजमेर रोड़ पुरानी चूँगी के समीप स्थित मजार से संजय टर्न जयपुर की ओर जाने वाली ऐलिवेटेड रोड़ पर सड़क नवीनीकरण कार्य किया जायेगा जिस दौरान ऐलिवेटेड रोड़ पर यातायात पूर्णतया: बन्द रहेगा एवं अजमेर रोड़ पुरानी चूँगी स्थित मजार से जयपुर जाने वाला समस्त यातायात ऐलिवेटेड रोड़ के नीचे से जयपुर की ओर जायेगा। द्वितीय फेज में संजय टर्न से भारत जोड़ो सेतु के मर्जिंग जंक्शन तक ऐलिवेटेड रोड़ पर सड़क नवीनीकरण कार्य के दौरान ऐलिवेटेड रोड़ पर यातायात पूर्णतया: बन्द रहेगा एवं ऐलिवेटेड रोड़ व भारत जोड़ो सेतु के मर्जिंग जंक्शन से श्याम नगर सब्जी मण्डी की ओर जाने वाला यातायात यथावत चलता रहेगा। तत्पश्चात् ऐलिवेटेड रोड़ पर भारत जोड़ो सेतु के मर्जिंग जंक्शन से श्याम नगर सब्जी मण्डी की ओर सड़क नवीनीकरण कार्य के दौरान सड़क को दो भागों में बॉटकर आधे भाग पर यातायात का समानान्तर संचालन करते हुए यातायात के साथ-साथ आधे भाग पर सड़क नवीनीकरण का कार्य किया जायेगा।

# खाद्य सुरक्षा में लाभार्थियों को जोड़ने की रफ्तार धीमी

### साढ़े तीन महीनों में 18,998 आवेदन, स्वीकृति केवल 32 को मिली

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं जिले में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को जोड़ने की प्रक्रिया बेहद धीमी गति से चल रही है। पिछले साढ़े तीन महीनों में 78,549 लोगों के लिए 18,998 आवेदन प्राप्त होने के बावजूद अब तक केवल 32 राशन कार्ड ही योजना से जुड़ पाए हैं। यह आंकड़ा कुल आवेदनों का एक प्रतिशत से भी कम है। खाद्य सुरक्षा योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया तीन स्तरों पर आधारित है, जिसमें एसडीएम, वीडीओ और ईओ शामिल हैं। पहले चरण में एसडीएम प्रारंभिक जांच के बाद फॉर्म वीडीओ/ईओ को भेजते हैं। दूसरे चरण में वीडीओ/ईओ की कमेटी जांच कर रिपोर्ट एसडीएम को सौंपती है। अंतिम चरण में एसडीएम रिपोर्ट की पुष्टि कर स्वीकृति देते हैं। जिला रसद अधिकारी निकिता राठौड़ के अनुसार प्रिंटिंग की सुविधा अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिसे जल्द ही शुरू किया जाएगा। जिले से 18 हजार से अधिक फार्म आए हैं और सभी की जांच प्रक्रिया जारी है।




### पहले चरण से अंतिम स्वीकृति तक अटके आवेदन

आंकड़ों पर गौर करें तो पहले चरण में 9,688 राशन कार्ड जांच कर दूसरे स्तर के लिए भेजे गए। दूसरे स्तर पर इनमें से केवल 5,464 की जांच हो पाई और उन्हें तीसरे स्तर तक पहुंचाया गया। तीसरे स्तर तक जांच में 1,306 कार्ड सही पाए गए, लेकिन अंतिम स्वीकृति केवल 32 कार्डों को ही मिल सकी है। जिन 32 लाभार्थियों के कार्ड स्वीकृत हुए हैं, वे भी अभी तक अपना खाद्य सुरक्षा प्रमाण पत्र डाउनलोड नहीं कर पाए हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृति की रफ्तार और भी धीमी

ग्रामीण इलाकों में भी फार्मों को स्वीकृति देने की गति अत्यंत निराशाजनक है। उदयपुरवाटी से सबसे अधिक 1,959 आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन एक भी फॉर्म स्वीकृत नहीं हो सका। इसी प्रकार, नवलगढ़ ग्रामीण से 1,945 फॉर्म आए और वहां भी स्वीकृति शून्य रही। झुंझुनूं शहर से आए 1,525 फार्मों में से केवल एक को स्वीकृति मिली है।

### मंडावा एसडीएम की सबसे तेज गति

जिले के विभिन्न उपखंडों में अधिकारियों की कार्यप्रणाली में भी बड़ा अंतर देखने को मिला है। मंडावा एसडीएम ने सर्वाधिक 31 फॉर्म पास किए हैं, जबकि झुंझुनूं एसडीएम केवल 1 फॉर्म को ही स्वीकृति दे पाए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि लगभग 4,000 फॉर्म ऐसे हैं जो संबंधित अधिकारी की आईडी पर तो दिखाई दे रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी जांच किस अधिकारी की ओर से की जानी है। शहरी क्षेत्रों में भी आवेदकों को निराशा हाथ लगी है। बगड़ से 225, नवलगढ़ से 816, पिलानी से 328 और सूरजगढ़ से 272 फॉर्म प्राप्त हुए, लेकिन स्वीकृति का आंकड़ा यहां भी लगभग शून्य है। झुंझुनूं शहर से आए 1,525 फार्मों में से सिर्फ एक को पास किया गया है। खाद्य सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण योजना की इस धीमी प्रगति ने जिले के जरूरतमंद लोगों के लिए चिंताएं बढ़ा दी हैं।

## विधि रचनाकार परीक्षा में चूरू का बजा डंका, नोमिका को तीसरी व जैस्मीन को पांचवीं रैंक

**आरपीएससी ने घोषित किया विधि रचनाकार परीक्षा का परिणाम, एक बार फिर छाए विधि सत्संग के युवा**







जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** विधि व न्याय से जुड़ी परीक्षाओं में चूरू के युवाओं का परचम जारी है। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से घोषित विधि रचनाकार परीक्षा परिणाम में चूरू की नोमिका सहारण को तीसरी और जैस्मीन खान को पांचवीं रैंक मिली है। जिला मुख्यालय स्थित पोक्सो कोर्ट में विशिष्ट लोक अभियोजक राकेश सहारण व अंजना देवी की बेटी नोमिका ने परीक्षा में तीसरी रैंक हासिल की है। नोमिका ने अपने चयन का पूरा श्रेय ईश्वर व गुरुदेव महावीर सिंह यादव के आशीर्वाद, विधि सत्संग संस्था, अपने माता-पिता, गुरुजनों, संयुक्त विधि परामर्शी महेशचंद्र यादव, आरजेएस चंद्रशेखर पारीक व एएलआर महेंद्र सैनी के मार्गदर्शन को दिया है। इसी प्रकार एडवोकेट साजिद खान व शिक्षक नसीम बानो की बेटी जैस्मीन खान ने परीक्षा में पांचवीं रैंक हासिल की है। जैस्मीन ने अपने चयन का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों, विधि सत्संग संस्था, आरजेएस चंद्रशेखर पारीक व एएलआर महेंद्र सैनी को दिया है। एएलआर महेंद्र सैनी ने बताया कि इससे पहले आरजेएस, एपीपी, विधि अधिकारी, लॉ मैनेजर सहित विभिन्न पदों पर चूरू के युवाओं का बड़ी संख्या में चयन हुआ है। विधि रचनाकार पद के सिर्फ 9 पदों की भर्ती थी, जिसमें से दो युवाओं का चूरू से निकलना बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि विधि सेवाओं के क्षेत्र में यह एक बेहतरीन पद है। राजस्थान सरकार के जयपुर स्थित सचिवालय में ही इस सेवा में पदस्थापन होता है। सैनी ने इस अवसर पर चूरू के लोहिया कॉलेज में विधि के प्रवक्ता रहे महावीर सिंह यादव का स्मरण किया और कहा कि उनके आशीर्वाद से विधि व न्याय के क्षेत्र में चूरू के युवाओं की धूम है।

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने भारतीय सेना के कुशलक्षेम व विजय के लिए किया हनुमान चालीसा पाठ

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** पुरानी सड़क पर स्थित श्रीराम मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओ ने भारतीय सेना के कुशलक्षेम व विजय के लिए सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ कर हनुमान महाराज से भारत की विजय के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओ ने तिरंगा झण्डा लेकर भारत माता की जय वंदे मातरम् अखण्ड भारत राष्ट्र जैसे नारो से मंदिर प्रागण में जोरदार उद्घोष किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से पोषित किए हुए आतकवाद से पूरी दुनिया में खुन खराबा हो रहा है। पहलगांव में हमारे देश के निर्दोष नागरिको को धर्म के आधार पर मौत के घाट उतार दिया गया जिसके विरूद्ध भारतीय सरकार ने हमारे सशस्त्र सेनाओं को आतकवाद के खिलाफ खुली छूट दी जिससे विश्व को आतकवाद से मुक्त करवाया जा सके। परन्तु पाकिस्तान अपनी हरकतो से बाज नही आ रहा जिसके फलस्वरूप हमारी वीर सेना उसका मुहतोड़ जबाब दे रही है। इस संदर्भ में हम सब भाजपा कार्यकर्ताओ ने श्रीराम मंदिर में सेना को सफलता मिले और हमारी सेना विजय हो इसके लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम में बोलते हुऐ राष्ट्रिय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत ने कहा कि जिस प्रकार भारत ने आतंकवादियों के ठिकानो पर कुशलतापूर्वक प्रहार कर विजय प्राप्त की है इससे हम सब भारतीयों का मस्तक गर्व से उंचा हो गया है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुशल कुटनिति व रणनिति का परिणाम है कि आज देश को दुनियां के सभी बड़े देशो का समर्थन मिल रहा है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी एवम् मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र राकसिया ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि देश के सभी लोग भारत की वीर सेनाओं के प्रति आशान्वित है कि हम दुनियां से आतकवाद का नामोनिशान मिटा देगे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, नेताप्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, सुशील लाटा, सी.पी.शर्मा, दिनेश शर्मा, विजय शर्मा, पार्षद भागीरथ सेनी, राकेश दाधीच, रवि दाधीच कैलाश शर्मा, श्रीराम पीपलवा, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक सुरेश मिश्रा, राजीव शर्मा, विजय बाल्मिकी, संजय रक्षक , सुनील भाउवाला, ओम इन्दोरिया, कपील चंदेल, तेजपाल शर्मा, आकाश सैनी, अभिषेक सैन, सुभाष प्रजापत, किशन किरोड़ीवाल, कमल सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### थाना प्रभारी ने की भड़काऊ पोस्ट नही करने की अपील

## भड़काऊ वीडियो-फोटो शेयर करने पर युवक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की पुलिस ने भारत पाकिस्तान सीमा पर बने मौजूदा तनाव के संबंध में भड़काऊ वीडियो फोटो शेयर व पोस्ट करने वाले बजरांगसर निवासी युवक 22 वर्षीय आसिफ खान पुत्र उम्मेद खान साबखानी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि साइबर डेस्क टीम की ओर से भारत-पाकिस्तान सीमा पर बने मौजूदा तनाव के हालात के मध्य नजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार टेक्निकल गस्त की जा रही है। इस दौरान संज्ञान में आया कि एक युवक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भारत-पाकिस्तान सीमा पर बने मौजूदा तनाव के संबंध में भड़काऊ वीडियो फोटो लाइक शेयर व पोस्ट कर रहा था। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक का पता लगाया गया और मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बजरांगसर निवासी 22 वर्षीय आसिफ खान पुत्र उम्मेद खान साबखानी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने कहा कि सभी से अपील की जाती है कि भारत पाकिस्तान सीमा पर मौजूदा तनाव के हालात बने हुए हैं। ऐसे हालात के मध्य नजर सभी भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस संबंध में कोई भी भड़काऊ, सांप्रदायिक सौहार्द, देश विरोधी, सेना की कार्रवाई, सेना के मूवमेंट से संबंधित कोई वीडियो फोटो लाइक शेयर व पोस्ट करता है तो उसके विरुद्ध भारतीय विधि अनुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## कबूतरबाज ने जापान में अच्छी सेलेरी के नाम पर 10 लाख ठगे

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विदेश में अच्छी सेलेरी दिलवाने के नाम पर लाखों की ठगी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है और छापर थाने में तीन लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज शुरू किया गया है। पुलिस को अमित जांगिड़ पुत्र बुद्धम जांगिड़, निवासी छापर ने रिपोर्ट देकर बताया है कि मेरे पिताजी के मित्र के मार्फत मेरी मुलाकात उमाशंकर स्वामी पुत्र साध सोहनलाल स्वामी, निवासी माताजी मंदिर की गली नया बास सुजानगढ के साथ हुई। उमाशंकर स्वामी ने बताया कि मेरी जापान में रॉयल ग्लोबल ट्रेडिंग गाडोकेशा के नाम से कंपनी है। आप मुझे अगर 10 लाख दोगे, तो आपको कागजात बनवाकर जापान में मेरे यहां काम पर रख लूंगा और ढ़ाई लाख रूपए येन जापानी मुद्रा की सेलेरी प्रतिमाह देने की बात कही। जिस पर मैंने कहा कि आप कंपनी के अधिकारी से बात तो करवाओ। इस पर उमाशंकर स्वामी ने अपने स्वयं के पुत्र गोविन्द और गोपालकृष्ण को ही कम्पनी का कानूनी अधिकारी बताते हुए व्हाट्स अप कॉल पर बात करवाई और उन्होंने मेरे दस्तावेज ईमेल से वहां मंगवाये और दोनों ने जापान बुलाकर ढ़ाई लाख येन प्रतिमाह देने की बात कही। जिस पर मैंने उनकी बातों पर भरोसा कर लिया और उनके बताए अनुसार दो अलग-अलग बैंक खातों में कुल 10 लाख 10 हजार रूपए भेज दिये। उसके बाद उपरोक्त कंपनी की सील लगा हुआ कॉन्ट्रेक्ट मुझे भेजा, जिसके अनुसार मैं तीन साल के लिए उक्त कंपनी में खाता व स्टॉक मैनेजर पर काम करने के लिए मुझे भेजा गया। प्रार्थी का कहना है कि जब मैं 22 नवम्बर 2024 को जापान स्थित कंपनी पर पहुंचा और वहां पर संविदा में तय काम की मांग की, जिस पर न तो आरोपियों ने मुझे तय काम लगवाया और न ही मुझे ढ़ाई लाख येन की सेलेरी दिलवाई गई। उल्टा मुझे ऐसा लगा कि ये किसी कंपनी के अधिकारी हैं ही नहीं। जापान में आर्थिक तंगी के कारण मुझे वापस 29 जनवरी 25 को भारत आना पड़ा। प्रार्थी ने पुलिस को बताया है कि तीनों आरोपियों ने एकराय होकर आपराधिक षड़यन्त्र रचकर मेरे से 10 लाख रूपए ले लिए और तय काम नहीं लगाया। प्रार्थी का कहना है कि आरोपी हाल ही में सुजानगढ़ में शादी समारोह में आए थे, जहां मैंने पैसों की मांग की, तो साफ इंकार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बॉर्डर पर झुंझुनूं से भेजी 6 फायर बिग्रेडः 23 फायरमैन और 6 ड्राइवर रवाना

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** सीमावर्ती इलाकों के हालात देखते हुए गुरुवार रात झुंझुनूं अग्निशमन विभाग ने 6 दमकल वाहन रवाना किए गए। जिले से कुल 6 दमकल गाड़ियों को बीकानेर के लिए रवाना किया गया है। इन गाड़ियों के साथ 23 फायरमैन और 6 प्रशिक्षित ड्राइवर भी भेजे गए हैं, जो किसी भी प्रकार की आगजनी या अप्रिय घटना से निपटने में सक्षम होंगे। जिला प्रशासन और अग्निशमन विभाग के संयुक्त निर्णय के तहत यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अन्य जिलों से भी बाड़मेर, जैसलमेर और फलोदी जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए दमकल वाहन भेजे गए हैं।




### रात 2 बजे रवाना हुआ काफिला

झुंझुनूं जिले के विभिन्न फायर स्टेशनों से दमकल गाड़ियों को एकत्र किया गया और बीती रात लगभग 2 बजे उन्हें बीकानेर के लिए रवाना किया गया। अग्निशमन अधिकारी बुलकेश भांबू ने बताया कि उच्चाधिकारियों से निर्देश मिलते ही तत्काल सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं और 6 दमकल गाड़ियों का काफिला रवाना कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इन गाड़ियों के साथ भेजे गए 23 अनुभवी फायरमैन में से 10 अकेले झुंझुनूं नगर परिषद से हैं। इसके अतिरिक्त, 6 कुशल ड्राइवर भी साथ गए हैं ताकि संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। दमकल गाड़ियों की यह तैनाती भी इसी व्यापक सुरक्षा तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### प्रशिक्षित टीम मोर्चा संभालेगी

बीकानेर भेजी गई फायर ब्रिगेड की टीम पूरी तरह से प्रशिक्षित है और उनके पास आपातकालीन स्थितियों से निपटने का व्यापक अनुभव है। अग्निशमन अधिकारी भांबू ने बताया कि विभाग मुख्यालय स्तर पर भी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। बीकानेर पहुंचने के बाद ये टीमें स्थानीय जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी। हालांकि झुंझुनूं जिले से 6 दमकल गाड़ियां बीकानेर भेजी गई हैं, लेकिन अग्निशमन विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि जिले में दमकल सेवाएं पूरी तरह से सक्रिय रहेंगी। किसी भी विशेष आवश्यकता को पूरा करने के लिए ऑप्शनल व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बगड़ क्षेत्र को छोड़कर, जिले के बाकी सभी फायर स्टेशनों पर अभी भी एक-एक अतिरिक्त दमकल गाड़ी मौजूद है, जो किसी भी आपात स्थिति का सामना करने के लिए पर्याप्त है।

### इन स्थानों से रवाना दमकल

गाड़ियां बगड़ से एक दमकल, पिलानी से एक दमकल खेतड़ी से एक दमकल मुकुंदगढ़ से एक दमकल नवलगढ़ से दो दमकलें।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।